वर्ष 72 अंक 304 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 01 अगस्त, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 08, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


अगर दुनिया के किसी भी कोने में होने वाले अन्याय पर तुम गुस्से से कांप उठते हो, तो तुम मेरे साथी हो।
–चे ग्वेवारा

**मालेगांव बम विस्फोटः** 17 साल बाद आया एनआईए की विशेष अदालत का फैसला

# प्रज्ञा और पुरोहित समेत सातों आरोपी बरी, कोर्ट ने कहा- पर्याप्त सबूत नहीं

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने 2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस में सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। बरी होने वालों में पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल हैं। 29 सितंबर 2008 को रमजान के दौरान मालेगांव में एक मस्जिद के पास मोटरसाइकिल में बंधे विस्फोटक से धमाका हुआ था, जिसमें 6 लोगों की मौत और 100 से अधिक घायल हुए थे। इस मामले की सुनवाई करीब 17 साल तक चली। अदालत ने स्पष्ट किया कि अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोटक जिस बाइक में रखा गया था, वह साध्वी प्रज्ञा की थी। उन्होंने 2006 में 'साध्वी' बनने के बाद सभी सांसारिक वस्तुओं का त्याग कर दिया था। बाइक के इंजन और चेसिस नंबर ब्लास्ट में नष्ट हो गए थे, जिससे स्वामित्व साबित नहीं हो सका। अभियोजन का दावा था कि कर्नल पुरोहित ने जम्मू-कश्मीर में पोस्टिंग के दौरान आरडीएक्स हासिल किया और उसे घर में रखा, लेकिन अदालत ने कहा कि ना तो कमरे का नक्शा पेश किया गया, ना ही फॉरेंसिक साक्ष्य विश्वसनीय रहे। अब अदालत ने कहा कि अबिनव भारत नामक संगठन, जिसे प्रज्ञा और पुरोहित से जोड़ा गया, ने आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन का प्रयोग किया, यह भी साबित नहीं हो पाया। अदालत ने कहा कि रमजान की वजह से उस समय इलाका बंद था, और यह स्पष्ट नहीं हो सका कि मोटरसाइकिल वहां कैसे पहुंची। ऐसा कहा गया कि इंदौर, उज्जैन और नासिक जैसे स्थानों पर साजिश रचने के लिए बैठकें हुई थीं, लेकिन ऐसी बैठकों का कोई विश्वसनीय प्रमाण अदालत में पेश नहीं किया जा सका। अदालत ने यह भी पाया कि जांच अधिकारियों ने फोन रिकॉर्ड की जांच के लिए अनुमति नहीं ली थी। अभिनव भारत मामले में पुरोहित, राहिरकर और उपाध्याय के बीच कुछ वित्तीय लेनदेन के प्रमाण तो मिले, लेकिन यह साबित नहीं हो सका कि उस धन का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों में किया गया था। अदालत ने आदेश दिया कि ब्लास्ट में मारे गए 6 लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा दिया जाए।


प्रज्ञा ठाकुर


लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित

### 'संदेह मजबूत, साक्ष्य नहीं'

विशेष जज ए.के. लाहोटी ने फैसले में कहा कि अभियोजन कोई ठोस और सुसंगत साक्ष्य पेश नहीं कर सका। संदेह की गुंजाइश मजबूत है, लेकिन केवल संदेह के आधार पर सजा नहीं दी जा सकती। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन नैतिक आधार पर दोषसिद्धि नहीं की जा सकती। वित्तीय लेनदेन के प्रमाण मिले, लेकिन यह साबित नहीं हो सका कि उस धन का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों में किया गया। मोटरसाइकिल का स्वामित्व भी साबित नहीं किया जा सका।


### गवाह पलटे, कई हुए 'होस्टाइल'

मामले में कुल 323 गवाहों को पेश किया गया, जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए, जबकि 30 गवाहों की मौत ट्रायल से पहले ही हो गई। कई गवाहों ने अदालत में कहा कि उनसे जबरन बयान लिए गए और एनआईए ने टॉर्चर किया। कोर्ट ने इन गवाहों के खिलाफ झूठी गवाही के लिए कोई कार्रवाई नहीं की।

### पीड़ितों के परिजन जाएंगे हाई कोर्ट

पीड़ित के परिवारों ने विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ बॉम्बे उच्च न्यायालय जाने का फैसला किया है। पीड़ितों के वकील शाहिद नवीन अंसारी ने फैसले को चुनौती देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि एनआईए और सरकार दोनों इस केस में विफल रही हैं। वे हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

**हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगेः** मालेगांव ब्लास्ट में मारी गई एक बच्ची के पिता लियाकत शेख ने कहा, 'गलत हुआ हमारे साथ। उनको सजा होनी थी। हेमंत करकरे साहब ने उनको सबूत के साथ पकड़ा था। अगर उन्होंने नहीं किया तो किसने किया। उनको पकड़ना चाहिए, उनको सज़ा मिलनी चाहिए। अब आगे सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। मेरी दस साल की बच्ची शहीद हुई थी। वह वड़ा पाव लाने के लिए गई थी, मैं घर में बैठा था। तभी धमाका हुआ था।



दिव्या देशमुख, भारत की पहली विमेन्स वर्ल्ड कप चेस चैंपियन

## दलबदल करेगा लोकतंत्र को कमजोरः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दल-बदल को लेकर बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि ये मुद्दा देश भर में बहस का विषय रहा है और यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया तो ये लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद में कई नेताओं के भाषणों का हवाला देते हुए कहा, 'विधायक-सांसद की अयोग्यता तय करने का अधिकार स्पीकर को इसलिए दिया गया, ताकि अदालतों में वक्त बर्बाद न हो और मामला जल्दी सुलझ जाए।' सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 10 विधायकों के दल-बदल और उनकी अयोग्यता के मामले में सुनवाई करते हुए यह बात कही।

**ट्रंप का ट्रेडवॉर :** अब भारत को बताया 'डेड इकोनॉमी' कहा-

# भारत और रूस साथ में डूबें, मुझे नहीं पड़ता फर्क

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार दूसरे दिन भारत के खिलाफ हमला किया। बुधवार को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद उन्होंने भारत को 'डेड इकोनॉमी' बताते हुए साफ कहा कि भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्थाएं लेकर डूबें, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। ट्रंप ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि भारत, रूस के साथ व्यापार कर रहा है और अमेरिका के हितों को नुकसान पहुंचा रहा है।



### सही नहीं है ट्रंप का दावा

डेड इकोनॉमी कोई आधिकारिक शब्द नहीं है, लेकिन इसका आशय उस स्थिति से है जब किसी देश की आर्थिक गतिविधियां लगभग ठप हो जाती हैं। भारत की वर्तमान आर्थिक स्थिति देखें तो यह दावा कमजोर है। आईएमएफ और विश्व बैंक की रिपोर्टों के अनुसार भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। 2025 की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.3 फीसदी रही।

### राहुल गांधी ने साधा निशाना

नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा और ट्रंप के बयान को सही ठहराया है। उन्होंने कहा, पीएम और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत डेड इकोनामी है। ट्रंप सही कह रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता ट्रंप की ही शर्तों पर होगा और पीएम मोदी वही करेंगे, जो अमेरिकी राष्ट्रपति कहेंगे।

### भारत राष्ट्रीय हितों को लेकर प्रतिबद्ध : पीयूष गोयल

अमेरिका के 25 फीसदी टैरिफ पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में बयान दिया है। पीयूष गोयल ने कहा कि भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और हम राष्ट्रीय हितों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हमारे निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है। अमेरिका और भारत के बीच चार दौर की बैठक हुई। वर्चुअल बैठक भी हुई और बातचीत जारी है। वैश्विक विकास में भारत का योगदान 16 फीसदी है और हमारे निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है।

**मोदी कैबिनेट के 6 फैसलेः** किसान संपदा का बजट 6,520 करोड़ रुपए किया

# 5,451 करोड़ में बनेगी इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक के बारे में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 'मोदी कैबिनेट की बैठक में 6 अहम फैसले लिए गए हैं। इनमें 2 किसानों और खाद्य से जुड़े हैं। वहीं चार फैसले उत्तर-पूर्व रेलवे नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए हैं।कैबिनेट ने 4 रेलवे लाइनों के लिए 11,168 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इसमें इटारसी से नागपुर चौथी रेल लाइन के लिए 5,451 करोड़ रुपए दिए गए हैं। वहीं, अलुआबाड़ी रोड से न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे लाइन के लिए 1,786 करोड़, छत्रपति संभाजीनगर-परभानी रेलवे लाइन दोहरीकरण के लिए 2,179 करोड़ और डंगोआपोसी-करौली रेलवे लाइन के लिए 1,752 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना का बजट बढ़ाकर 6520 रुपए कर दिया गया है। इससे किसानों को फूड प्रोसेसिंग में फायदा मिलेगा। वहीं, नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) के लिए 2,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इससे सहकारी समितियों (कोऑपरेटिव सोसाइटीज) को मजबूत किया जाएगा। यह फंड सहकारी संस्थाओं को दिया जाएगा।

# ब्रिटेनः एयर ट्रैफिक में गड़बड़ी 100 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ब्रिटेन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में आई तकनीकी खराबी के कारण 100 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल की गई हैं साथ ही कई फ्लाइट्स में देरी हुई। इससे हजारों यात्री प्रमुख एयरपोर्ट्स पर फंसे रहे। दक्षिण इंग्लैंड स्थित नेशनल एयर ट्रैफिक सर्विस (एनएटीएस) के सेंटर में तकनीकी गड़बड़ी के चलते हीथ्रो, गैटविक, बर्मिंघम, मैनचेस्टर, कार्डिफ और एडिनबरा जैसे प्रमुख एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा। हालांकि एनएटीएस का कहना है कि यह तकनीकी समस्या सिर्फ 20 मिनट में ठीक कर ली गई, लेकिन इस दौरान पैदा हुई अव्यवस्था ने पूरे दिन का संचालन प्रभावित कर दिया है।

### लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट रुकी

एयर इंडिया की लंदन जाने वाली फ्लाइट एआई 2017 को दिल्ली एयरपोर्ट पर टेकऑफ से ठीक पहले रोकना पड़ा। विमान में तकनीकी खामी की आशंका के चलते पायलटों ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोटोकॉल के तहत टेकऑफ प्रक्रिया रोक दी और विमान को सुरक्षित तौर पर वापस पार्किंग बे में ले आए। यह फ्लाइट एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर बोइंग 787-9 विमान से संचालित हो रही थी। एयरलाइन के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया और अब विमान की सावधानीपूर्वक जांच की जा रही है।




## कुटमी धाम में आयोजित हो रहे झूलन उत्सव में उमड़ रही भक्तों की भीड़

**जागरण, सतना।** श्रावण मास के पावन अवसर पर कुटमी धाम आश्रम में चल रहे झूलन उत्सव एवं रुद्राभिषेक में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। यह कार्यक्रम कुटमी धाम के महंत स्वामी गुरु प्रसन्न दास महाराज के पावन सानिधता में चल रहा है। सदियों से बनी परंपरा का निर्वहन करते हुए महंत जी महाराज ने लोगों से आने की अपील की है। ब्रह्मलीन स्वामी रामलखन दास महाराज की पावन तपस्थली श्रीसिद्ध हनुमद्भजनाश्रम कुटमी धाम रामगढ़ में श्रावण मास के अवसर पर भगवान श्री सीता राम का दिव्य झूलन उत्सव चल रहा है। वही पर वृंदावन धाम से आये हुए कलाकारों द्वारा नित्य नइ नई झांकियों का दर्सन कराया जाता है। इस कार्यक्रम के आयोजक. स्वामी रामकृष्ण दास महाराज एवं समस्त क्षेत्रीय जन है। आश्रम के अधिकारी रामकिंकर दास महाराज एवं उमरिया आश्रम के अधिकारी स्वामी अयोध्या दास महाराज, कार्य सेवक शिवम तिवारी गौरव दुबे, विकाश त्रिपाठी,विवेक तिवारी, रमाशंकर मिश्र, कृष्णकुमार शर्मा, बाबा नौसा, नागेंद्र, कंधी भाई आदि लोगो ने भगवान के पूजन अर्चन में भाग लेकर भगवान को दिब्य झूला झुलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस सत्संग कि धारा को अक्षुण्य बनाने की सुखद परिकल्पना से समायोजित इस दिब्य कार्यक्रम में सपरिवार इष्टमित्रों सहित पधार कर पुन्य लाभ अर्जित करें। यह कार्यक्रम 5 अगस्त तक चलेगा।

## जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का पुर्नगठन

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सतना द्वारा कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अनुमोदन उपरांत जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का पुर्नगठन किया गया है। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सतना की आगामी बैठक अक्टूबर अथवा नवम्बर माह में आयोजित की जायेगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मुनीन्द्र त्रिपाठी सेवा निवृत्त कर्नल ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में कृपालपुर सतना के सेवा निवृत्त बिग्रेडियर देवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सहायक भर्ती अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर कर्नल गगन मल्होत्रा, जनसम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक उद्योग आरएल पाण्डेय, एकेएस यूनिवर्सिटी के प्रो हर्षवर्धन श्रीवास्तव, प्रेसीडेन्ट बार एसोसिएशन से एडवोकेट सुनील शर्मा, एडवोकेट अजय कुमार द्विवेदी, विधुई खुर्द अमरपाटन के भूतपूर्व सूबेदार राजेन्द्र सिंह और करही रोड उत्तरी पतेरी के भूतपूर्व सूबेदार राबेन्द्र सिंह को शामिल किया गया है।

## आईजी ने की अपराधों की समीक्षा



**जागरण सतना।** आईजी रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा जोन के सभी जिलों पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा एवं स्पेशल टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान लंबित अपराध मर्ग, चालान शिकायत राहत प्रकरण चिन्हित प्रकरण समंस.वारंट सड़क दुर्घटनाओ की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षको गुम बालक.बालिकाओं की दस्तायाबी के लिए जोन स्तर पर ऑपरेशन मुस्कान चलाकर अधिक से अधिक दस्तायाबी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीआईजी राजेश सिंह चंदेल एसपी रीवा विवेक सिंह एसपी सतना आशुतोष गुप्ता एसपी मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल एसपी सिंगरौली मनीष खत्री एसपी सीधी रविंद्र वर्मा एसपी मऊगंज दिलीप सोनी के अलावा सहायक लोक अभियोजन अधिकारी गण शामिल रहे।

## लिलहा विद्यालय में किया गया पौधारोपण

**जागरण सतना।** शासकीय प्राथमिक शाला लिलहा में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे लगाए गए इस पौधारोपण कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रजापति अतिथि शिक्षक शंकरदीन दाहिया सुमन कोल ममता रानी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# रामपुर विधायक विक्रम सिंह ने विधानसभा में उठाया नक्शा विहीन गांवों का मुद्दा

### जिले में 214 गांव हैं नक्शा विहीन, मंत्री ने जल्द ही नक्शे डिजिटलाइज्ड होने का दिया आश्वासन



**जागरण, सतना**

रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह ने जिले में नक्शा विहीन गांवों का मुद्दा विधानसभा में उठाया है। जिसमें मंत्री ने जल्द ही नक्शे डिजिटलाइज्ड करने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय कि सतना जिले में 214 राजस्व गांव नक्शा विहीन हैं। इनमें से 126 गांवों के नक्शों के डिजिटलाइज्ड कर भूकृलेख पोर्टल पर अपलोड की कार्रवाई की जा रही है। शेष 118 गांवों के नक्शे नहीं है। इनमें 90 गांवों के नक्शे डिजिटाइज्ड कर लिए गए हैं। बाकी गांवों की ग्राउंड ट्रूथिंग की कार्रवाई की जा रही है। यह जानकारी राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बीजेपी विधायक विक्रम सिंह के लिखित सवाल के जवाब में दी। दरअसल, रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की ने विधानसभा में सवाल उठाते हुए पूछा था कि सतना जिले के किन.किन गांवों का नक्शा नहीं है। साथ ही किन–किन गांवों के नक्शे बनाए जाने की कार्रवाई प्रचलन में है। इन गांवों के नक्शे कब तक तैयार हो जाएंगे। कृपया समय सीमा बताने की कृपा करें। विधायक ने राजस्व मंत्री से पूछा कि नक्शाविहीन गांवों में सीमांकन सहित राजस्व से जुड़े प्रकरणों को लेकर क्षेत्र के लोगों के सीमांकन और बंटवारे सहित अन्य प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पा रहा है, इससे लोग परेशान हो रहे हैं। साथ ही परिवारों में विवाद जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। सदन में जवाब देते हुए राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि जिले में नक्शा विहीन गांवों के डिजिटाइज नक्शे बनाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। मंत्री ने कहा समय सीमा बताना संभव नहीं है। इस पर विधायक विक्रम सिंह का समर्थन करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अध्यक्ष जी सतना का मैं प्रभारी मंत्री हूं इसलिए विक्की भाई की समस्या से मैं अवगत हूं। मैं जल्दी से जल्दी इसको करवाने का प्रयास करूंगा।

### जिले के इन गांवों का नहीं है नक्शा

सतना जिले के 214 गांव नक्शा विहीन हैं रामपुर बाघेलान तहसील में चोरमारी, झंड, गौहारी, सोनौरा कोटर तहसील में बिहराए खोहर बिरसिंहपुर तहसील में पडुहार, बरौ, मझगवां, हरदी, अकौना मजरा मेहुती, कुचमैला, कुवरी, नकेहली, सेमरहन कला, अगरा, गड़री,विहरिया, मझिगवां, पचौहा, ऐलिहाई एवं कोटर तहसील के बिहरा, खोहर, उजरौंधा, गुलवा, चोरबरी, झाली, दिदोध, रनेही, पैकोरा एवं करसरा। नागौद तहसील में आमा, कलावल जेरपाठा, खम्हरिया खुर्द,डुडहा, दुरेहा, दुर्गापुर, पांसी, बाबूपुर, मझियारी, मुगहर, रीहुल, रुनेही, रौड, शिवराजपुर, सिंहपुर, सितपुरा, उमरहाई, महेंद्रपुर, मड़ई, लोहादर, चितौधा, तिघरा, द्वारी कला, रैकरी, सुजावल, गडरी, हिनौती, डुडवा, सेमरी खुर्द एवं बांधा उर्फनवस्ता। उचेहरा तहसील में अकह, करही कला, गुढ़ा, गुढ़वा, गढौत, जिगनहट, धनेह, पटिहट, पथरौंधा, पिथौरावाद, पोडी, बांधी मौहार, बिहटा, भटनवारा, भरहुत, मतरी पतौरा, महाराजपुर, लौहरौरा, श्यामनगर, सहिजना उबारी और सेमरी, कोल्हुआ, डढ़िया, करीझिर, पतौड़ा, बधांव, रार, सोहरिहा एवं उचेहरा। मझगवां तहसील में तुर्रा, भरगवां, सेलौराए तागी, शहपुरा, चकर, वरुवा सेदुरी, लेदरा, अठवरही, सेहा लक्ष्मणपुर, पटिहर, ललितपुर और पत्तलिया। रघुराजगर तहसील में भरजुनाखुर्द, रामपुर चौरासी, लालपुर, सोहावल, भटगवां, शिवपुरवा, कूची, लमतरा, सतधार, सरिसताल, रमना और कैमा कोठार शामिल हैं।

# 256 गांवों में पहुंचा डेंगू रथ



**जागरण, सतना।** 1 से 31 जुलाई के बीच 256 गांव में डेंगू रथ के माध्यम से डेंगू के बारे में प्रचार–प्रसार किया गया। रथ के माध्यम से आशा कार्यकर्ता एएनएम सुपरवाइजर मेडिकल ऑफिसर आदि को देवों के बारे में जानकारी देते हुए आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया सीएमएचओ डॉ एलके तिवारी के निर्देशन में 1 जुलाई से शुरू हुए प्रचार प्रसार अभियान के तहत जिले के नागौर अमरपाटन रामनगर मैहर उचेहरा रामपुर बघेलान कोठी एवं मजगामा ब्लॉक के 256 गांव में डेंगू रथ का भ्रमण कराया गया। डेंगू रथ के माध्यम से ऑडियो का भी सहयोग लिया, गांव–गांव, वार्ड–वार्ड में डेंगू रथ पहुंचकर घरों के आसपास टायर कूलर पानी मिट्टी के बर्तन में से पानी को पलटी कर कर उसमें दवा का छिड़काव किया गया। इस दौरान पंपलेट फोल्डर एवं नारों के माध्यम से ग्रामीणों में जागरूकता फैलाई गई शहरी क्षेत्र सतना के विभिन्न वार्डों में भी डेंगू रथ घूमता रहा। नागौद के शहरी क्षेत्र मैहर के शहरी क्षेत्र वीरसिंहपुर जैतवारा अमरपाटन के शहरी क्षेत्र में भी डेंगू रथ लगातार एक माह तक प्रचार–प्रसार करता रहा। उल्लेखनीय 1 जनवरी से अभी तक आठ डेंगू कैसे रिपोर्टेड हुए हैं जिनमें से सात आईजीएम एवं एक एनएस वन है इसी प्रकार जनवरी से जुलाई माह तक मलेरिया के 56 पॉजिटिव केस आए हैं जो सभी स्वस्थ हैं डेरु के सूचना मिलने पर विभाग द्वारा तत्परता से प्रतिबंधात्मक करवाई पूर्ण की गई लार्वा सर्वे टेमी पास छिड़काव एवं फगुन की कार्रवाई तत्काल मौके पर जाकर की गई।

# बजरंग अखाड़ा नागौद में हुआ कुश्ती का आयोजन

**जागरण, उंचेहरा।** बीते दिनो बजरंग अखाड़ा नागौद द्वारा कुश्ती का आयोजन किया गया। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि परम्परागत खेलो को बढ़ावा देने की जरूरत है उस्ताद ने मंच से विस्तृत ढंग से जानकारी देते कहा कि 1905 में इस अखाड़े की शुरुआत हुई थी अखाड़े का संचालन उस्ताद रामेश्वर सिंह ने किया था तबसे अखाडे का संचालन लगातार हो रहा है। अखाड़ा की कमान उस्ताद बजरंग सिंह ने संभाली उसके पश्चात 2000 से उस्ताद जलपेंद्र सिंह अखाड़े की व्यवस्था देख रहे हैं अखाड़े का संचालन प्रतिदिन सुबह और शाम को निरन्तर होता है। अखाड़े का अधिकांश उपयोगी स्थल और वहां के मंदिरों का निर्माण दीपक सिंह के द्वारा कराया गया वही बाउंड्री वॉल गेट सेट जनप्रतिनिधियो और नगर परिषद के सहयोग से अखाड़ा परिसर में ओपन जिम की सौगात सांसद गणेश सिंह के द्वारा दी गई इसके साथ ही अखाड़े की अन्य सुविधाओ को बढ़ाने में पूर्व मंत्री विधायक नागेंद्र सिंह पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार अग्रवाल उदय प्रताप सिंह पार्षद कामाख्या कुमारी चंद्रिका कुमारी का भी अखाड़े के विस्तार में सहयोग रहा। दंगल में एस डी एम डॉ जे के वर्मा की खास मौजूदगी रही। कुश्ती जीतने वाले पहलवानो को आयोजन समिति ने पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस डी एम डॉ जे के वर्मा रहे विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतेंद्र सिंह चंदन अग्रवाल अरुण कुमार सिंह धर्मेंद्र सिंह अजय सिंह रमाकांत सोनी रवि प्रकाश पुरवार पूर्व पार्षद सुशील गुर्जर शानू सिंह जयप्रकाश गौतम रहे।



# सांदीपनि स्कूल बगहा के राम प्रसाद पटेल को सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

**जागरण, सतना।** शासकीय सांदीपनि उ मा वि बगहा के शिक्षक विनय कनौजिया ने बताया की आज संस्था में कार्यरत रहे भृत्य राम प्रसाद पटेल की अर्द्धवार्षिकी आयु 31 जुलाई को पूर्ण होने पर प्राचार्य अश्विनी कुमार पाठक व उपप्राचार्य आर पी मिश्र एवं समस्त स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी गई। इसमें संस्था के प्राचार्य से लेकर समस्त स्टाफ ने उनके कार्य की सराहना की और साल व श्रीफल देकर भावभीनी विदाई दी गई। अभिनन्दन पत्र का वाचन माध्यमिक प्रभारी प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार गर्ग ने किया और उनके जीवन मे प्रकाश प्राथमिक प्रभारी प्रधानाध्यापक धीरेंद्र शर्मा भास्कर पांडेय अरुणेन्द्र सिंह ओपी तिवारी राजेन्द्र सिंह प्रमोद सिंह कुंदन सिंह प्रियस सिंह डॉ प्रतिमा रानी सिंह श्रीमती मंजूलता पांडेय वंदना यादव अशोक त्रिपाठीए शिवाकांत मिश्रा विनय कनौजिया अखिलेश शुक्ल विवेक चन्द्र पांडेय राहुल कुशवाहा संतोष पांडेय बीरेन्द्र गौतम ने डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ रामायण विश्वकर्मा ने किया और आभार रामायण प्रसाद ने माना।



## कलबलिया सेवा सहकारी समिति रमेश चंद्र तिवारी अध्यक्ष मनोनीत



**जागरण सतना।** वीरसिंहपुर सेवा सहकारी समिति से कलबलिया सेवा सहकारी समिति बनने के बाद सभा की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से कलबलिया निवासी रमेश चंद्र तिवारी को सेवा सहकारी समिति कलबलिया के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। एवं कार्यकारिणी का भी प्रस्ताव पारित हुआ। जिसकी अग्रिम कार्यवाही के लिए शासन को संप्रेषित किया गया। सूत्रों के मुताबिक़ श्री रमेश चंद्र तिवारी पूर्व में भी वीरसिंहपुर सेवा सहकारी समिति के 10 वर्ष अध्यक्ष के पद पर सेवा दे चुके हैं। इस बीच सीईओ मझगवाए समिति प्रबंधकए समिति के समस्त सदस्य गणों की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई।

# दूषित भोजन-पानी बन रहा डायरिया का कारण, वायरल के मरीज भी बढ़े

### अस्पतालों की ओपीडी में मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी

**जागरण, रीवा।** मानसूनी सीजन की बीमारियां आम जनता पर भारी पड़ रही हैं। स्थिति यह है कि घर–घर में सर्दी–जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीज देखने मिल रहे हैं। दूषित भोजन–पानी डायरिया का कारण बन रहा है। अस्पतालों की ओपीडी में लंबी कतारें दिख रही हैं, बड़ी संख्या में ऐसे मरीज आ रहे हैं जो डायरिया और वायरल बुखार से पीड़ित हैं। इसके अलावा पीलिया और कान में फंगस मरीज भी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। सर्दी–खांसी के साथ बेचैनी और सांस फूलने की समस्या भी देखने मिल रही है। जिला अस्पताल सहित एसजीएमएच में यही नजारा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। तापमान गिरने के बाद मच्छर जनित रोगों का खतरा भी बढ़ गया है, भले ही रिकॉर्ड में डेंगू–मलेरिया के मामले कम हैं, लेकिन चिकित्सक सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।



**गले में कफ, बेचैनी की शिकायत :** चिकित्सकों ने बताया कि डायरिया के पेशेंट आ रहे हैं। इसके अलावा फीवर, गले में कफ, खांसी, बेचैनी की शिकायत भी मरीजों को है। सर्दी–खांसी के चलते सांस फूलने की समस्या भी मिडिल एज के लोगों में है। दूषित खाना और पानी से डायरिया की समस्या बन रही है। कुछ मामलों में टाइफाइड पीड़ितों में प्लेटलेट काउंट कम भी देखने मिले हैं, वहीं वायरल के मरीज भी आ रहे हैं।

**कमजोर होती है प्रतिरोधक क्षमता :** जिला अस्पताल के विशेषज्ञों की माने तो तापमान में बदलाव से प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए गरिष्ठ भोजन नहीं करना चाहिए। इस सीजन में मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू–मलेरिया से भी बचाव जरूरी है।

## अनुभूति फाउंडेशन का हरियाली संग्राम पौधारोपण का दूसरा चरण सम्पन्न

**सतना।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने हेतु सतत प्रयासरत अनुभूति फाउंडेशन द्वारा पौधारोपण अभियान का दूसरा चरण आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस चरण के अंतर्गत सोनौरा स्थित नगर वन क्षेत्र में 101 औषधीय एवं पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी पौधों का रोपण किया गया। गौरतलब है कि इससे पूर्व संस्था द्वारा विगत रविवार को नागौद.रीवा बायपास पर 1100 पौधों का वृहद वृक्षारोपण किया गया था। इस प्रकार अब तक कुल 1200 से अधिक पौधों का रोपण कर फाउंडेशन ने हरियाली संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम बढ़ाया है। फाउंडेशन के सचिव पीयूष गुप्ता ने जानकारी दी कि नगर वन में लगाए गए पौधों में बकैन, नीम, बेलपत्र, आँवला, बहेड़ा, मौलश्री, अमलतास एवं गुलमोहर जैसे पौधे सम्मिलित हैं, जो न केवल पर्यावरण को शुद्ध करने में सहायक हैंए बल्कि औषधीय गुणों से भरपूर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फाउंडेशन केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं हैए बल्कि इन पौधों की नियमित देखरेख एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर फाउंडेशन के सेवा मित्रों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

# पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को करवाया भोजन

**सतना।** वरिष्ठ समाजसेवी स्वण्गया प्रसाद त्रिपाठी की 19वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र अरुण त्रिपाठी बबलू राजेश त्रिपाठी नीलू एवं त्रिपाठी परिवार द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जिला चिकित्सालय में परिसर में संचालित सेवा संकल्प के माध्यम से भर्ती मरीजो व उनके परिजनों जरूरतमंदों को भोजन की व्यवस्था की गई। व उनके परिजनों उनके चाहने वालों ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की व उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान उनके पुत्र अरुण त्रिपाठी बबलू ने कहा कि हमारे पिता ने अपना संपूर्ण जीवन जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित कर दिया। सुदर्शन प्रसाद त्रिपाठी, अरुण कुमार त्रिपाठी बबलू शंकर लाल अग्रवाल सुरेश बड़ेरिया ऋषिकेश त्रिपाठी वीरेंद्र त्रिपाठी राजेश त्रिपाठी नीलू तरुण रैकवार रामकृष्ण त्रिपाठी सावंत त्रिपाठी धीरेंद्र त्रिपाठी प्रियंक त्रिपाठी आशीष त्रिपाठी सनत चाहत त्रिपाठी विक्रांत त्रिपाठी नमो त्रिपाठी देवांश त्रिपाठी सोम त्रिपाठी सानिध्य त्रिपाठी अन्नू अग्रवाल मनोज चौधरी वीरेंद्र दहिया एवं समाजसेवी समस्त त्रिपाठी परिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।



## सेवा संकल्प परिवार ने दी श्रद्धांजलि

**सतना।** सेवा संकल्प परिवार द्वारा आज दोपहर 2 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह शोकसभा स्वण् सुखेन्द्र गुप्ता षुड्डाष् की स्मृति में आयोजित की गईए जिनका हाल ही में आकस्मिक निधन हो गया था। उनके असमय निधन पर सेवा संकल्प परिवार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में सेवा संकल्प परिवार के सदस्यों सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्व सुखेन्द्र गुप्ता के मिलनसार स्वभाव एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुरेश बड़ेरिया राजकुमार शुक्ला, गिरीश अग्रवाल, सतीश वर्मा, पीडी कुचिया, रामावतार अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, श्याम लाल गुप्ता श्यामू अन्नू अग्रवाल, सतीश सचदेवा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# इंक्यूबेशन सेंटर द्वारा इंटरनशिप ड्राइव का सफल आयोजन

### 68 विद्यार्थियों का चयन 19 स्टार्टअप्स ने की हायरिंग

**जागरण, सतना।** सतना दृकलेक्टर सतना सतीश कुमार एस एवं ईडी सतना स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीणा के मार्गदर्शन में स्मार्ट सिटी इंक्यूबेशन सेंटर, सतना द्वारा इंटरनशिप ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें शहर के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य था कॉलेज छात्रों को इंडस्ट्री से जोड़ना, उन्हें स्टार्टअप कल्चर का अनुभव देना और वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर काम करने का मौका प्रदान करना। इस पहल से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ.साथ व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा, जिससे उनकी करियर ग्रोथ को मजबूती मिलेगी। इंटरनशिप ड्राइव में सतना के तीन प्रमुख कॉलेजों एकेएस यूनिवर्सिटी ,रामाकृष्ण कॉलेज, और विट्स कॉलेज से बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं शामिल हुए। कुल मिलाकर 450 से अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया, जिसमें से 300 छात्रों ने इंटरव्यू राउंड में हिस्सा लिया और 68 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्टार्टअप्स में हुआ। ड्राइव में सतना इंक्यूबेशन सेंटर से जुड़े 19 स्टार्टअप्स ने अपनी आवश्यकताओं के अनुसार इंटर्न्स की भर्ती की। ये स्टार्टअप्स थे स्काईन्क्यू, योरलैब, यूनिक.ई, वीस्टाइलयू, यूनिबाज़ार, एमएसयूवैच क्रिएटिव कैटलिस्ट, जंबूद्वीप रिसायकल, लोकल करो, दीपल उद्योग, बंबू वर्ल्ड, सवायसहील, ओएफएसएल टेक्नो सॉल्यूशंस प्रा लि ज़र्फ्ले नेस्ट ऑफमॉम्स, बाला, ट्यूटरबडीज़, पंपकिन कॉस्मेटिक्स, द ऑनलाइन एक्सपर्ट, कृषेष आउटफिट्स इन स्टार्टअप्स ने विभिन्न विभागों जैसे मार्केटिंग ग्राफिक डिजाइनिंग रिसर्च सोशल मीडिया कंटेंट राइटिंग डेवलपमेंट एडमिन आदि के लिए छात्रों का चयन किया। सभी चयनित विद्यार्थियों को स्मार्ट सिटी ई.गवर्नेंस मैनेजर दीपेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा औपचारिक अपॉइंटमेंट लेटर सौंपे गए। अपॉइंटमेंट लेटर वितरण समारोह में सभी सतना इनक्यूबेशन सेंटर से शांतनु सिंह परिहार , संजना सिंह, विष्णुकांत चौरसिया सहित स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और छात्रों को भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह इंटरनशिप ड्राइव युवाओं को रोजगार.पूर्व प्रशिक्षण देनेए उन्हें प्रोफेशनल वातावरण से परिचित कराने और स्थानीय स्तर पर टैलेंट को अवसर देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।



# बृजेन्द्र सिंह 6वीं बार अधिवक्ता संघ अध्यक्ष निर्वाचित



जागरण निर्वाचन

## त्रिकोणीय मुकाबले में मिली ऐतिहासिक जीत

### न्यायालय परिसर में बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

जागरण, सीधी

जिला अधिवक्ता संघ सीधी के निर्वाचन में बृजेन्द्र सिंह बघेल ने छठवीं बार निर्वाचित होकर इतिहास रच दिया। त्रिकोणीय मुकाबले में उन्होने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शत्रुध्न प्रसाद तिवारी को 106 मतों से शिकस्त दी। निर्वाचित अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह बघेल को 392 मत एवं निकटतम प्रतिद्वंदी शत्रुध्न प्रसाद तिवारी को 286 मत मिले। बताते चलें कि जिला अधिवक्ता संघ सीधी के निर्वाचन में अध्यक्ष पद के लिए आधा दर्जन उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमा रहे थे। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी एवं पूर्व अध्यक्ष मुनीन्द्र द्विवेदी को 137 मत, अरविंद शुक्ला को 87 मत, महेन्द्र सिंह को 17 मत एवं हारुन मंसूरी को 14 मत मिले। निर्वाचन के दौरान निरस्त मत पत्रों की संख्या 4 थी। वहीं कुल पड़े मतों की संख्या 927 थी। दरअसल आज सुबह 10 बजे से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन के लिए मतगणना का कार्य चुनाव अधिकारी एवं सहायक चुनाव अधिकारियों की देख-रेख में कड़ी चौकसी के बीच शुरू हुआ। मतगणना का कार्य शुरू होने के कुछ समय बाद ही रुझान मिलने शुरू हो गए थे। आरंभ से ही अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बृजेन्द्र सिंह बघेल के पक्ष में मतदान के आंकड़े आने शुरू हो गए हैं। जिसके चलते यह स्पष्ट होने लगा कि उनकी जाती लगभग सुनिश्चित है। इसी वजह से अध्यक्ष पद के अन्य उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच मायूसी छाने लगी। वहीं अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बृजेन्द्र सिंह के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ने लगी। निर्वाचन परिणामों की घोषणा होते ही अध्यक्ष पद के निर्वाचित उम्मीदवार बृजेन्द्र सिंह बघेल को बधाई देने वालों का तांता लग गया। फूल माला पहनाकर समर्थकों ने बधाई देते हुए अपनी खुशी का इजहार कर लिया। बाद में निर्वाचित अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह बघेल के चेंबर में भी बधाई देने वालों का तांता देर शाम तक लगा रहा। मीडिया से चर्चा के दौरान छठवीं बार निर्वाचित अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह बघेल ने कहा कि उनकी विजय में सभी समर्थकों अधिवक्ताओं का बड़ा योगदान रहा है। उनका हमेंशा से यह प्रयास रहा है कि वह अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्य करें। अधिवक्ताओं के हितों को देखते हुए जो कुछ कार्य अधूरे रहे हैं उनको भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाएगा। आने वाले समय में अधिवक्ताओं के हितों को देखते हुए विशेष कार्ययोजना तैयार कर उसको अमली जामा पहनाया जाएगा।





### अरविंद शुक्ला के चेंबर में मिठाई लेकर पहुंचे बृजेन्द्र सिंह



जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह बघेल चुनाव परिणाम की घोषणा होने के पश्चात अध्यक्ष पद के उम्मीदवार एवं वरिष्ट अधिवक्ता अरविंद शुक्ला के चेंबर में स्वयं मिठाई लेकर पहुंचे। अपने चेंबर में अरविंद शुक्ला ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह बघेल का आत्मीय स्वागत करते हुए हार्दिक बधाई दी। दोनो अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया।

### जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन में विजयी उम्मीदवार

जिला अधिवक्ता संघ सीधी के निर्वाचन में आज हुई मतगणना के पश्चात अन्य पदों के विजयी उम्मीदवारों के नामो की घोषणा भी की गई। उपाध्यक्ष पद के लिए मो. यूनुस सिद्दकी 275 मत पाकर निर्वाचित हुए। इनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनिल कुमार द्विवेदी को 262 मत मिला। उम्मीदवार प्रदीप कुमार सिंह बघेल को 197 मत एवं स्नेहलता तिवारी को 174 मत मिले।

### रवीन्द्र गौतम सचिव पद में की विजय हासिल

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में सचिव पद में रवीन्द्र गौतम ने विजय हांसिल किए हैं। जिन्होने 427 मत हांसिल किए वहीं दूसरे नंबर में राजेन्द्र जायसवाल को 396 मत मिले हैं। वहीं निरस्त मतों की संख्या 44 बताई गई है। रवीन्द्र गौतम को विजय मिलने के बाद बधाई देने वालों का तांता लगा रहा जिसमें वरिष्ट अधिवक्ता सुखेन्द्र द्विवेदी शत्रुघ्न तिवारी सहित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एड. पंकज पाण्डेय, संजय सिंह चौहान सहित अन्य अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किए हैं।

> जिला अधिवक्ता संघ सीधी के निर्वाचन के लिए 30 जुलाई को मतदान संपन्न कराया गया था। वहीं आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से मतगणना जिला न्यायालय परिसर में प्रारंभ हुई। मतगणना के पश्चात अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बृजेन्द्र सिंह बघेल को 392 मत मिले। वहीं निकटतम प्रतिद्वंदी शत्रुघ्न प्रसाद तिवारी को 286 मत मिले। इस प्रकार अध्यक्ष पद के लिए बृजेन्द्र सिंह बघेल 106 मतों से निर्वाचित घोषित किए गए। अन्य पदों के लिए भी निर्वाचन परिणामों की घोषणा की गई है।
>
> **ओपी श्रीवास्तव, निर्वाचन अधिकारी जिला अधिवक्ता संघ सीधी**

# अजय सिंह राहुल की अगुवाई में होगा बढ़ौरानाथ का अभिषेक

## कोलदहा घाट से जल लेकर पैदल प्रस्थान करेंगे भक्त



जागरण, सीधी। पवित्र श्रावण मास के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ बढ़ौरानाथ धाम में शिव जी का अभिषेक किया जाएगा। यह अभिषेक पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया के अगुआई में चुरहट परिवार के आयोजकत्व में हो रहा है। जिसमें जिले भर के कार्यकर्ता एवं शिवभक्त आज भगवान भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर होकर झूमते गाते बढ़ौरा नाथ स्वामी के दरबार में पहुंचेंगे जहां भोलेनाथ का अभिषेक होगा, इसके उपरांत भक्तजन श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर कोलदहा घाट से सोनभद्र का पवित्र जल संग्रह कर भक्तगण पदयात्रा कर बढ़ौरानाथ धाम पहुंचेंगे। कांग्रेस परिवार ने सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं भक्तजनों से विनम्र अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में कोलदहा घाट पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की जलाभिषेक यात्रा में सहभागी हों। शुक्रवार को सुबह 10 बजे से पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल शिव भक्तों के साथ कोलदहा पुल से प्रस्थान कर शिव मंदिर बढ़ौरा पहुंचकर जल अभिषेक करेंगे। चुरहट विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोग इस यात्रा में शामिल होंगे। विगत वर्ष अजय सिंह राहुल भैया के द्वारा शिव मंदिर चंदरेह में जल अभिषेक किया गया था। जहां भारी संख्या में शिव भक्तों ने अपनी सहभागिता निभाई थी।

## मुक्केबाजो ने जीते राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक



जागरण, सीधी। विगत 28 जुलाई से 29 जुलाई तक भोपाल शहर के टीटी नगर स्टेडियम मे अंडर 15 बालकब्बालिका चौथी सबजूनियर मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2025 का आयोजन मध्यप्रदेश बॉक्सिंग संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सयुंक्त तत्वाधान से आयोजित किया गया। जिसमें सीधी जिला बॉक्सिंग संघ एवं महाराणा प्रताप बॉक्सिंग एकेडमी छत्रसाल स्टेडियम सीधी के 6 मुक्केबाज बॉक्सिंग कोच आदर्श द्विवेदी के नेतृत्व मे सम्मिलित हुए। सीधी जिला बॉक्सिंग संघ से प्रशिक्षित 3 मुक्केबाज 33-35 किग्रा मे आसमांक यादव कास्य पदकए 37-40 किग्रा मे दिव्यांशु यादव रजत पदकए 43-46 किग्रा मे सागर जायसवाल कास्य पदक। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे अच्छा प्रदर्शन करते हुए पदक जीते है जो कि जिले के लिए गौरव का विषय है।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## नाबालिग से अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस के नेतृत्व में अमिलिया पुलिस द्वारा एक नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। दिनांक 26 जुलाई 2025 को थाना अमिलिया में एक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। मामला गंभीर होने से तत्काल धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना अमिलिया की एक विशेष टीम गठित कर बालिका की तलाश में सघन अभियान चलाया गया। दिनांक 27 जुलाई 2025 को बालिका को दस्तयाब कर धारा 183 बीएनएस के अंतर्गत न्यायालय प्रस्तुत किया गया। विवेचना में मामले में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराएं जोड़ी गईं। लगभग 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान मोहित बंसल उर्फसोनू बंसलए निवासी मड़रिया थाना कोतवाली सीधी उम्र 34 वर्ष के रूप में हुई। दिनांक 31 जुलाई 2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया। आरोपी के ऊपर पूर्व से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस, उनि इंद्राज सिंह, प्रआर राजेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, विक्रम सिंह, आरक्षक दीपेन्द्र, संदीप चतुर्वेदी तथा साइबर सेल सीधी के आरक्षक प्रदीप मिश्रा एवं कृष्णमुरारी द्विवेदी की भूमिका सराहनीय रही।

## वायरल हेपेटाइटिस जांच शिविर में मिले पॉजिटिव



जागरण, सीधी। जिले में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 28 जुलाई विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला सीधी में सीएमएचओ डॉ. बबिता खरे के मार्गदर्शन में जिला महामारी नियंत्रक डॉ. माधव पाण्डेय द्वारा हेपेटाइटिस नियंत्रण टीम लैब टेक्नीशियन, पियर सपोर्टर व आईसीटीसी केंद्र के साथ समन्वय कर जांच शिविर आयोजित कराया गया। जिसमे हेपेटाइटिस बीसी एवं एचआईवी की 74 हाई रिस्क ग्रुप एवं 12 जनरल पापुलेशन की टोटल 86 जांच हुई। हाई रिस्क ग्रुप में से 33 इंजेक्टेबल ड्रग यूजर कि हैपेटाइटिस बी और सी की जांच की गई जिसमे 7 हैपेटाइटिस सी पाजिटिव पाए गए एवं 38 फीमेल सेक्स वर्कर, 3 समलैंगिक की जांच की गई जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं आया। 30 जुलाई को जिला जेल सीधी में जेल अधीक्षक के सहयोग से हेपेटाइटिस नियंत्रण टीम और टीआई एनजीओ के साथ समन्वय स्थापित कर जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमे हेपेटाइटिस बी, सी एवं एचआईवी टीबी की 156 कैदियों की जांच हुई जिसमे हेपेटाइटिस बी 2 व हेपेटाइटिस सी 1 पॉजीटिव पाए गए। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि उक्त सभी पॉजिटिव मरीजों का वायरल लोड एवं बेसलाइन जांचे भी कराई गई।

## सरस्वती विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन



जागरण, सीधी। सरस्वती उच्च माध्य विद्यालय मड़रिया सीधी में आज विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अयोध्या प्रसाद तिवारी के अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर उन्हें सेवानिवृत्ति होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला सचिव एवं विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय सिंह परिहार, अध्यक्ष पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि द्वारिका प्रसाद गुप्त रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम शिरोमणि शर्मा ने कहा कि निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ता की जब आवश्यकता थी, तब आपने विद्या भारती में सेवा कार्य करते हुए इस विद्यालय को इस ऊंचाई तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किए हैं। लक्ष्मण सिंह ने उन्हें स्वस्थ जीवन की शुभकामना प्रदान किए। विजय सिंह ने कहा कि वास्तव में आचार्य ही सरस्वती शिशु मंदिर का प्राण है, आचार्य ही सरस्वती शिशु मंदिर की पहचान है, उनके आचरण और व्यवहार से लोग उन्हें प्रणाम करते हैं। शिक्षा समिति आपके कर्तव्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती है व प्रार्थना करती है कि आपका शेष जीवन सुखमय हो व अपने अनुभवों का लाभ समाज को देते रहें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार सिंह सहित पधारे हुए अतिथियों ने सेवानिवृत्त आचार्य को शाल, श्रीफल एवं चेक प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदियों की उपस्थिति प्रशंसनीय रही।

## सेमरिया में पदस्थ शिक्षक शान बहादुर सिंह हुए सेवानिवृत्ति

जागरण, सेमरिया। शासकीय कन्या गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया में सहायक अध्यापक शान बहादुर सिंह हुए आज 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्ति। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य हनुमान प्रसाद मिश्र ने इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। साथ ही विद्यालय प्राचार्य हनुमान प्रसाद मिश्र ने शान बहादुर सिंह के सेवाकाल की सराहना की, इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहें अनिक कुमार मिश्र प्राचार्य, अध्यक्षता रामनारायण पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि हरीश मिश्र अध्यक्ष आजाद अध्यापक संघ, अखण्ड प्रताप सिंह, जगन्नाथ मिश्र, दिनेश नापित, अवध राज मिश्र एवं राघवेन्द्र पाण्डेय, शिवनारायण पाण्डेय, रामनारायण त्रिपाठी, पुष्पराज पाण्डेय, अशोक सिंह, वीरेंद्र सिंह, मिथिलेश मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, राजेश कुमार दुबे, श्रीमती माया सिंह, श्रीमती मंजुलता अग्निहोत्री, श्रीमती मधुलिका सिंह, श्रीमती रमा सिंह, हीरालाल त्रिपाठी, प्रवीण कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, श्रीमती आशा अग्निहोत्री, रामकृपाल पाण्डेय, प्रमोद कुमार मिश्र, उमेश अग्निहोत्री, शिवांशु सिंह, अंजनी कुमार मिश्र, राजकुमार सिंह, ललिता केवट, रागिनी सिंह एवं छात्राएं और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# एग्री किंग ट्रैक्टरों का जोरदार प्रदर्शन के साथ शहर में रोड-शो



सीधी जागरण। शहर के गुलाब टावर में संचालित एग्री किंग ट्रैक्टर के अधिकृत डीलर जय सीताराम इंटर प्राइजेज के द्वारा ट्रैक्टरों के विभिन्न माडलों के प्रदर्शन के साथ रोड शो का आयोजन पडौरा से सीधी तक किया गया। इस अवसर पर अशोक सिंह बघेल (राज्य प्रमुख) ने ट्रैक्टरों के लम्बे काफिले को हरी झंडी दिखाकर रोड शो के लिये रवाना किया। वहीं श्री बघेल ने किसानों को जानकारी देते हुये ट्रैक्टरों की खासियत के बारे में बताया कि एग्री किंग को भारत सरकार से पेटेंट भी प्राप्त है। जो इसकी विश्वसनीयता को किसानों के प्रति और मजबूत व कृषि के लिये मजबूती प्रदान करता है। पेटेंट भारत सरकार के द्वारा दिया गया अधिकार है। यह अनोखा आविष्कार (पेटेंट 480107)सिर्फ एग्री किंग ट्रैक्टर ही इसका इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने बताया कि ये ट्रैक्टर कम डीजल में ज्यादा काम करता है। जिससे किसानों की लागत में भारी बचत होती है। इनका कहना है कि शहर में सीताराम इंटर प्राइजेज के प्रोपराइटर जानकी नंदन दुबे की यह अनोखी पहल है यह आयोजन किसानों की समृद्धि की दिशा में महत्व पूर्ण कदम है। इस मौके पर कंपनी से पधारे इंजीनियरों ने किसानों को ट्रैक्टरों की विशेषताओं के बारे में बताते हुये कहा कि भारतीय किसानों का 72 साल का भरोसा किर्लोस्कर के साथ एग्री किंग ट्रैक्टर किर्लोस्कर इंजन (मीटा एण्ड बॉस हाइ्रोलिक) स्टेंडर पीटीओ के साथ माल्टिस्पीड पेटेंट पीटीओ और रिवर्ष पीटीओ फलेट प्लेटफार्म साइड शिफ्ट गियर बाक्स एडजेस्टिबल फरेंट एक्सल फ्रंट बैटरी बॉक्स पेलेट्री ड्राइव 20 और 24 स्पीड गियर बाक्स सहित कई खूबियों के लिये यह ट्रैक्टर काफी ख्याति हासिल कर चुका है यही कारण है कि अन्य ट्रैक्टरों की अपेक्षा किसानों की पहली पसंद बना है। कार्यक्रम के अंत में प्रोपराटर जानकी नंदन दुबे ने किसानों को भरोसा दिलाते हुये कहा कि क्षेत्र में एग्री किंग की मांग को देखकर लगता है कि यह किसानों के भरोसे व लाभ का ट्रैक्टर है जो किसानों को कम खर्च में ज्यादा लाभ उपलब्ध कराता है।

# कस्तूरबा बाई कन्या छात्रावास में वार्डन की पिटाई से अस्पताल पहुंची छात्रा





जागरण, सीधी। कस्तूरबा बाई कन्या छात्रावास अमिलिया में वार्डन की पिटाई से 12 वीं कक्षा की एक छात्रा की तबियत बिगड़ने पर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमिलिया में भर्ती कराया गया । उपचार के बाद तबियत में सुधार होने पर छात्रा को छात्रावास में वापस लाया गया । यह जानकारी परिजनों को मिलने पर छात्रावास में पहुंचकर काफी देर तक हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमिलिया के प्रांगण में संचालित कस्तूरबा बाई कन्या छात्रावास में आज 12वीं कक्षा में पढ़ रही एक छात्रा छात्रावास में अपनी पढ़ाई कर रही है जहां वार्डन उर्मिला पटेल के द्वारा उसके साथ मारपीट करने का मामला सामने आया। बताया जाता है कि कस्तूरबा बाई कन्या छात्रावास अमिलिया में 12वीं की छात्रा ने वार्डन के बच्चे के गाल में सहलाया जिस पर वार्डन का बच्चा रोने लगा। वार्डन के द्वारा इसको लेकर छात्रा के साथ मारपीट की गई जिस पर छात्रा बेहोश हो गई। हायर सेकेंडरी अमिलिया के प्रधानाध्यापक कामता प्रसाद मिश्रा के द्वारा तत्काल छात्रा को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर उपचार के बाद छात्र की तबीयत सही होने पर छात्रावास दोबारा पहुंचा दिया गया जहां उसकी तबीयत ठीक बताई जा रही है।

### जिला कलेक्टर ने भेजी जांच टीम

जिला कलेक्टर को छात्रा के साथ मारपीट की जानकारी हुई तो उनके द्वारा सिहावल तहसील में पदस्थ तहसीलदार परम सुख बंसल को निरीक्षण के लिए भेजा गया। तहसीलदार के द्वारा मौके पर आकर पंचनामा तैयार किया गया। छात्रा एवं वार्डन का कथन भी लिया गया। साथ ही छात्रावास में रहने वाली छात्राओं से भी पूरी जानकारी प्राप्त की गई। छात्राओं के द्वारा बताया गया कि मैडम के द्वारा पहली बार हाथ उठाया गया है। फिलहाल छात्रा का स्वास्थ्य ठीक है। तहसीलदार छात्रावास में हो रही और गतिविधियों के बारे में भी जानकारी लिए जिस पर की छात्राओं ने एक साथ में बताया कि यहां प्रतिदिन दाल, चावल, रोटी, सब्जी सुबह शाम दी जाती है। मीनू के हिसाब से भोजन नहीं मिलता है।

## सार्वजनिक अवकाश हेतु आदि. कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

जागरण, सीधी। आदिवासियों के सांस्कृतिक पर्व विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त 2025 के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने हेतु आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तिलकराज सिंह उइके की विशेष मौजूदगी मे मप्र के राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर सीधी को ज्ञापन सौपा गया पत्र मे उल्लेख है कि मप्र देश का सर्वाधिक आदिवासी वाला राज्य है, जिसमे अलग-अलग आदिवासी समुदाय अपनी विशेष संस्कृति अनूठी परम्पराओ एवं रीति-रिवाजों के लिए अपनी एक अलग संवैधानिक पहचान रखते हैं, जिसे संक्षिप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने दिसंबर 1994 मे प्रतिवर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के मप्र मे वृहद स्तर पर हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाते आ रहे हैं। वर्ष 2019-20 मे मप्र की कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों के जन भावनाओ का सम्मान करते हुए 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था।

# पीसीसी सड़क पर संविदाकार ने कर दिया निर्माण कार्य

## तहसीलदार ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर किया निरीक्षण

### मामला तहसील रामपुर नैकिन के ग्राम भरतपुर का

जागरण, सीधी

जिले के तहसील रामपुर नैकिन के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरतपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के संविदाकार द्वारा पंचायत परिसर में बनी पीसीसी सड़क के ऊपर भवन का निर्माण कराकर आयुर्वेद औषधालय भरतपुर का रास्ता बंद कर दिया है। आयुष विभाग की बिना अनुमति एवं एनओसी लिए ही आयुर्वेद विभाग की भूमि पर संविदाकार ने मनमानी तरीके से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिसकी शिकायत जिला आयुर्वेद अधिकारी के द्वारा कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी से कर निर्माण कार्य पर रोंक लगाने एवं संविदाकार के ऊपर कार्यवाही करने की मांग की है। जिला आयुष अधिकारी के द्वारा की गई शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष मिश्रा के द्वारा स्वयं ग्राम पंचायत पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया गया एवं मौका मुआयना कर ग्रामीण जनों से जानकारी प्राप्त करने के बाद संबंधित ठेकेदार व ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव को समस्त दस्तावेज के साथ तहसील कार्यालय रामपुर नैकिन में तलब किया गया है। बता दें कि करीब 60-70 वर्ष पूर्व से संचालित आयुर्वेद हॉस्पिटल आसपास के मरीजों के उपचार का एकमात्र साधन है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में गरीब मरीज उपचार के लिए आते हैं। इस कारण आयुर्वेद हॉस्पिटल आने के दोनो तरफ पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। जिससे मरीजों को हॉस्पिटल तक पहुंचने के लिए कोई दिक्कत न हो। वर्ष 2013-14 में तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य श्रीमती आराधना पाण्डेय द्वारा परफार्मेंस ग्राम फंड से ग्राम पंचायत परिसर में स्थित सभी कार्यालयों के लिए पीसीसी सड़क का निर्माण चारों तरफ करवाया गया था। पंचायत परिसर में पर्याप्त शासकीय भूमि होने के बाद भी उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कर रहे संविदाकार के द्वारा आयुर्वेद हॉस्पिटल की ओर आने वाले रास्ते पर भवन निर्माण कराकर एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया गया है। एक ही परिसर में लोगों को आयुर्वेद हॉस्पिटल व पशु हॉस्पिटल जाने के लिए घूम कर जाना पड़ेगा। जबकि इसके पूर्व आयुर्वेद हॉस्पिटल से सीधे पीसीसी के रास्ते से पशु हॉस्पिटल पहुंच जाते थे। इतना ही नहीं संविदाकार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए जो मैदान आरक्षित था जिसमें झूला, फिसलपट्टी आदि खेलने के जो उपकरण लगे थे उनको हटाकर वहीं पर भवन का निर्माण कर दिया है। जिसके कारण आंगनवाड़ी के छोटे-छोटे बच्चों को खेलने तक का मैदान नहीं बचा है। जबकि ग्राम पंचायत परिसर के दक्षिणी ओर पर्याप्त स्थान और शासकीय भूमि थी। किंतु संविदाकार ने ऐसे स्थान पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करा रहे हैं। जिसके कारण आयुर्वेद हॉस्पिटल व आंगनवाड़ी केंद्र प्रभावित हो रहे हैं। आयुर्वेद विभाग की भी पंचायत परिसर में पर्याप्त जमीन थी। संविदाकार द्वारा यदि आयुर्वेद विभाग से अनुमति लेकर उक्त स्थान पर उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करते तो वहां बेहतर तरीके से भवन का निर्माण हो सकता था किंतु ठेकेदार ने मनमानी करते हुए अपनी सुविधानुसार निर्माण कार्य कराकर दो-दो शासकीय कार्यालयों को प्रभावित करने का कार्य किया है जो काफी निंदनीय है।





> जिला आयुष अधिकारी के द्वारा पत्र लिखकर उनकी भूमि एवं रास्ते पर निर्माण कार्य करने की शिकायत की गई थी। मैं गुरुवार को स्वयं भरतपुर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया हूं और संबंधित जनों से निर्माण संबंधी दस्तावेज तलब किया है। जल्द ही इस ओर ठोस कार्यवाही की जाएगी
>
> **आशीष मिश्रा, तहसीलदार रामपुर नैकिन**

> आयुर्वेद औषधालय भरतपुर की जमीन पर एवं हॉस्पिटल आने वाले रास्ते पर पिलर व गड्ढा खोदकर जबरन निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सीधी, जिला एवं जनपद पंचायत सीईओ, पुलिस चौकी पिपरांव से की गई है और अवैध निर्माण कार्य रोंकने की मांग की गई है।
>
> **डॉ. बैजनाथ प्रजापति प्रभारी जिला आयुष अधिकारी सीधी**

# पन्ना-सतना राष्ट्रीय राजमार्ग 39 की हालत खराब

## बड़े- बडे गढ्ढों में तब्दील हुई पूरी सड़क उसके बावजूद वसूला जा रहा है टोल टैक्स



**जागरण, पन्ना।** वर्तमान समय में मंडला से लेकर नागौद तक पन्ना सतना राष्ट्रीय राजमार्ग 39 की हालत बहुत ही खराब व जर्जर हो चुकी है पूरी सड़क में चलना मानो झूले मे झूलना लगता है सबसे अधिक चलने वाले मार्ग की दुर्दशा होने के बावजूद शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी जिला कलेक्टर को भी तवज्जो नहीं दे रहे हैं आए दिन मडला घाटी में जाम लगता है एवं दुर्घटना होती हैं लेकिन उसके बावजूद भैरव टेक घाटी की सड़क साइड शोल्डर नहीं बनाई जा रहे हैं जिससे घाटी में ट्रक,डंम्फर तथा बस पलट जाती हैं मोहन निवास से लेकर सकरिया एयरपोर्ट तक सड़क की हालत और भी बदतर है उसके बावजूद सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा है राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री शंकर लाल उक्त सड़क निर्माण के प्रभारी हैं लेकिन वह ना तो किसी का मोबाइल उठाते हैं और ना ही अधिकारियों के पत्रों का जवाब दे रहे हैं कलेक्टर द्वारा भी अनेकों बार पत्र लिखे गए लेकिन उसका भी उनके द्वारा जवाब नहीं दिया गया स्थानीय लोगों ने शासन प्रशासन से सड़क की शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# मत्स्य बाजार से 25 किलो मछली जब्त



**जागरण, पन्ना।** मत्स्य पालन विभाग की टीम द्वारा डायमंण्ड चौराहा पन्ना के मत्स्य बाजार में छापामार कार्रवाई कर कुल 25 किलो मछली लावारिस हालत में जब्त कर नीलामी की कार्यवाही संपन्न कराई गई। मत्स्य निरीक्षक एच.सी. विश्वकर्मा ने बताया कि आगामी 15 अगस्त तक बंद ऋतु की अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट प्रतिबंधित है। इस दौरान मत्स्य विक्रय, विनिमय और परिवहन पर प्रतिबंध लागू है। नियमों के उल्लंघन पर एक वर्ष का कारावास या 5 हजार रूपए जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित किए जाने का प्रावधान है।

# पंडित आनंद शुक्ला सीईओ जनपद पंचायत पन्ना की अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर दी गई विदाई




**जागरण, पन्ना।** पंडित आनंद शुक्ला सीईओ जनपद पंचायत पन्ना को अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उमराव सिंह मरावी सीईओ जिला पंचायत पन्ना ने आनंद शुक्ला जी का शाल श्रीफल एवं यादगार भेटो से सम्मानित किया शुक्ला जी की सेवाओं एवं कर्तव्य निष्ठ की चर्चा करते हुए मरावी जी ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी अधिकारी को शुक्ला जी से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए इस अवसर पर मुख्य रूप से उप कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी एवं संजय सिंह परियोजना अधिकारी ने भी आनंद शुक्ला जी को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में जनपद स्टाफ के अतिरिक्त घनश्याम दास शर्मा खंड पंचायत अधिकारी, प्रशांत नायक सहायक मंत्री, भगवत पटेल एपीओ एवं समस्त अधिकारी जनपद पंचायत उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों में दीपक दास सरपंच रक्सेहा, अरविंद राय लक्ष्मीपुर हलकाई यादव बबिलखुरा, आकाश पटेल इटवइटवॉखास, गौशंकर गुप्ता आदि की उपस्थिति विशेष रही। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक तिवारी ने किया।

# विभिन्न मुद्दों को लेकर अनुसूचित जाति युवा संघ तथा कांग्रेस नेता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



## सलेहा में डॉक्टर नियुक्त किया जाए अवैध ग्लोबल सोनोग्राफी सेंटर पर हो कार्यवाही

**जागरण, पन्ना।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की हालत ठीक नहीं है जिला चिकित्सालय से लेकर स्वास्थ्य केन्द्रो में मनमानी का आलम चल रहा है जिले के अधिकांश स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नहीं है जिससे आम जनता भारी परेशान है सरकार द्वारा स्वास्थ्य के नाम पर करोड़ों का बजट खर्च किया जा रहा है लेकिन चिकित्सक न होने के कारण बीमार लोगों को इलाज नहीं मिल रहा इन्हीं तमाम मुद्दों को लेकर कांग्रेस नेता अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष तथा युवा संघ के अध्यक्ष जितेंद्र ने स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरपी तिवारी को ज्ञापन देते हुए स्वास्थ्य केंद्र सलेहा में डॉक्टर पदस्थ करने की पुरजोर मांग की है साथ ही पन्ना नगर में संचालित ग्लोबल सोनोग्राफी सेंटर जो अवैध रूप से संचालित हो रहा है डॉ. पुष्पराज बागरी आम लोगों से मनमानी फीस वसूल रहे हैं उन पर कार्यवाही की जाए साथ ही अन्य सोनोग्राफी सेंटरों की जांच होनी चाहिए ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिला चिकित्सालय की दो वर्षो से बंद पड़ी सोनोग्राफी का संचालन किया जाए जिससे गरीब तथा आम लोगों को उसका लाभ मिल सके श्री जाटों व उनके साथी ने अन्य मुद्दों पर भी कार्यवाही की मांग की।

# लोक अभियोजन कार्यालय के अधिकारियों को दिया ई-फाइलिंग का प्रशिक्षण



**जागरण, पन्ना।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित ई-दक्ष केंद्र में लोक अभियोजन कार्यालय के समस्त अधिकारियों के लिए ई-फाइलिंग 3.0 का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण केन्द्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं मास्टर ट्रेनर वैभव सोनी द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में कोर्ट में केस दायर करने की ऑनलाइन प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला लोक अभियोजन अधिकारी सहित समस्त सहायक लोक अभियोजन अधिकारियों ने सहभागिता की। संबंधितजनों को मुकदमा हेतु ऑनलाइन याचिका, आवेदन एवं भुगतान संबंधी प्रक्रिया के बारे में बताया गया। वरिष्ठ प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा ई-फाइलिंग प्रक्रिया को अमल में लाया जाना है, जिसके पश्चात न केवल अधिवक्ताओं द्वारा, बल्कि किसी भी आम नागरिक द्वारा स्वयं भी ऑनलाइन फाइलिंग की जा सकेगी। अधिवक्ताओं के प्रशिक्षण के लिए ई-दक्ष केन्द्र में संपर्क किया जा सकता है।

# दो शिक्षिकाओं की सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई




**जागरण, पवई।** पवई विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शासकीय माध्यमिक शाला नयाखेरा मे सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ श्रीमती मुक्ता देवी बागरी एवं शासकीय कन्या शाला पवई मे पदस्थ श्रीमती ललिता देवी बागरी की सेवानिवृत्ति होने पर अलग - अलग विद्यालयों मे गरिमामयी समारोह मे उन्हे भावभीनी विदाई देते हुए शाल एवं श्रीफल से सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा कार्यक्रम के पश्चात दोनो जगह पौधारोपण भी किया गया इस अवसर पर नम्रता जैन बीईओ, संकुल प्राचार्य आर सी गुप्ता सहित विद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

## उत्तर मध्य रेलवे

खुली निविदा सूचना सं. JHSW-M-BOXNR-2025-26-5 दिनांक : 29.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी या इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :** BOXN वैगन से BOXNR वैगन के उन्नयन और पुनर्वास का आरएसपी कार्य।

**कार्य की लागतः** ₹ 23,84,16,934.00 (18% जीएसटी सहित)

**अग्रिम राशिः** ₹ 13,42,100/- | **कार्य पूरा होने का समयः** बाहर महीने

**ऑनलाइन टेंडर क्लोजिंग डेट और समयः** 20.08.2025 समय 11:00 बजे तक

निविदा और निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 1344/25 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.- No. JHS/Catg/e-Auction/2025 दिनांक : 30.07.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

| श्रेणी | केटलोग संख्या | एसेट्स डिटेल्स |
|---|---|---|
| पी.एम.बी.जे.के. | PMBJK-VGLJ-04 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पी.एम.बी.जे.के.) का तीन वर्षों के लिए रखरखाव एवं संचालन। |

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः** दिनांक 18.08.2025 समय 10:30 बजे

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांक 18.08.2025 समय 11:00 बजे

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट-www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1352/25 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 06/2025-26 दिनांक : 30.07.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा संख्या | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 92255862B | 6906 नग | 21.08.2025 |

**विवरण :** सेकेंडरी लेशिंग चेन।

| क्र.सं. | निविदा संख्या | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 2 | 92256000 | 01 सेट | 28.08.2025 |

**विवरण :** सप्लाई इन्स्टालेशन एण्ड कमिशनिंग ऑफ हाइड्रोलिक री-रेलिंग ईक्यूप्मेण्ट।

**नोट :-** • उपरोक्त ई-प्रापण निविदा का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाइट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 1354/25(D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

No. DYCE-II-GSU-PRYJ-03-2025 दिनांक :-28.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता-II/जी.एस.यू./प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे, के अधीन निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं (द्वारा खुली निविदा-दो पैकेट प्रणाली)। बोली लगाने वाले अपने मूल/संशोधित बिड्स समाप्ति तिथि एवं समय तक मात्र जमा कर सकते है। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को नंजरअंदाज कर दिया जाएगा।

**कार्य का विवरण :** उत्तर मध्य रेलवे के अन्तर्गत कानपुर-इटावा खंड में किमी 1032/9-11पर एलसी 83 और किमी 1040/09-11 ए पर एलसी 86-बी के स्थान पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु (एप्रोच सहित एंड-टू-एंड) का निर्माण

**अनुमानित लागत :** 108.59 करोड़ | **धरोहर राशि :** 55,79,800/-

**निविदा फार्म का मूल्य :** 0.00 | **खुलने की तिथि :** 23.08.2025 13.00 Hrs.

**कार्य समापन अवधि :** 15 महीने

**नोट :** 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) https://www.ireps.gov.in पर निर्धारित तिथि तक 13:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T.Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, Digital हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। 5. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए की IREPS वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1333/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## JOIN ARMY DENTAL CORPS

AS SHORT SERVICE COMMISSIONED OFFICER
FOR A PROMISING & CHALLENGING CAREER: 2025

**सेना डेंटल कोर में शॉर्ट सर्विस कमीशन के अनुदान के लिए भारतीय नागरिकों, पुरुष और महिला दोनों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

**योग्यता:** उम्मीदवारों को डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त कॉलेज/विश्वविद्यालय से बीडीएस/एमडीएस डिग्री धारक होना चाहिए।

**आयु सीमा:** उम्मीदवार की आयु 31 दिसम्बर 2025 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

Online applications are invited from Indian citizens, both male and female, for grant of Short Service Commission in the Army Dental Corps.

**QUALIFICATION:**

Candidates must be BDS/MDS Degree holder from a College/University recognized by Dental Council of India (DCI).

**AGE LIMIT:** The candidate must not have attained **45 yrs** of age as **on 31 Dec 2025**.

अधिक जानकारी के लिए Aug 2025 का Employment News/Rozgar Samachar देखे।
पात्रता का विवरण, शर्तें, अनुदेश और ऑनलाइन आवेदन 18 Aug 2025 के पश्चात www. join.afms.gov.in वठैबसाइट पर उपलब्ध होंगे .

**For more information, see Employment News/Rozgar Samachar issue of Aug 2025. Details of Eligibility, Terms & Conditions, Instructions and Online Applications will be available on the website www.join.afms.gov.in from 18 Aug 2025 onwards.**

CBC 10601/11/0043/2526

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा (म0प्र0)

रायपुर कर्चु. दिनांक - 28.07.2025

**आम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि तहसील रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत स्थित श्री राम जानकी पटना एंव पंचमुखी हनुमान मंदिर महसुहा में पुजारी पद की नियुक्ति पूर्व में प्राप्त हुए आवेदन पत्रो के आधार पर की जानी है। श्री राम जानकी पटना मे श्री रंगेश कुमार पाण्डेय पिता श्री हीरालाल पाण्डेय ग्राम सिरखिनी तहसील रायपुर कर्चुलियान एंव पंचमुखी हनुमान मंदिर महसुहा में श्री जय प्रकाश तिवारी पिता श्री महेश प्रसाद तिवारी ग्राम कठेंही थाना मनगवा हाल मुकाम ग्राम महसुहा तहसील रायपुर कर्चुलियान का आवेदन पत्र पुजारी पद पर नियुक्ति हेतु प्राप्त हुआ है। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति यदि उक्त प्रक्रिया या संबंधित व्यक्ति पर आपत्ति / सुझाव देना चाहता है. तो वह दिनांक 20.08.2025 तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी तहसील रायपुर कर्चुलियान में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

अनुविभागीय अधिकारी
तहसील रायपुर कर्चु.
जिला रीवा (म0प्र0)

RN- 82733

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 480 विशेष विवाह/2025 रीवा, दिनांक 29/07/2025

**इश्तहार**

आवेदक सागर पासी पिता श्री रामचन्द्र पासी, उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम व पो. चौखण्डी, थाना - अतरैला, तहसील जवा, रीवा (म0प्र0) आवेदिका सुधा देवी मौर्य पिता श्री जगदीश प्रसाद मौर्य उम्र-20, निवासी वार्ड नं. 09, ग्राम पो. चौखण्डी, थाना अतरैला, तहसील जवा, रीवा (म0प्र0) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है। जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथया अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर कर सकता है। नियत तिथि पक्षात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

**पेशी दिनांक-02.09.2025**

विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)

आरएन- 82734

# कलेक्टर के प्रयास से मिली अनुकंपा नियुक्ति

**जागरण, पन्ना।** लेक्टर सुरेश कुमार के सतत प्रयास से ककरहटी के वार्ड क्रमांक 12 निवासी स्व.राजेश कुमार शर्मा की पुत्री जयश्री शर्मा को नगर परिषद ककरहटी में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति मिली है। जिला कलेक्टर द्वारा आज कलेक्टर कक्ष में सुश्री जयश्री शर्मा को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। विदित हो कि संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग के पत्र दिनांक 18 जुलाई 2025 के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति की अनुशंसा के परिप्रेक्ष्य में प्रेसीडेंट इन कांउसिल में पारित संकल्प 23 जुलाई 2025 के द्वारा आवेदिका को सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जयश्री शर्मा के पिता राजेश कुमार शर्मा भी सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ थे। 2 फरवरी 2014 को इनके पिता का आकस्मिक निधन हो गया था। जिला कलेक्टर के सतत प्रयास एवं विभागीय स्तर पर निरंतर समन्वय से 11 वर्ष बाद जयश्री शर्मा को अनुकंपा नियुक्ति मिल सकी है।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु युवतियों एवं महिलाओं की योग्यता 10th, 12th से ग्रेजुएशन मान्य है। सैलरी 5.000 कमीशन के साथ 10,000 से 15,000 महीना कमाएँ।

**पता :** सिविल लाईन राजेन्द्र नगर, गली नं.-2 सतना (म.प्र.)
मो.:9109962545, 6265806126

आर.-82693(1/8)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)

**//निविदा सूचना - (4th CALL)//**

क्रमांक- 766/ई-टेंडर/अमृत-2.0/न.पा.नि./2025 रीवा दिनांक 30.07.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत प्रतिष्ठित कंपनी/ फर्म/एजेन्सियों/ ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_417478_4 30.07.2025 [FOURTH CALL] 563/17.04.2025 | अमृत - 2.0 के अंतर्गत रीवा नगर निगम की सीवरेज परियोजना का कार्य | 18 माह ₹423.33 लाख | ₹15000.00 ₹ 211665.00 | 14.08.2025 18:00 बजे तक |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (सीवरेज)
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

## म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग रीवा (म.प्र.), मोबा. : 9425601523, 9340714903

पत्र क्र. 721/ तशा./परि.यं./म.प्र.पु.आ.अद्यो.वि.नि./2025 रीवा, दिनांक : 31.07.2025

**पुनः संक्षिप्त नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय परियोजना यंत्री, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा के अंतर्गत जीर्ण-शीर्ण शासकीय पुराने भवनों के ध्वस्तीकरण की अनुमति प्राप्त कर इन भवनों का ध्वस्तीकरण निम्न शर्तो के अनुसार किया जाना है। 1. भवन जो जैसी हालत में है, ध्वस्तीकरण कर सामग्री कार्यस्थल से कार्यादेश दिनांक से 7 दिवस के अन्दर उठाना अनिवार्य होगा। 7 दिवस के अंदर सामग्री नहीं उठाई गई तो उच्चतम बोलीकर्ता से 10 प्रतिशत उच्चतम बोली का प्रत्येक दिन के हिसाब से राशि वसूली की जावेगी। 2. बोली की राशि लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्वयं उपस्थित होकर दिनांक-07.08.2025 को दोपहर 2 बजे तक कार्यालय परियोजना यंत्री, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा में प्राप्त की जावेगी। जिसके अंदर 2 लिफाफे होंगे। पहला लिफाफा में धरोहर राशि तथा दूसरे लिफाफा में बोली की राशि शब्दों एवं अंकों में उल्लेखित करना होगा। 3. धरोहर राशि जिसका ड्राफ्ट (धरोहर राशि) Project Engineer, MP Police Housing & Infra. Dev. Corp. Ltd. Rewa के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी बोलीकर्ता को जमा करना होगा। ड्राफ्ट निर्धारित राशि का होने पर ही प्राप्त बोली का लिफाफा दिनांक- 07.08.2025 को सायं 4 बजे तक खोला जावेगा। 4. उच्चतम बोली की राशि उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा जारी एकजाई रूप से कार्यालय परियोजना यंत्री मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा के नाम से 07 दिवस में जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा बोली निरस्त मानी जावेगी और धरोहर राशि राजसात की जावेगी। नीलामी संबंधी समस्त जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | शासकीय भवन का विवरण | न्यूनतम बोली (ऑफसेट प्राईस) की राशि | कोटेशन लिफाफा | कोटेशन जमा करने का स्थान | धरोहर राशि | कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हनुमना जिला मऊगंज में पुराने भवन के ध्वस्तीकरण का कार्य। | 2,07,000/- | पंजीकृत डाक द्वारा अथवा कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर | कार्यालय परियोजना यंत्री मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा तिलक नगर वार्ड नं. 11 (खुटेही), कार्यालय जनपद पंचायत क पीछे, सिरमौर रोड रीवा (म.प्र.) | 10,000/- रुपये | दिनांक-07.08.2025 दोपहर 2 बजे तक |

म.प्र. माध्यम/121346/2025 परियोजना यंत्री

# नर्मदा परिक्रमा पथ पर बनेंगें आश्रय स्थल और नदियों के उद्गम में होगा वृक्षारोपण

## सीईओ जिला पचांयत की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक



**जागरण डिंडोरी**

नदियों के उद्गम स्थलों पर फेंसिंग, वृक्षारोपण, नर्मदा परिक्रमा पथ पर आश्रय स्थलों पर होगा वृक्षारोपण जिसके लिए पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी जिसकी तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर ने जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री, सहायक यंत्री और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उपस्थित रहे।

नदियों के उद्गम और आश्रय स्थउल में होगा वृक्षारोपण

जिले से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थ्ल पर फेंसिंग लगाकर वृक्षारोपण हेतु जिले की सात नदियों का चिंहाकन कर शासन द्वारा तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वी कृति जारी की गई है। जनपद पंचायत बजाग के चांडा से निकलने वाली बुढनेर, करंजिया के चौरादादर से निकलने वाली तुराड नदी, डिण्डौचरी के धनुवासागर से निकलने वाली लमती नदी, और छिवलीमाल से निकलने वाली सिलगी नदी, मेंहदवानी के रा?ई ग्राम पंचायत से निकलने वाली दनदना नदी, शहपुरा के टिकरासरई से निकलने वाली छोटी महानदी, और संग्रामपुर से निकलने वाली कसा नदी के उद्गम में फेंसिंग और वृक्षारोपण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही नर्मदा परिक्रमा पथ के चिंहाकित भूमि पर आश्रय स्थरलों के निर्माण में शामिल भूमि के भाग में फेंसिंग और वृक्षारोपण किया जाना है। जिले में नर्मदा परिक्रमा पथ में आश्रय निर्माण के लिये जनपद पंचायत अमरपुर की ग्राम पंचायत रमपुरी, जनपद डिण्डौरी की ग्राम पंचायत उदरी माल, मडियारास, केवलारी, घुसियामाल, औरई, रयपुरामाल, रूसामाल, सुबखार, धुर्रा, मुढियाकला, इमलईमाल, हिनौता, जनपद बजाग की ग्राम पंचायत शौभापुर, मझियाखार, कारोपानी, खरगहना, सुनहादादर, पथरकुचा रैयत, जनपद करंजिया की ग्राम पंचायत रूसा, कबीर, गारकामट्टा, मेंढाखार, मूसामुंडी, खन्नादत और जनपद शहपुरा की ग्राम पंचायत मालपुरमाल, राखीमाल, दूबामाल, देवरीमाल में आश्रय स्थाल के लिये चिंहाकित भूमि पर फेंसिंग और वृक्षारोपण के कार्य की स्वीकृति दी गई है। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि सभी शामिल ग्राम पंचायतों के उपयंत्री, सहायक यंत्री एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत स्थकल का निरीक्षण कर शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप शासकीय भूमि का राजस्व् रिकार्ड से सत्यीपन करते हुये भूमि को आरक्षण आवंटन कराते हुये पंचायत दर्पण पोर्टल पर फेंसिंग कार्य का वर्क कोड बनाते हुये कार्य प्रारंभ करने की तैयारी प्रारंभ करें। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि कार्य शासन के दिशा-निर्देश के अनुसार अनुपयुक्तक होने से निरस्ती किये जाने और स्थिल परिवर्तन की स्थिति में विस्तृनत प्रतिवेदन ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव के साथ उपयंत्री, सहायक यंत्री और मुख्यथ कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रस्तु त करें। फेंसिंग कार्य के लिये शासन द्वारा जारी की गई राशि का किसी अन्यर कार्य में उपयोग ग्राम पंचायत द्वारा नही किया जा सकेगा, साथ ही कार्य निरस्?त होने पर अर्थात आवंटित राशि शासन को राशि वापस करनी होगी, जिसकी निगरानी समस्त मुख्यक कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की होगी।

# नि:शुल्क शासकीय शव-वाहन सेवा का हुआ शुभारंभ

## जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते ने दिखाई हरी झंडी




**जागरण डिंडोरी।** जनता की सेवा को समर्पित एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत शव-वाहन सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते , कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विधिवत रूप से नि:शुल्क शासकीय शव वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। उक्त दोनों वाहन विधानसभा शहपुरा और विधानसभा डिंडौरी अर्थात एक वाहन डिंडौरी मुख्यालय एवं एक वाहन तहसील मुख्यालय शहपुरा में संचालित होंगे जो किन्हीं कारणों से अस्पताल में मृत्यु हो जाने पर संबंधित शव को उनके घर या शमशान घाट भेजने का काम करेगी। यह सेवा पूर्ण रूप से नि:शुल्क होगी। जो हर व्यक्ति को सरलता के साथ उपलब्ध होगी यह सेवा केवल जिले के अन्दर ही सीमित होगी।लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय संस्थाओं में उपचार के दौरान किसी रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित की मृत्यु हो जाने पर, उनके शव को निवास स्थल या शमशान घाट तक नि:शुल्क पहुँचाने हेतु इस सेवा की शुरुआत की गई है शव-वाहन सेवा का उद्देश्य सामाजिक संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए शोकसंतप्त परिवारों को तत्काल सहायता प्रदान करना है, जिससे उन्हें परिवहन व्यवस्था की चिंता से मुक्त किया जा सके। यह सेवा विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश मरावी, सिविल सर्जन डॉ. अजय राज, शासकीय शव-वाहन सेवा नोडल अधिकारी श्री खैरराज उद्दे, 108 जिला प्रबंधक श्री नितिन श्रीवास्तव, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अंधेरे में डूबा मुकुटपुर, 15 दिन से बत्ती गुल, ग्रामीणों में आक्रोश नहीं ध्यान दे रहा बिजली विभाग

**जागरण डिंडोरी।** समनापुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकुटपुर के ग्रामीण बीते 15 दिनों से अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबूर हैं। गांव में विद्युत विभाग द्वारा सिंगल वायर कनेक्शन लगाए जाने के बाद से ट्रांसफार्मर खराब हो गया है, जिससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है।ग्रामीणों ने बताया कि जब से गांव में सिंगल वायर कनेक्शन किया गया है, तब से विद्युत आपूर्ति में बार-बार बाधा उत्पन्न हो रही है। इस बार ट्रांसफार्मर पूरी तरह खराब हो चुका है, लेकिन विद्युत विभाग की ओर से अब तक कोई सार्थक पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन विभाग द्वारा समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।ग्रामीणों ने कनिष्ठ अभियंता से मिलकर समाधान की मांग की है। वहीं, स्थानीय जेई का फोन तक नहीं उठाना ग्रामीणों में असंतोष का कारण बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे आंदोलन और सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। बिजली की यह समस्या न केवल दिनचर्या को प्रभावित कर रही है, बल्कि विद्यार्थियों, किसानों और महिलाओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# अनुविभागीय अधिकारी बिछिया ने किया नल जल योजनाओं का निरीक्षण कमियों को पूरा करने के दिए निर्देश



**जागरण मंडला।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया सुश्री सोनाली देव एवं जनपद पंचायत मवई सीईओ श्री भागचंद टिमरिया ने ग्राम पनारीखेड़ा, किकरा वनग्राम, परसेल, बदवार की हस्तांतरित नल जल योजना का निरीक्षण किया। नल-जल योजना अंतर्गत ट्यूबवेल, सम्पवेल, उच्च स्तरीय टंकी, पाईपलाईन, विद्युत कार्य एवं क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन की जांच करते हुए ग्रामीणों से नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति पर बातचीत की गई। प्रतिदिन ग्रामीणों को नियमित रूप से निर्धारित समय पर पेयजल प्रदाय करने हेतु एवं वर्षा काल में समय पेयजल स्त्रोतों में जर्मेक्स एवं ब्लीचिंग पाउडर डालकर क्लोरिनेशन कार्य करने हेतु पंपचालक एवं ग्राम पंचायत को निर्देशित किया गया। सरपंच, सचिव को सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहायक यंत्री श्री एके जोशी, उपयंत्री चित्ररेखा टेंभरे, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्रम अधिकारी ने बस ऑपरेटर्स को दिए निर्देश नियमों का कड़ाई से पालन हों



**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में मोटर यातायात कर्मकार अधिनियम 1961 के अंतर्गत श्रम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अधिनियम के प्रावधानों पर चर्चा की गई। बैठक में नियोजकों द्वारा मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम 1961 के तहत पंजीयन कराया जाना, उनके द्वारा नियोजित किए गए कर्मकारों को श्रम अधिनियम जैसे न्यूनतम वेतन अधिनियम, वेतन भुगतान अधिनियम, उपादान भुगतान अधिनियम का पालन कराये जाने की जानकारी दी गई। इसके साथ कर्मकारों के स्वास्थ्य परीक्षण जैसे आंखों की जांच एवं स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर कराए जाने के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कर्मकारों को विभिन्न सुविधाएं जैसे कि न्यूनतम वेतन, निश्चित कार्य के घंटे, विश्राम कक्ष, कैंटीन, चिकित्सा सुविधा, विश्राम अन्तराल, वर्दी, साप्ताहिक अवकाश आदि की उपलब्धता मुहैया कराए जाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेज के बारे में समझाया गया। बैठक में श्री राजेश कुमार मिश्रा श्रम पदाधिकारी मंडला, श्री लीलाधर बर्वे अध्यक्ष महिष्मती बस ऑपरेटर एसोसिएशन मंडला, श्रम निरीक्षक, कार्यालयीन स्टाफ एवं अन्य बस ऑपरेटर नियोजक उपस्थित रहे।

# अवैध शराब से भरी शिफ्ट कार छोड़कर भागे शराब माफिया

**छतरपुर।** बमीठा पुलिस को रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर उ पी 14 ए जेड 8203 शिफ़्ट कार का पीछा किया पुलिस के वाहन से ज्यादा रफ्तार शराब माफिया के वाहन की थी पुलिस वाहन को पीछा करते देख शराब माफियाओं ने वाहन को बसारी वाईपास में कार उतारी वाईपास में रोड़ पर भारी गड्ढ़ा होने से कार फंस गई और शराब माफिया कर छोड़कर भाग गए कार की तलाशी लेने पर कार की डिग्गी मे 25 पेटी 225 लीटर देशी शराब की पेटियां भरी थी जिसकी क़ीमत एक लाख चालीस हजार पाँच सौ रुपये बताओ गई कार समेत सात लाख से ज्यादा कीमत अंगी गई बमीठा पुलिस ने 25 पेटी देशी शराब कर अज्ञात शराब माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक ख्याली लाल अहिरवार को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी बिदाई



**लवकुशनगर।** लवकुशनगर विकासखंड के शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बगमऊ में प्रभारी प्राचार्य के पद से 31 जुलाई 2025 को शाला परिसर पर सेवानिवृत्ति का कार्यक्रम किया गया जिसमें शिक्षा विभाग के कई शिक्षको के साथ साथ क्षेत्र के कई सम्मानित लोग भी उपस्थित रहे है। सेवानिवृत्ति के इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ख्यालीलाल अहिरवार द्वारा लेख की गई पुस्तक यथार्थ जीवन की कहानी का भी विमोचन किया गया, जिसमे उन्होंने अपने जीवन के अनुभवो को लेख किया है। प्राथमिक शिक्षक के पद से लेकर प्रभारी प्राचार्य के पद का सफर इनके द्वारा किया गया एवं इस दौरान इनके द्वारा दी गई शिक्षा के कारण इनके कई विद्यार्थी आज शासकीय सेवा में वरिष्ठ पद पर पदस्थ होकर देश व समाज की सेवा का कार्य कर रहे है। शिक्षक ख्यालीलाल अहिरवार अच्छे शिक्षक के साथ साथ एक अच्छे लेखक और एक अच्छे कवि के रूप में जाने जाते है इनकी कई कविताओं को आकाशवाणी पर भी प्रसारित किया गया है । सेवानिवृत्ति के इस कार्यक्रम के अवसर पर वक्ताओं द्वारा व शाला के विद्यार्थियों द्वारा भावुक होकर विदाई दी।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**जागरण मंडला।** शासकीय महाविद्यालय अंजनिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 30 जुलाई को 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक श्री रोहणी प्रसाद शुक्ला द्वारा एक पेड़ माँ के नाम स्वरचित कविता का वाचन किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्ष के महत्व को समझाया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ. विजय मौर्य, डॉ. प्रशांत कुमार यादव, डॉ. गरिमा छाबड़ा, श्री संदीप चौरसिया, श्री संतोष नंदा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ढोडन बांध एवं विस्थापित गाँव ढोडन पलकोहा का किया दौरा



**छतरपुर।** कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल ने आज केन वेतबा लिंक परियोजना ढोडन बांध के निर्माण कार्य में कौन कौन सी समस्या पर विस्तार से चर्चा की बांध निर्माण कार्य की संरचना का अवलोकन कर केन वेतबा लिंक परियोजना के अधिकारियों से सभी बिंदुओं पर चर्चा की ढ़ोडन गाँव एवं पलकोहा गाँव के विस्थापित परिवारों से मुआवजा राशि मिलने संबंधितो से चर्चा की दोनों गाँव के ग्रामीणों मुआवजा राशि कम मिलने से दूसरी जगह मकान के प्लाट तक नहीं खरीद सकते हैं गाँव बसने के लिए शासकीय जमीन उपलब्ध करा दे। खरयानी गाँव में फरवरी 24 की स्थिति में 18 साल के व्यक्ति को मुआवजा मिल रहा है वही ढ़ोडन पलकोहा के 50त्न परिवारों को 22 की स्थिति में मुआवजा राशि दी जा रही है सभी परिवारों को फरवरी 24 की स्थिति में मुआवजा राशि एव पैकीज दिया जाए (तात्पर्य जिस लड़के लड़की की उम्र फरवरी 24 में 18 साल हो गई उसको मुआवजा राशि मिलना चाहिए)इस विसंगति को दूर कर मुआवजा राशि दी जाये जमीन मकान, एवं पैकीज की राशि कितनी मिलनी है पतवारी द्वारा नहीं बताई गई न ही लिस्ट का गाँव में वाचन किया गया।

## छतरपुर में बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद

**छतरपुर।** नगर में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। सीएसपी अरूण कुमार सोनी ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र से दो और मकरोनिया (सागर) से एक बाइक चोरी की गई थी। इस मामले में पहले आरोपी इंद्रजीत की गिरफ्तारी हो चुकी थी। वहीं अब आरोपी संदीप सिंह लोधी पिता जय सिंह लोधी (उम्र 25 वर्ष), निवासी ग्राम खिरिया, थाना पथरिया, जिला दमोह को पकड़ा गया है। उसके कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी चोरी की बाइकें खरीदकर उन्हें आगे बेचते थे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-39 पर करारागंज एवं गढ़ा तिराहे को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु अंडरपास निर्माण कार्य प्रगति पर

**छतरपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-39 झांसी-खजुराहो परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस मार्ग पर स्थित ग्राम करारागंज तिराहा एवं बागेश्वर धाम (गढ़ा) तिराहा, विगत समय से लगातार दुर्घटनाओं की घटनाओं के चलते भारत सरकार द्वारा ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किए गए थे। दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं इन स्थानों को ब्लैक स्पॉट की श्रेणी से हटाने हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार इन दोनों स्थानों पर वाहन अंडरपास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। प्राधिकरण द्वारा गढ़ा तिराहा पर वाहन अंडरपास निर्माण हेतु ठेकेदार की नियुक्ति की जा चुकी है, जिसकी कुल लागत 28.90 करोड़ है। निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और तीव्र गति से कार्य प्रगति पर है। वहीं, करारागंज तिराहा पर 18.55 करोड़ की लागत से वाहन अंडरपास का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इन दोनों स्थानों पर अंडरपास निर्माण के उपरांत भविष्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में व्यापक कमी आने की संभावना है।

# मोबाइल चोर को भीड़ ने सरेआम पीटा, पुलिस को सौंपा

**छतरपुर।** शहर के चौक बाजार इलाके में मंगलवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब लोगों ने एक युवक को मोबाइल चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी की पहचान राममिलन मिश्रा निवासी गौर गांव के रूप में हुई है, जो उस समय नशे की हालत में था। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाग पंचमी के अवसर पर कुशवाहा समाज के लोग बागेश्वर धाम दर्शन के लिए गए थे, जहां एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी हो गया। बाद में जब उस मोबाइल पर कॉल किया गया तो कॉल राममिलन मिश्रा ने रिसीव की और खुद के छतरपुर में होने की बात कही। इसके बाद समाज के कुछ सदस्य चौक बाजार पहुंचे, जहां आरोपी को मोबाइल के साथ पकड़ लिया गया। आरोपी द्वारा गाली-गलौज करने और मोबाइल वापस न देने पर नाराज़ लोगों ने सरेआम उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। मारपीट के बाद उसे सिटी कोतवाली पुलिस थाने ले जाया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो भी मौके पर मौजूद लोगों ने बनाया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस मामले में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि आरोपी गौर गांव का रहने वाला राममिलन मिश्रा है, जो नशे की हालत में था। दूसरी ओर, मोबाइल के मालिक कुशवाहा समाज से जुड़े हैं। फिलहाल आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।


**JAIPRAKASH**
**POWER VENTURES LIMITED**

**Regd. Office :** Complex of Jaypee Nigrie Super Thermal Power Plant, Nigrie, Tehsil Sarai, District Singrauli - 486 669, (Madhya Pradesh)
**Corporate Office:** 'JA House' 63, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057 (India)
**Website:** www.jppowerventures.com **Email:** jpvl.investor@jalindia.co.in **CIN :** L40101MP1994PLC042920

**STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30th JUNE, 2025**

(Rs. in Lakhs Except Earning Per Share)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | Quarter Ended | | | Year Ended |
| | | 30.06.2025 | 31.03.2025 | 30.06.2024 | 31.03.2025 | 30.06.2025 | 31.03.2025 | 30.06.2024 | 31.03.2025 |
| | | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations (net) | 163,031 | 136,634 | 177,900 | 570,630 | 163,088 | 136,667 | 177,906 | 570,755 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items) | 43,459 | 20,069 | 58,769 | 121,456 | 43,481 | 20,092 | 58,775 | 121,561 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items) | 43,459 | 20,069 | 58,769 | 121,456 | 43,481 | 20,092 | 58,775 | 121,561 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period (after tax and exceptional items) | 27,795 | 15,549 | 34,848 | 81,073 | 27,813 | 15,567 | 34,854 | 81,355 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 27,796 | 15,540 | 34,852 | 81,075 | 27,814 | 15,558 | 34,858 | 81,357 |
| 6 | Equity Share Capital | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 |
| 7 | Other Equity | | | | 161,978 | | | | 162,221 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (in Rs.) | | | | | | | | |
| | Basic : | 0.31 | 0.16 | 0.40 | 0.89 | 0.31 | 0.15 | 0.40 | 0.89 |
| | Diluted : | 0.31 | 0.16 | 0.40 | 0.89 | 0.31 | 0.15 | 0.40 | 0.89 |

**Note :** The above is an extract of the detailed statement of Quarter ended financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full Quarter ended financial results are available on the Stock Exchange websites i.e. **www.bseindia.com** & **www.nseindia.com** and also on the Company's website i.e. **www.jppowerventures.com** .

Place : New Delhi
Dated : 30th July, 2025

JAYPEE GROUP

For and on behalf of the Board
Sunil Kumar Sharma
Vice Chairman
DIN 00008125

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# नई दूरसंचार नीति की असल चुनौती अल्पावधि के लक्ष्य

नई मसौदा दूरसंचार नीति जो 2018 की राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति के सात साल के बाद आ रही है, उसके लक्ष्य और उद्देश्य महत्वाकांक्षी हैं। परंतु उसके सामने असल चुनौती क्रियान्वयन की रहेगी। वर्ष 2018 की नीति और उसके पहले की नीतियों के समक्ष भी यही चुनौती थी। मसौदा राष्ट्रीय दूरसंचार नीति-2025 में ग्रामीण क्षेत्रों सहित 4जी, 5जी और ब्रॉडबैंड कवरेज लक्ष्यों को तय करने के अलावा रोजगार निर्माण को प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में रेखांकित किया गया है। हालांकि यह निकट भविष्य में हासिल हो सकने वाले लक्ष्य सामने रखने में नाकाम रहा है। इस नीति के तहत लक्ष्यों को हासिल करने के लिए 2030 का वर्ष तय किया गया है जो अभी पांच साल दूर है। तकनीक दूरसंचार की रीढ़ है और वह बहुत तेजी से बदल रही है। ऐसे में इस नीतिगत दस्तावेज के लिए अल्पावधि के लक्ष्य तय करना अधिक महत्वपूर्ण है। मसौदा नीति में ग्रामीण इलाकों में फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों को प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव भी रखा गया है। इसके साथ ही दूरदराज तक संपर्क के लिए छोटे इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को मदद पहुंचाने की बात भी शामिल है। एक मिशन वक्तव्य के रूप में ये लक्ष्य सरकार की इच्छाओं की सूची को शामिल किए हुए हैं। मसौदा नीति साइबर हमलों और भ्रामक सूचना अभियानों को रोकने में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल का संक्षिप्त उल्लेख करती है। परंतु दूरसंचार क्षेत्र में नौकरियों के संबंध में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा नहीं करती। मसौदा नीति में सरकारी दूरसंचार कंपनियों के भविष्य पर भी कोई चर्चा नहीं की गई है। कुछ अन्य समकालीन विषय मसलन स्पेक्ट्रम नीलामी

> दूरसंचार नीति के तहत लक्ष्यों को हासिल करने के लिए 2030 का वर्ष तय किया गया है जो अभी पांच साल दूर है। ऐसे में इस नीतिगत दस्तावेज के लिए अल्पावधि के लक्ष्य तय करना अधिक महत्वपूर्ण है।

और लॉन्च होने वाला सैटेलाइट संचार ब्रॉडबैंड भी नीतिगत दस्तावेज में सार्थक तरीके से जगह नहीं बना पाया। देश में दूरसंचार नीतियों का सिलसिला 1994 तक जाता है यानी वाणिज्यिक मोबाइल फोन सेवाओं की शुरुआत के ठीक पहले तक। तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव के नेतृत्व में 1994 में बनी दूरसंचार नीति ने दूरसंचार क्षेत्र का उदारीकरण किया और पहुंच, निजी क्षेत्र की भागीदरी बढ़ाने और बेहतर सेवा गुणवत्ता पर जोर दिया। इस नीति को कई बाधाओं का सामना करना पडा। इसके चलते सरकार को उदारीकरण को गति देने के लिए 1999 में अगला दस्तावेज जारी करना पड़ा। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1999 की राष्ट्रीय दूरसंचार नीति में दूरसंचार पहुंच और घनत्व के लक्ष्य तय किए गए थे। इसके साथ ही लाइसेंस शुल्क के लिए राजस्व साझा करने की व्यवस्था भी आरंभ की गई। इसके बाद कई अन्य ऐसे दस्तावेज जारी किए गए जो ज्यादा से ज्यादा एक मिशन वक्तव्य ही रहे। भूराजनीतिक उथल-पुथल के बीच मेक इंडिया पर जोर देने वाला वर्तमान 20 साल का मसौदा, दूरसंचार के छात्रों के लिए एक अच्छी संदर्भ सामग्री हो सकती है। एक नीतिगत दस्तावेज के रूप में तो इसे और ठोस बनाने की आवश्यकता है।

# कृष्ण ज्ञान... (भाग-1)



परमात्मा श्री कृष्ण ज्ञान देते हैं... वह कहते हैं... ***भोग में रत होते हुए भी... सुगन्धि का आनंद लेते हुए भी... स्पर्श का सुख महसूस करते हुए भी... ज्ञानी जन इन्द्रिय सुख से विमुक्त हो जाते हैं...*** बड़ा ही गूढ़ ज्ञान है श्री कृष्ण भगवान का... किन्तु उनके इस ज्ञान को पढ़ना और सुनना भर ही पर्याप्त नहीं है... अपितु उनके इस ज्ञान पर गहराई से चिन्तन-मनन कर इसे अपने जीवन में उतारना जरूरी है... इस ज्ञान को कभी न भूलते हुए... इसे बिना विस्मृत किये हुए... हर सुख-दुःख में... हर भोग-विलास में... जीवन की प्रत्येक सुविधाजनक स्थिति में... और जीवन के... विकट से विकट भी हालत में... कठिनतम परिस्थितियों में भी... श्री कृष्ण की इस वाणी... उनके द्वारा दिये गये इस ज्ञान का निरंतर अभ्यास करना होगा... मनुष्य को उसकी जीवन की श्वांस-प्रति- श्वांस से लेकर... जीवन की अंतिम श्वांस तक सतत् इस ज्ञान को अपने जीवन में उतारने का अभ्यास करना होगा...

हमारे भारत देश में युगों-युगों से साधु... ज्ञानी... तपी... सन्यासी... पंडित... ब्रह्मचारी... सभी तो कहते रहे हैं... भोग से भागो... तभी भाग्य से मिलेंगे तुम्हें 'राम'... रूप... नारी... सुख... सौंदर्य... भोग... वासना... विलासिता... यह सब हैं नर्क के द्वार... हटो इनसे... हटाओ इनसे मन अपना... तब तुम्हें मिलेंगे ''राम''...

परन्तु 'कृष्ण' तो ऐसा नहीं कहते... वह तो ज्ञान देते हैं... भोग करते हुए भी... सुगन्धि ग्रहण करते हुए भी... सुवासित होते हुए भी... सुहागिन होते हुए भी... अंग स्पर्श का सुख लेते हुए भी... ज्ञानी जन इन सब भोगों से बाहर आ जाते हैं... 'कृष्ण' भोग से भागने को नहीं कहते... वह जीव को... जीवन में रस से विमुक्त होने का ज्ञान नहीं देते... भगवान श्री कृष्ण तो स्वयं ही 'रासलीला' खेलते हैं... वह तो स्वयं ही 'राधा-रमण' हैं...

इस कृष्ण ज्ञान को मैं अपने चिंतन के भावमय पलों में... कुछ इस प्रकार से... अपने सभी सुधी पाठकों के आत्म कल्याण के लिए... ''कृष्णार्पण'' करते हुए कहना चाहता हूँ...

**सदा सत्य, शिव, सुन्दर ही जग,**
**है कुरूपता, चित्त-निरूपित,**
**क्यों मैं कलुषित कहूँ जीवन रास को**
**क्यों सोचूँ, है विश्व विरूपित!**




यह जगत... यह सृष्टि... गुणों और अवगुणों का मिश्रण है... प्रकृति जहाँ एक ओर वरदायनी है... जहाँ वह माता के जैसे प्रेम से लालन-पालन करने वाली है... वहीं दूसरी ओर... जब-जब यह प्रकृति अपना विकराल और वीभत्स रूप धारण करती है... तब-तब भूकम्प से... बाढ़ से... तूफान से... सुनामी की समुद्री लहरों से... अति जल वर्षा से या कि फिर भीषण सूखे से हजारों मनुष्य... लाखों पशु-पक्षियों की अकाल बलि ले लेती है... हजारों-लाखों लोगों को बे-मौत मार डालती है... हजारों घर-लाखों जीवन पल भर में बर्बाद कर देती है...

किन्तु यह पृथ्वी... यह प्रकृति हर विनाश के पीछे... प्रत्येक मृत्यु की पीछे... एक नये जन्म और नव सृष्टि का ही संदेश देती है... हमारी महान भारत भूमि में प्रगटे वैदिक ज्ञान के अनुसार... यह सम्पूर्ण सृष्टि कभी अनादि युग में गहन-घने-घोर तमस (अंधेरे) में घिरी हुई... अंधकार में गुम होकर... उसी घनघोर तम् का ही एक तरल भाग थी... अंधकार का ही विस्तृत अंश थी यह सम्पूर्ण सृष्टि... सिर्फ अंधेरा ही अंधेरा था... कहीं भी प्रकाश की... रोशनी की... सूर्य की... ऊष्मा या ऊर्जा की... एक हल्की सी किरण तक न थी... कभी ऐसी थी हमारी यह पृथ्वी... यह सृष्टि.... यह प्रकृति...

तब ऐसे घोर अंधकार और अज्ञान में परमब्रह्म परमात्मा ने उस सघन घोर अंधकार को चीरते हुए... पृथ्वी की... ग्रहों की... सृष्टि और प्रकृति की रचना की... उसके पश्चात... कठिन श्रम... परिश्रम के बाद... बनाई गई पृथ्वी पर जीव और जीवन का विकास करते हुए... नर और नारी... पुरुष व स्त्री की रचना कर उन्हें 'काम' की इच्छा से पूर्ण किया...

ऋगवेद में नारदीय सूक्त (१०/१२९) में ब्रह्मा द्वारा सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए ऋषि कहता है कि... सृष्टि से पूर्व न असत् था और न ही सत् विद्यमान था... यह पृथ्वी और आकाश कुछ भी नहीं था... सब ओर गहन अंधकार और अज्ञान था... तब पूर्व व्याप्त 'ब्रह्म' भी अविद्यमान पदार्थ से ढंका था... तब उस काल में तप के प्रभाव से यही एक मात्र तत्व निश्चेतन 'ब्रह्म' विद्यमान था... तब ऐसे में परमब्रह्म परमात्मा ने... सृष्टि की रचना की...इच्छा (काम की कामना) की... ''**एकोऽबहुस्याम**'' परमात्मा के ''काम'' से तब बीज प्रगट हुआ... तदुपरांत पहले पुरुष फिर स्त्री की उत्पत्ति हुई... स्त्री-पुरुष के काम से तब फिर सृष्टि क्रम का विस्तार हुआ...

**तमः आसीत् तमसा गूलहमग्रेऽ प्रकेतं सलिलं सवर्मा इदम्।**

**तुच्छयेनाम्वपिहितं यदासीत् तपसस्त-महिना जायतैकम्।।**

**कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्।**

**सतो बन्धुमसति निराविन्दन् हृदृयि प्रतीष्या कवयो मनीषाः।।**

(ऋग् १०/१२९/३-४)

इसीलिए इस पृथ्वी पर... ईश्वर की इस सृष्टि में जो 'तमोगुण' हैं... वह उसी अंधकार... उसी तमस् की ही देन हैं... जिसमें कभी यह सम्पूर्ण पृथ्वी सहित अन्यान्य ग्रह और यह सम्पूर्ण ब्रह्मांड लीन था... और... जो 'सतोगुण' तथा रजोगुण हैं वह उस परमब्रह्म परमात्मा के द्वारा उसकी इस सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ रचना और उसके रखवाले नर-नारियों के द्वारा जीव और जीवन को... सुखी... शांत... सौम्य... सभ्य... सुसंस्कृत बनाने के लिए प्रदान किये गये हैं... सतोगुण ब्रह्म की प्राप्ति के लिए परमब्रह्म परमात्मा का गुण है... जबकि 'रजो गुण' परमात्मा की काम और भोग्येच्छा से उत्पन्न गुण है...

भगवान श्री कृष्ण की... **'कृष्णम् वन्दे जगद् गुरुम'** कह कर भी वन्दना की गई है... अर्थात् कृष्ण को इस सम्पूर्ण जगत का गुरु कहा गया है... ऐसे में जब श्री कृष्ण कहते हैं कि... भोग करते हुए भी... भोग में रहते हुए भी... भोग से बाहर आ जाओ... काम करते हुए... काम में लिप्त रहते हुए भी कामनाओं से अलिप्त हो जाओ...

इसका कोई न कोई बहुत गूढ़ अर्थ होगा... लेकिन जब जगत का गुरु 'कृष्ण' यह ज्ञान दे रहा है... जब 'कान्हा' यह मार्ग दिखला रहा है... तो... निश्चित ही वह मार्ग... वह रास्ता... वह पथ... इतना सरल सुगम भी होगा कि जिस पर सारा संसार और जगत के सभी मानव चल सकें...

यह सत्य है कि... अंधकार-ही-अंधकार था कभी सभी ओर... तब... परमब्रह्म ने इतनी महान इतनी भीषण अग्नि की परम प्रकाशमय ज्वालायें अपने भीतर से... अपने ज्ञानमय अग्निदेव स्वरूप से उस घोर अज्ञानमय अंधेरे को दूर कर प्रकाश फैलाने के लिए प्रगट की... जिससे वायुमंडल में मौजूद अज्ञान और अंधकार को धारण करने वाले तरल वायु पदार्थ (गैसेज) (रसायन) जल उठे...

ईश्वर की इस महन कामेच्छा से सूर्य जैसे तीव्र प्रकाशवान महाग्रह मंडल का निर्माण हुआ... और तब फिर कहीं जाकर... पृथ्वी आग का धधकता गोला बनकर उत्पन्न हुई... जिसे करोड़ों वर्षों तक ईश्वर ने ज्ञानवायु का प्रसार करके ठंडा किया... तद्पश्चात उसी परमब्रह्म ने इस पृथ्वी को तरल अग्नि से... ठोस मिट्टी और चट्टानों का रूप दिया... तब... ब्रह्म ने महान तीव्र ध्वनि... आवाज... अथवा स्वर किया... या कि कहें तो परमात्मा ने... प्रणव (ॐ) नाद किया... उस महान ब्रह्मांडीय... नाद से... ईश्वरीय स्वर (प्रणव ॐकार) से... आकाश में अग्निज्वाला में तप्त होकर... जहरीले व विनाशक तत्वों को भस्मीभूत होने के बाद... शेष बचे पवित्र व शीतल हो चुके प्राणधारी वायु पदार्थों में कम्पन हुआ... उनमें हलचल हुई... तब अग्नि से आग... और... आकाशीय शीतल वायु द्रव्यों से जलकणों के महान संग्रह को लेकर... अंतरिक्ष में बिजलियाँ कड़कीं आकाश में... ब्रह्म के प्रणव नाद ॐकार ने पुनः काम का रूप धारण किया... पृथ्वी पर वर्षा हुई... असमतल पृथ्वी छिद्रों में जल का महान संग्रह हुआ... बड़े-बड़े विस्तृत सागरों... नदियों... सरोवरों प्रपातों... का पृथ्वी पर जन्म हुआ...

**स्वर्ग से उतरी देव गंगा**
**जैसी तेरी निर्मल काया!**
**तेरी छवि पाने को, तप कर**
**शिव ने विश्व रूप बनाया!**

**क्रमशः-8 अगस्त शुक्रवार को**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)

https://adhyatmsanatandharma.com

# पारंपरिक शिक्षा का स्थान नहीं ले सकती एआई तकनीक

कृत्रिम बुद्धिमता

**डॉ संजय वर्मा**

करीब पौने तीन साल पहले 30 नवंबर, 2022 को जब ओपन एआई नामक कंपनी ने कृत्रिम बुद्धिमता यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, एआई संचालित पहला भाषाई चैटबॉट-चैटजीपीटी लॉन्च किया था, तो सनसनी फैलाने वाले इस आविष्कार को लेकर सबसे तीखी प्रतिक्रियाएं शिक्षा जगत से ही मिली थीं। पदार्पण के पांच दिनों के अंदर दुनिया भर में चैटजीपीटी के दस लाख लोगों के ग्राहक बनने के बावजूद शुरुआती दिनों में ही अमेरिका में कुछ विश्वविद्यालयों में चैटजीपीटी के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी गयी थी। न्यूयॉर्क और सिएटल स्थित विश्वविद्यालयों-कॉलेजों के प्रशासन ने सुनिश्चित किया था कि उनके छात्र कैंपस में मौजूद रहने के दौरान अपने स्मार्टफोन और लैपटॉप तथा सर्वर से जुड़े कंप्यूटरों पर चैटजीपीटी नहीं खोल पाएं। अभी इस चर्चा का महत्व यह है कि चैटजीपीटी को वजूद में लाने वाली कंपनी-ओपनएआई के संस्थापक और सीईओ सैम ऑल्टमैन ने दावा किया है कि जिस तेजी से एआई तकनीक दुनिया में पांव पसार रही है, उन्हें नहीं लगता कि उनका बेटा आगे की पढ़ाई के लिए कॉलेज जाएगा।अमेरिकी-यूरोपीय मुल्कों के आला दर्जे के विश्वविद्यालयों की प्रतिष्ठा अभी तक तो बची रही है। लेकिन एआई के तरह-तरह के मॉडल बनाने वाली कंपनियां जिस तेजी से शिक्षा के लिए चुनौतियां पेश कर रही हैं, उससे पारंपरिक शिक्षा का भविष्य सच में खतरे में है। अध्यापकों के लिए चुनौती यह है कि कैसे वे अपने छात्रों को एआई के इस्तेमाल से रोकें। स्कूल-कॉलेज के सामान्य पाठ्यक्रमों में ही नहीं, पीएचडी के लिए शोधकार्य कर रहे छात्र तक धड़ल्ले से एआई की मदद अपने



> एआई तकनीक मौलिक चिंतन की जगह नहीं ले सकती है। वह एक कैलकुलेटर की तरह गणनाएं कर सकती है, खुद में दर्ज डाटा की स्मृतियों के बल पर एक सवाल के कई जवाब दे सकती है, उनमें हर बार कोई नयापन ला सकती है, लेकिन जब बात किसी नई स्थिति में मौलिक उपाय सुझाने की आती है, तो मामला फंस जाता है।

शोधपत्र आदि में ले रहे हैं। ऐसा एक चर्चित मामला अमेरिका के मिनेसोटा विश्वविद्यालय का है, जहां पीएचडी के एक छात्र को परीक्षा में एआई के इस्तेमाल का दोषी पाते हुए निष्कासित कर दिया गया था। इससे उलट एक मामला नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी का है, जहां एक वरिष्ठ छात्रा ने अपने प्रोफेसर के खिलाफ यह शिकायत दर्ज कराई कि पढ़ाने के लिए उन्होंने जिस सामग्री का इस्तेमाल किया, वह हूबहू एआई टूल्स से तैयार की गई थी। छात्रा ने इस आधार पर अपनी ट्यूशन फीस वापसी की मांग की। प्रोफेसर ने कई एआई के इस्तेमाल की बात स्वीकार की और पारदर्शिता की जरूरत को माना।

आज जिस तरह का शिक्षा का मॉडल हमारे देश में अपनाया जा रहा है, उसमें उच्च शिक्षा का मतलब रैंकिंग और तरह-तरह के सितारे लगाने वाली शोध प्रणाली को अपनाने पर जोर है, वह कागजों पर आला दर्जे की लगती है। ऐसे नियमों-मानदंडों का पालन करने वाले शिक्षण संस्थान बड़े जोरशोर से अपनी रैंकिंग का ढिंढोरा पीटते हैं। लेकिन इन्हीं शिक्षण संस्थानों के छात्र न तो रोजगार बाजार में अपनी योग्यता साबित कर पाते हैं और न ही उनके शोध इंडस्ट्री में किसी काम के माने जाते हैं।

नकल करना एक बात है, मौलिक चिंतन (क्रिटिकल थिंकिंग) से कोई आविष्कार करना दूसरी बात है। समस्या यह है कि आज अगर कोई शिक्षक भी शोध का मौलिक प्रस्ताव या विचार लेकर अपने संस्थान की शोध-प्रबंधन इकाई के पास सीड-ग्रांट आदि के लिए जाता है, तो उसे यह कहकर दुत्कार दिया जाता है कि ऐसा तो अमेरिका में नहीं हुआ, आप यह प्रस्ताव नाहक ही हमारे पास लेकर आ गए। मौलिक चिंतन और मौलिक शोध को लेकर कायम इसी नकारात्मक सोच का नतीजा है कि हमारे ज्यादातर विश्वविद्यालय सिर्फ डिग्री देने की जगहों में तब्दील हो गए हैं।

ध्यान रखिए कि एआई तकनीक मौलिक चिंतन की जगह नहीं ले सकती है। वह एक कैल्कुलेटर की तरह गणनाएं कर सकती है, खुद में दर्ज डाटा की स्मृतियों के बल पर एक सवाल के कई जवाब दे सकती है, लेकिन जब बात किसी नई स्थिति में मौलिक उपाय सुझाने की आती है, तो मामला फंस जाता है। इसे इस तरह समझा जा सकता है कि चैटजीपीटी जैसे लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स के पास इतिहास संबंधी काफी डाटा होता है, लेकिन वे इतिहास और ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को सही तरीके से नहीं समझते हैं। ऐसे में या तो वे सवाल की भाषा और उपलब्ध डाटा के आधार पर ऐसा करीबी जवाब देने की कोशिश करते हैं जो आप सुनना चाहते हैं। समझना होगा कि एआई टूल्स अपने लिखे लेखों-निबंधों को भी नहीं समझते हैं। उन्हें उनमें पेश भाषाओं-शब्दों के वास्तविक अर्थ नहीं मालूम हैं। वे तो महज उन तथ्यों और भाषाओं को उस व्यवस्थित क्रम में ही पेश करते हैं, जिनका डाटा उन्हें उपलब्ध कराया गया है। उनसे मिली सामग्री की भाषा एक विशेषज्ञ द्वारा लिखी सामग्री जैसी हो सकती है, लेकिन वह तथ्यात्मक रूप से गलत हो सकती है। उनका संपादन अकादमिक स्तर का नहीं होगा। उनमें समीक्षा (रिव्यू) और संपादन की ऐसी त्रुटियां होंगी, जो प्रायः इंसान नहीं करते हैं। चूंकि एआई से तैयार सामग्री में तथ्यों को महज प्रोसेस करके पेश किया जाता है, इसलिए वह सामग्री न तो ज्ञान में इजाफा करेगी और न ही मौलिकता हासिल करने का अवसर देगी। इसलिए अगर पारंपरिक उच्च शिक्षा और शिक्षण संस्थानों को बचाना है तो मौलिक चिंतन की इसी परंपरा को बचाने की जरूरत है।

## ॥गीता॥



**शलोक**

**ज्ञातिभि र्वण्टयते नैव**
**चोरेणापि न नीयते।**
**दाने नैव क्षयं याति विद्यारत्नं महाधनम॥**

**भावार्थ**

यह विद्यारुपी रत्न महान धन है, जिसका वितरण ज्ञातजनों द्वारा हो नहीं सकता, जिसे चोर ले जा नहीं सकते, और जिसका दान करने से क्षय नहीं होता।

जीवन दर्शन

# लोभ, मोह और अविश्वास ले रहे अच्छाइयों की जगह

कलियुग में लोगों में अच्छाइयां कम होती जा रही हैं और उसकी जगह लोभ, मोह, भय, अविश्वास और अधर्म जैसी भावनाओं ने जगह ले ली है। इन भावनाओं के प्रबल होने के कारण आसुरी शक्तियों को मानव मन पर अपना प्रभाव डालने का मौका मिला गया है। भगवान श्रीकृष्ण ने भगवद् गीता में दैवीय और आसुरी प्रवृत्तियों के बारे में बताया है, जिसमें अहंकार, क्रोध और लोभ जैसे आसुरी गुण शामिल हैं। आचार्य प्रशांत के अनुसार, आसुरी शक्तियाँ तब सक्रिय होती हैं जब हम नकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा देते हैं, जैसे कि लोभ और क्रोध। आसुरी शक्तियाँ मानव की चेतना को प्रदूषित करती हैं और इसका मुख्य हथियार आस्था पर चोट होती है। जब आसुरी शक्तियाँ छल से काम करती हैं, तो उनसे निपटने के लिए हमें भी बुद्धिमत्ता से काम लेना चाहिए। कलियुग अधर्म का युग है और यही कारण है कि इस युग में नकारात्मक भावनाओं का प्रभाव बढ़ता ही जा रहा है। ये शक्तियाँ तब और अधिक प्रभावी होती हैं, जब हम स्वस्थ जीवनशैली, ध्यान और साधना से दूर होते हैं। इनसे बचने के लिए हमें अपने निर्णयों में विवेक और आत्मनिरीक्षण लाना होगा। जब कोई व्यक्ति अपने भीतर से श्रद्धा, विश्वास और प्रभु से जुड़ाव को खो देता है, तब वह भीतर से खाली हो जाता है और यही खालीपन नकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रण देता है। कोई व्यक्ति धीरे-धीरे इन शक्तियों में फंस रहा है, जैसे कि, अचानक आए भय, बुरे सपने, अजीब या अव्यावहारिक विचार, संबंधों में कटुता, अचानक गुस्सा आना, निराशा और आत्महत्या जैसे विचार। तो, आपकी भावनाएं नकारात्मक हो रही हैं या आपकी आभा कमजोर है, तो आप पर असुरी शक्तियों का प्रभाव बढ़ सकता है। शास्त्रों में कहा गया है - शठे शाठ्यं समाचरेत, यानि जब असुरी शक्तियाँ छल से काम करती हैं, तो उनसे निपटने के लिए हमें भी बुद्धिमत्ता से काम लेना चाहिए। कलियुग में असुरी शक्तियों से बचाव केवल बाहरी राक्षसों से नहीं, बल्कि हमारे भीतर के विकारों से लड़ने की प्रक्रिया है। पौराणिक ग्रंथों और संतों की शिक्षाओं के अनुसार, इनसे बचने के लिए हमें आत्मिक, मानसिक और व्यवहारिक स्तर पर सजग रहना होता है। भगवद् गीता में कहा गया है कि दैवी गुणों को अपनाकर ही आसुरी प्रवृत्तियों से बचा जा सकता है। इसलिए हमें सत्य, न्याय और करुणा को बढ़ावा देना चाहिए। सबसे शक्तिशाली कवच होता है- अडिग विश्वास। जब व्यक्ति अपने भीतर भगवान, सत्य और धर्म में गहरी श्रद्धा रखता है, तो कोई भी नकारात्मक शक्ति उसे छू भी नहीं सकती। ध्यान, प्राणायाम, शिव या ईष्ट का नाम जप, और सत्संग, ये सब साधन आत्मा को शक्तिशाली बनाते हैं। गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा और शिव तांडव स्तोत्र जैसे मंत्रों का नियमित जाप मानसिक शुद्धि लाता है। शास्त्रों में नकारात्मक ऊर्जा और असुरी प्रभावों से बचाव के लिए कई शक्तिशाली मंत्रों और स्तोत्रों का उल्लेख मिलता है।

**आचार्य प्रशांत**

प्रसंगवश

# क्या तीर्थ स्थलों पर भगदड़ों को नियति मान लिया जाए?

आम जन के मन में आराध्य-देव के प्रति आस्था है, लिहाजा दर्शन करने मंदिरों और तीर्थ-स्थलों तक जाते हैं। हमारी जिज्ञासा और सवाल ये हैं कि ऐसी तीर्थ-यात्राएं और आराध्य-देव के दर्शन 'मौत' में तबदील क्यों हो जाते हैं? भगदड़ के हादसे क्यों होते हैं? क्या ईश्वर अपने भक्तों, श्रद्धालुओं की निरंतर परीक्षा लेते रहते हैं? क्या ये मौतें भी इनसान की नियति ही हैं? क्षमा करें, हम आपकी आस्था का अपमान नहीं कर रहे हैं, ये सवाल आपकी आस्था को खंडित करने वाले नहीं हैं। प्रभु तक पहुंचने वाले रास्ते सुगम, सरल, सहज भी हो सकते हैं। हाल ही में हरिद्वार के माता मनसा देवी के मंदिर में भगदड़ मची, जिसमें 8 मासूम, बेगुनाहों की मौत हो गई और 30-40 लोग घायल बताए गए हैं। मौत का आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि 5 घायल 'गंभीर' हैं। एक संकरे रास्ते में 200-300 लोगों की भीड़ आपस में ऐसे चिपक गई थी कि सांस लेना दूभर था। ऐसे में ही भगदड़ मची और मौतें हुईं। दरअसल जहां भीड़ अनियंत्रित हो जाती है अथवा भीड़-नियंत्रण का प्रशिक्षण हमारी पुलिस और प्रशासन को प्राप्त नहीं है, उन स्थलों पर भगदड़ के हादसे अपरिहार्य हैं। वह महाराष्ट्र का मांडहर देवी मंदिर (300 मौतें), राजस्थान का चामुंडा देवी मंदिर (224 मौतें), केरल का सबरीमाला मंदिर (106 मौतें), मप्र का रतनगढ़ माता मंदिर (115 मौतें), झारखंड का बैद्यनाथ धाम (11 मौतें), जम्मू का माता वैष्णो देवी मंदिर (12 मौतें), बिहार का बाबा सिद्धनाथ मंदिर (7 मौतें), प्रयागराज महाकुंभ (30 मौतें) और तिरुपति मंदिर, कामाख्या मंदिर, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर आदि की लंबी सूची है। इन मंदिरों में असंख्य लोग अपनी-अपनी आस्था के मद्देनजर जाते हैं, लेकिन अव्यवस्था, अनियंत्रित भीड़, लापरवाह और संवेदनहीन पुलिस के कारण भीड़ में कुचले जाते हैं और जिंदगी पर पूर्णविराम लग जाता है। इन मंदिरों के परिसरों में आराध्य-देव का दैवीय चमत्कार क्यों नहीं होता, ताकि भक्त, श्रद्धालु कमोबेश भगदड़ में फंस कर न मरें। हम उप्र के हाथरस में 2 जुलाई, 2024 को नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ को भूल नहीं सकते, जिसमें 121 लोग मारे गए थे। उनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। क्या बाबा को दंड मिला? हम यही सवाल अन्य भगदड़ों के संदर्भ में कर रहे हैं कि हर हादसे के बाद न्यायिक जांच की घोषणा तो की जाती है, लेकिन कितनी जांचों की रपट सार्वजनिक की गई? कितने दोषी और जवाबदेह चेहरों को जेल में डाला गया? जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक का सिर्फ तबादला किया जा सकता है। उससे अधिक अधिकार सरकार के पास नहीं होते। अफवाह भी एक अपराध है, जो हादसों को जन्म देती है। मनसा देवी मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। किंवदंती है कि यहां माता सती का मस्तिष्क गिरा था। माता सती को मां पार्वती का पूर्व जन्म माना जाता है, लिहाजा इस मंदिर की मान्यता बहुत है। दरअसल सवाल व्यवस्था का है। मंदिर का ट्रस्ट मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए का मुआवजा दे सकता है, लेकिन संकरे रास्ते को कॉरिडोर में तबदील किए जाने की बात ही नहीं होती। श्रद्धालुओं से भी सविनय आग्रह है कि वे अपनी देखभाल खुद करना सीखें। बच्चों को ऐसे भीड़भाड़ वाले स्थलों पर न लाएं। यह भक्ति का मामला है, न कि आप पर्यटन पर जा रहे हैं। यदि एक संकरे रास्ते पर कई गुना भीड़ देख रहे हैं, तो प्रतीक्षा करें। अवकाश और पर्व के दिन दर्शन करने मत जाएं। आराध्य-देव के लिए सभी दिन शुभ और समान हैं। जब भीड़ कम हो, तो मंदिर के रास्ते पर कदम बढ़ाएं। यह आस्था और श्रद्धा का भी मामला है। आराध्य-देव घर बैठे भी आपकी आस्था को स्वीकार कर सकते हैं। श्रद्धालु खुद भीड़ का नियंत्रण करना सीख लें। सरकारों के भरोसे ना रहें।

> तीर्थ-यात्राएं और आराध्य-देव के दर्शन 'मौत' में तबदील क्यों हो जाते हैं? भगदड़ के हादसे क्यों होते हैं? दरअसल भीड़-नियंत्रण का प्रशिक्षण हमारी पुलिस और प्रशासन को प्राप्त नहीं है, लिहाजा जहां भीड़ अनियंत्रित हो जाती है, उन स्थलों पर भगदड़ के हादसे अपरिहार्य हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्मचारियों ने विजयवर्गीय को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की प्रमुख पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में अशोक पांडे, कृष्ण कुमार कहार, संजय हरियाले, कमलेश गौर, प्रशांत प्रधान, बाबूलाल साहू, राजकुमार, अरुण पंथी, रामेश्वर गौर, विनय श्रीवास्तव शामिल थे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि मांग कि गई है कि भोपाल नगर निगम के 10 साल के सेवा पूर्ण कर चुके दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाए, पीएफ राशि जमा की जाए, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को एरियर राशि का भुगतान तत्काल किया जाए, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों 29 दिवस के स्थान पर 30 दिवस का मासिक वेतन भुगतान किया जाए और अवकाश सुविधा का लाभ दिया जाए। मंत्री ने मांगों पर समुचित कार्यवाही करने आश्वासन दिया है।

### हिंदी विवि में एक दिन के कुलगुरु बने प्रो. वर्मा



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** अटल बिहारी वाजपई हिंदी विश्वविद्यालय में कुलगुरु पद का कार्यभार परिवर्तन संपन्न हुआ। वर्तमान कुलगुरु प्रोफेसर खेम सिंह डेहरिया ने बुधवार को अपने कार्यकाल की समाप्ति पर कुलगुरु का चार्ज प्रोफेसर राजीव वर्मा को सौंप दिया। वे प्रभारी रजिस्ट्रार के साथ अब कुलगुरु भी हो गए हैं। राजभवन द्वारा फीस कमेटी के ओएसडी प्रो देव आनंद हिंडोलिया को हिंदी विवि का कुलगुरु नियुक्त किया गया है। वे गुरुवार को पदभार ग्रहण करेंगे। प्रो वर्मा को यह कार्यभार अंतरिम रूप से सौंपा गया है। जब तक नव-नियुक्त कुलगुरु हिंडोलिया पदभार ग्रहण नहीं कर लेते। जैसे ही प्रो हिंडोलिया पदभार ग्रहण करेंगे वैसे ही प्रो वर्मा का कुलगुरु का प्रभार समाप्त हो जाएगा। वे सिर्फ रजिस्ट्रार के प्रभार में बने रहेंगे। हालांकि उन्हें यह प्रभार कुलगुरु डेहरिया ने दिया था। अब उनका कार्यकाल खत्म हो गया है। इसलिए कुलगुरु हिंडोलिया को उपस्थिति दर्ज कराते ही रजिस्ट्रार के प्रभार पर निर्णय लेना होगा। क्योंकि हाईकोर्ट के आदेश से रजिस्ट्रार शैलेंद्र जैन को हिंदी विवि में पदस्थ किया गया है।


# विपक्ष के विरोध के बीच पहला अनुपूरक बजट पारित

## विधानसभा: अनुपूरक पर सदन में हुई चर्चा के बाद 2335 करोड़ का बजट पारित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन डॉ. मोहन यादव सरकार का मौजूदा वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया। 2335.36 करोड़ के बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, लोकनिर्माण सहित अन्य विभागों को बजट उपलब्ध कराने का प्रावधान रखा गया है। अनुपूरक पर चर्चा के दौरान वित्त महकमा संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सभी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्पित है। जिनके विकास के लिए



मूल बजट में पर्याप्त प्रावधान किए गए थे, जहां राशि की जरूरत पड़ रही है, उसकी पूर्ति अनुपूरक बजट के माध्यम से की जा रही है। देवड़ा ने कहा कि चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों द्वारा अपने कर्तव्य को निभाते हुए प्रस्तावों की आलोचना तो की गई परंतु उनके विचारों में भी प्रदेश के विकास व प्रदेश की जनता के कल्याण के भाव मौजूद रहे। हमारा यह प्रयास रहेगा कि प्रदेश के विकास के लिए उनके द्वारा दिये गये सुझावों तथा अपेक्षाओं का समाधान उपलब्ध बजट से किया जा सके, फिर भी यदि वर्तमान प्रस्तावों से समाधान नहीं हो रहा होगा तब अन्य अवसरों पर विचार किया जायेगा। देवड़ा ने कहा कि यह अनुपूरक अनुमान पूर्व वर्षों की तुलना में अति अल्प राशि रुपए 2 हजार 356 करोड़ 80 लाख का है। इसमें राज्य की संचित निधि पर अतिरिक्त भार की राशि मात्र 506 करोड़ रुपए है। शेष की व्यवस्था भारत सरकार से केन्द्रीय योजनाओं एवं वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अंतर्गत प्राप्त होने वाली राशि से होगी। यह स्थिति इसलिए संभव हो पाई है क्योंकि हमारी सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट, जीरो बेस्ड बजट प्रक्रिया के नवाचार से तैयार किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रथम अनुपूरक अनुमान में मुख्य रूप से स्वास्थ्य क्षेत्रों के विकास एवं सुधार के लिए रुपए 1 हजार 602 करोड़ 30 लाख, अधोसंरचना के विकास के लिए रुपए 1 हजार 352 करोड़ 81 लाख, गृह विभाग के लिए 124 करोड़ 27 लाख, गैर सरकारी तकनीकी कॉलेज और संस्थाओं की सहायता हेतु रुपए 113 करोड़ 15 लाख, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के लिए रुपए 30 करोड़, के अतिरिक्त प्रावधान सम्मिलित हैं। कुल राजस्व प्रावधान रुपए 1 हजार 3 करोड़ 99 लाख रुपये एवं पूंजीगत प्रावधान रुपए 1 हजार 352 करोड़ 81 लाख रुपये कुल अनुपूरक प्रावधान रुपए 2 हजार 356 करोड़ 80 लाख रुपये है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का निरंतर प्रयास है कि प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र में अधिक से अधिक निवेश हो जिससे युवाओं के लिए रोजगारों का सृजन हो। सदन में प्रस्तुत प्रथम अनुपूरक अनुमान में सम्मिलित प्रस्ताव, प्रदेश के विकास के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। हमारी सरकार का यह अनुपूरक बजट, समावेशी, प्रगतिशील व भविष्य की सोच का बजट है। देवड़ा ने सदन में अपना जवाब यह कहते हुए पूरा किया कि मंजिलों पर जिन्हें जाना है, वे शिकवा नहीं करते, जो शिकवा करते हैं, वे मंजिल पर नही पहुंचते।



### अनुपूरक बजट कर्ज का खाका: सिंघार

इससे पहले अनुपूरक बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि यह अनुपूरक बजट वास्तव में कर्ज का खाका है। सरकार मार्च 2025 से लेकर जुलाई तक लगातार कर्ज ले रही है। दूसरी ओर, हर दिन डेढ़ करोड़ रुपये सिर्फ ब्रांडिंग पर खर्च किए जा रहे हैं। सालाना 560 करोड़ रुपये प्रचार में खर्च हो रहे हैं लेकिन कुपोषण, किसानों और गरीबों के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पास विदेश यात्राओं के लिए बजट है, लेकिन जनता की समस्याएं सुनने के लिए न समय है न इच्छाशक्ति। हर बार विधानसभा सत्र की अवधि जानबूझकर छोटी रखी जाती है ताकि जनहित के मुद्दों से



भागा जा सके। सरकार करोड़ों रुपये सत्र बुलाने पर खर्च करती है, लेकिन फिर भी जनता की आवाज को दबा देती है। सिंघार ने चर्चा के दौरान किसानों को खाद और बिजली नहीं मिलने,सोशल ऑडिट नहीं होने से जनता के सामने आ रही वास्तविक समस्याओं पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने स्मार्ट मीटर के तेजी से चलने पर सवाल उठाते हुए कहा कि 200 रुपये का बिजली बिल, 2000 रुपये तक आ रहा है। सिंघार ने कहा कि सरकार सिर्फ 3.5 प्रतिशत बजट ही अनुसूचित जनजाति विभाग को दे रही है। आदिवासियों को पट्टे देने में भी टालमटोल कर रही है। गूगल इमेजरी जैसे आधुनिक तरीकों से आदिवासियों की जमीन पर दावे की पुष्टि हो सकती है, लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर रही। शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक दर पर बिक्री हो रही है। उन्होंने विधायकों और पूर्व विधायकों के वेतन और भत्ते पर चिंता जताते हुए सिंघार ने कहा कि वर्तमान वेतन में कई विधायकों का गुजारा मुश्किल है। ये पक्ष विपक्ष की बात नहीं है। विधायक निधि भी कम से कम 5 करोड़ होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने बड़े उद्योगों को 1 रुपये में ज़मीन, जबकि छोटे उद्यमियों को लाखों में जमीन दी जा रही है। ऐसे में छोटे उद्योग कहां लगेंगे। सभी योजनाओं में करप्शन भरा पड़ा है। उन्होंने आयुष्मान योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि 1.3 लाख से अधिक कार्डधारकों ने प्रदेश के बाहर इलाज कराया। सिंघार ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं का सोशल ऑडिट अनिवार्य किया जाए ताकि भ्रष्टाचार उजागर हो सके और पारदर्शिता लाई जा सके।

## नक्शे नहीं होने से बंटवारे में बंट रहे हैं घर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान जमीनों के नक्शे (भू -अभिलेख) नहीं होने का मामला सामने आया। रामपुर बाघेलान से भाजपा विधायक विक्रम सिंह विक्की ने कहा कि नक्शे नहीं होने से कई बार परिवारों में बंटवारे के दौरान घर टूट रहे हैं और कानून व्यवस्था जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। इस पर सरकार ने कहा कि तीन माह के अंदर ड्रोन सर्वे के जरिए नक्शे तैयार कर लिए जाएंगे। प्रश्नकाल में विधायक सिंह ने सतना जिले का मामला उठाते हुए सवाल किया कि जिले नक्शा विहीन गांवों की वजह से वहां पर राजस्व विवाद जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने सवाल किया कि ऐसे गांवों के नक्शे कब तक बनाए जाएंगे। इन गांवों से जुड़े सीमाकंन और राजस्व मामलों के आवेदनों का किस आधार पर निराकरण किया जा रहा है। इस पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा सतना जिले में 214 नक्शाविहीन गांवों में 126 गांवों को नक्शे डिजिटालाइज कर भू-लेक पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे है। इनमें से बचे 118 गांवों के नक्शे नहीं है, जिनकी मैदानी मैपिंग कार्यवाही की जा रही है, इनमें रामपुर बाघेलान के 6 राजस्व गांवों के नक्शे भी शामिल है। इस पर विधायक सिंह ने मंत्री से इसकी समय सीमा पूछी, तब मंत्री वर्मा ने कहा कि तीन से चार माह के अंदर नक्शे उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

**भाजपा विधायकों ने सरकार से पूछे सवाल**

### कांग्रेस विधायक ने कहा-सवाल बदल दिया

कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि उनका मूल सवाल बदल दिया गया है। ऐसा किसने किया, इसकी जानकारी उन्हें मिलनी चाहिए। जंडेल ने आदिवासी की भूमि को गैर आदिवासियों को बेचने वाले का नाम दिए जाने और उसे खरीदने वालों की जानकारी देने को कहा। इस पर मंत्री करण सिंह वर्मा नेकहा कि सवाल नहीं बदला गया है,तो विधायक ने कहा कि उन्होंने अपने सवाल के जरिए आदिवासियों पिछले 15 सालों में की जमीन खरीदने की जानकारी मांगी थी,लेकिन उन्हें जो जानकारी दी गई है,वह सिर्फ 5 साल की है। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि यह सभी जिलों की स्थिति है। इस पर व्यवस्था तय होनी चाहिए।

### प्रक्रिया के तहत नहीं हुए टेंडर, पात्र को काम दिया जाए

विधायक हरीशशंकर खटीक ने सुजारा जलाशय से आखेटित मछली विक्रय हेतु हुई निविदाओं को लेकर विभागीय मंत्री से सवाल किया। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों को ठेका दिया गया है, उसे निरस्त किया जाए और पात्र व्यक्तियों को काम दिया जाए,क्योंकि ये टेंडर नियम प्रक्रिया के तहत नहीं कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री ने स्वीकार किया है कि टेंडर में गड़बड़ी है। अमान्य पाने पर भी संबंधित फर्म को काम दे दिया गया। सही दस्तावेज जमा नहीं कराए गए। विभाग के अधिकारियों द्वारा इस मामले में घुमा फिरा कर जवाब दिया गया। इस पर विभागीय मंत्री नारायण सिंह पवार ने कहा कि सभी उपस्थित निविदाकारों की जानकारी दी। सभी निविदाकारों पात्र पाए गए है। पहली बार 7 करोड़ का टेंडर हुआ है। इस बार 24 करोड़ का राजस्व सरकार को मिला है। इसमें किसी भी तरह की जांच की जरुरत नहीं है।

## संस्कृत भाषा के संरक्षण पर पक्ष-विपक्ष दिखे एक साथ

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भाजपा विधायक अभिलाष पांडे ने बुधवार को सदन में संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन को लेकर ध्यानाकर्षण लगाया। उन्होंने अपना वक्तव्य संस्कृत में पढ़ा। इसका जवाब विभागीय मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा संस्कृत में ही दिया गया, जिसे बाद में उन्होंने हिंदी में भी बताया। चर्चा के दौरान दोनों पक्षों के विधायकों द्वारा संस्कृत के महत्व,उसके संरक्षण और बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। वरिष्ठ विधायक पंडित गोपाल भार्गव ने बताया कि उनके द्वारा 22 सालों से संस्कृत विद्यालय जो अब महाविद्यालय में तब्दील हो चुका है,चलाया जा रहा है। आज तक सरकार द्वारा किसी भी तरह का न तो अनुदान दिया गया और न ही किसी भी तरह का सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पद बढ़ाए जा रहे हैं, लेकिन विद्यालयों पर किसी का ध्यान नहीं है। भार्गव ने कहा कि हमारे यहां के विद्यार्थियों और सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच संवाद कराएं तो पता चलेगा कि कौन श्रेष्ठ है। भार्गव ने कहा कि सरकार ऐसे विद्यालयों को चिन्हित करने समिति बनाए और उनकी रिपोर्ट मांग लें। कांग्रेस विधायक फुदंरलाल मार्को ने कहा कि जब कभी विद्यालयों में अतिशेष शिक्षकों की बात सामने आती है,तो संस्कृत के शिक्षकों को अतिशेष मान लिया जाता है। राधौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र स्थित संस्कृत विद्यालय की बात करते हुए कहा कि जब भी ऐसे विद्यालयों को लेकर समिति बनाई जाए,तो उन्हें भी शामिल किया जाए।

# आदिवासियों को बेदखल कर रही सरकार : कांग्रेस

## पत्ते लपेटकर विस पहुंचे कांग्रेसी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन भी कांग्रेस विधायकों का प्रदर्शन जारी था। बुधवार को आदिवासियों को उनकी जमीनों से बेदखल करने एवं पेसा एक्ट को सही तरीके से लागू नहीं करने के विरोध में पत्तों से बनी मालाएं पहनकर विधानसभा परिसर पहुंचे। यहां नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी। मानसून सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही प्रारंभ होने से पहले कांग्रेस विधायक पत्ते लपेटकर विधानसभा परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने गांधी प्रतिमा के पास जमकर नारेबाजी की और सरकार पर आदिवासियों के छलने और उन्हें जमीनों से बेदखल करने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों को वन पट्टों का अधिकार देना ही नहीं चाहती। प्रदेश में आदिवासियों की जमीनों से बेदखली की जा रही है, वन पट्टे निरस्त किए जा रहे हैं, पेसा कानून को जमीन पर लागू नहीं किया जा रहा है और आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों को छीना जा रहा है। भाजपा सरकार द्वारा आदिवासियों के भूमि पट्टे



निरस्त किए जा रहे हैं, जबकि 2006 के पहले से जमीन पर बसे हुए आदिवासियों को नियमानुसार पट्टे दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आदिवासी कई पीढ़ियों से रह रहे हैं। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि गूगल मैप और गूगल इमेजिंग जैसी तकनीकों का उपयोग कर यह प्रमाणित किया जा सकता है कि कौन आदिवासी कब से किस जमीन पर रह रहा है।

### भाजपा ने कसा तंज

कांग्रेस के इस प्रदर्शन को लेकर भाजपा विधायकों ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस का यही हाल रहा, तो एक दिन ऐसा भी आएगा, जब उन्हें अपने तन पर लपटने के लिए पत्ते भी नहीं मिलेंगे।

# प्रदेश मुख्यालय में रोज एक मंत्री रहेंगे मौजूद

## प्रदेश भाजपा की कामकाजी बैठक में नेताओं ने पदाधिकारियों को दिए निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में रविवार को छोड़कर हर दिन सरकार का एक मंत्री उपस्थित रहेगा जो कार्यकर्ताओं से लेकर विधायकों और संगठन के पदाधिकारियों से भेंट करेगा। जिलों में प्रभारी मंत्री और विधायक एक-एक दिन पार्टी कार्यालय में अपना समय देंगे। यह निर्देश बुधवार को पार्टी मुख्यालय में हुई भाजपा जिलाध्यक्षों,पार्टी पदाधिकारियों और प्रभारी मंत्रियों की बैठक में वरिष्ठ नेताओं द्वारा दिए गए। बैठक में बेहतर तालमेल के लिए अहम निर्णय लिए गए। मंत्रियों से कहा गया है कि पूर्व में निर्णय के अनुसार उन्हें सोमवार और मंगलवार को बंगलों में विधायकों से भेंट करेंगे, जिससे उनकी शिकायतें दूर की जा सकें। बैठक में जिलाध्यक्षों से कहा गया है कि उनके द्वारा निगम-मंडलों में नियुक्तियों के लिए उनके द्वारा नाम भेजे जाएं, लेकिन नामों का चयन करते वक्त ये देखा जाए कि संबंधित कार्यकर्ता को




किस आधार पर पद दिए जाने चाहिए। जिलाध्यक्ष ऐसे नाम नहीं भेजें, जिन्हें पूर्व में पद मिल चुके हैं।

**आदर्श स्थापित करें :** राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि जिला अध्यक्ष जिलों में भाजपा परिवार का मुखिया होते हैं। समन्वय और परामर्श से जिले में संगठन का आदर्श रूप स्थापित करें। जिला अध्यक्ष जिला कार्यालयों में कार्यकर्ताओं से मिलने का एक समय निश्चित कर उनकी बातों को सुनेंगे और चर्चा करेंगे तो संगठन को और मजबूती मिलेगी। मध्यप्रदेश का संगठन देश में एक आदर्श संगठन के रूप में है, इसका मुख्य कारण आप सभी कार्यकर्ताओं की लगन, मेहनत व निष्ठा ही है।

**समन्वय से काम करें:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं का व्यक्तित्व ऐसा होना चाहिए कि सभी हमारी बात को गंभीरता से सुनें। सत्ता हमारे लिए जनता की सेवा का माध्यम है। हमें समन्वय से कार्य करते हुए सक्षम कार्यकर्ता को आगे लाना है, जिससे सत्ता और संगठन के कार्यों का और अधिक विस्तार हो सके।

**कामों का प्रचार करें:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जनता के हितों में संचालित उल्लेखनीय कार्यों को सोशल मीडिया के जरिए प्रचारकरना है। हमें संगठन के कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर आयोजित कर जनता की सेवा में भी हमेशा तत्पर रहकर कार्य करना है। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि संगठन पर्व के अंतर्गत हमने 1.75 करोड़ नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ा है।

## अम्बाडे होंगे राज्य वन बल प्रमुख

**विशेष संवाददाता भोपाल।** शासन ने विजय कुमार एन अम्बाडे भावसे प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रबंध संचालक मप्र राज्य वन विकास निगम भोपाल को एक अगस्त 2025 से राज्य वन बल प्रमुख के रूप में नियुक्ति के आदेश जारी किये हैं। वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मप्र कैडर के सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी एवं वन्य प्राणी विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार शुक्ला को केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण में वरिष्ठ सलाहकार के पद पर मनोनीत किया है।

**वन कर्मी दिल्ली में सम्मानित :** केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मध्यप्रदेश टाइगर रिजर्व के वनकर्मियों को सम्मानित किया।

## मुख्यमंत्री ने बांटी जिम्मेदारी, एसीएस नीरज मंडलोई से होकर जाएंगी फाइलें

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सचिवालय में पदस्थ अधिकारियों के बीच कार्यविभाजन कर दिया है। नए अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई मुख्य समन्वयक के तौर पर कार्य करेंगे। उनके पास सभी विभागों की फाइलें पहले पहुंचेगी और उसके बाद ही मुख्यमंत्री के पास उन्हें भेजा जाएगा। एसीएस मंडलोई के पास सिंहस्थ जैसा महत्वपूर्ण कार्य के अलावा उज्जैन और इंदौर संभाग से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी होगी। पहले यह दायित्व एसीएस डॉ. राजेश राजौरा निभा रहे थे। मुख्यमंत्री द्वारा भेजी जाने वाली वाली सभी ए प्लस और ए मॉनिट नोटशीट्स विभागीय पत्र-निर्देशों की समीक्षा,नीतिगत फैसले और विशेष आयोजन के समन्वय का काभी भी एसीएस मंडलोई द्वारा देखे जाएंगे। सचिव आलोक कुमार सिंह गृह और सामान्य प्रशासन को छोड़कर अन्य सभी विभागों के स्थानांतरण प्रस्ताव, ग्रामीण शहरी क्षेत्र के सांसदों और विधायकों से जुड़े मुद्दों, नामांकनों, नियुक्तियों और कार्यालीन व्यवस्था का दायित्व निभाएंगे। सचिव इलैया राजा टी केन्द्र सरकार से संबंधित पत्राचार कार्यक्रमों, बैठकें और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का सग्रह और प्रचार प्रसार का काम देखेंगे। उन्हें सीएम ने आईटी व सीएम डैशबोर्ड की देखरेख की जिम्मेदारी भी सौंपी है। अपर सचिव चंद्रशेखर वालिंबे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम देखेंगे। सीएम के प्रदेश प्रवास के कार्यक्रम, सीएमसहायता कोष, जन सामान्य से प्राप्त आवेदन तथा दौरे के दौरान मिली समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा।

**निर्देश** | मुख्यमंत्री पहुंचे स्टेट कमांड सेंटर, बारिश प्रभावित जिलों के कलेक्टर से की बात

# राहत कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को होमगार्ड मुख्यालय स्थित स्टेट कमांड सेंटर पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों से अतिवृष्टि वाले जिलों में प्रभावितों को हर संभव मदद पहुंचाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने संबंधित कलेक्टरों से भी चर्चा की और उनसे साफ तौर पर कहा कि बचाव और राहत कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम ने वहां मौजूद मुख्य सचिव अनुराग जैन से कहा कि प्रभावित जिलों में तत्काल राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि जान-माल की सुरक्षा सर्वोपरि है। वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित होमगार्ड, आपदा प्रबंधन दल सब मिल जुलकर पूरी सजगता और सतर्कता से कार्य करें। उन्होंने आपदा नियंत्रण कक्ष से जिलों में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का लाइव ऑपरेशन का अवलोकन करने के उपरांत आपदा बचाव दल में तैनात अधिकारियों से बात की और राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली। डॉ. यादव ने बचाव दल के अधिकारियों से पूछा कि बाढ़ से बचाव में किसी प्रकार के संसाधन की कमी तो नहीं है। इस उन्हें अधिकारियों ने बताया कि सभी संसाधन उपलब्ध हैं और प्रशासन के साथ-साथ ग्रामीणों और सिविल सोसाइटी से भी मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री ने जलमग्न इलाकों से सुरक्षित निकाले गए पीड़ितों से रू-ब-रू चर्चा की और कहा कि उनके घर, सामान, फसल, पशु जिसकी भी हानि हुई है, सरकार उसकी समुचित भरपाई करेगी।



**पानी कम होते ही नुकसान का सर्वे करा लें**

सीएम ने प्रभावित जिलों के कलेक्टर से कहा कि उनके क्षेत्र में पानी कम होते ही जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे करा लें और अतिवर्षा तथा बाढ़ से जो भी नुकसान हुआ है, उन्हें समुचित मुआवजा देने के लिए विधिवत् प्रस्ताव तैयार कर लें। बाढ़ प्रभावितों को सुरक्षित निकालकर उनका जीवन बचाने में मदद करने वाले लोगों की सूची तैयार कर लें, सरकार ऐसे साहसी, परोपकारी और मददगार लोगों को आगामी 15 अगस्त और अन्य अवसरों पर भी सम्मानित करेगी। इस दौरान अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, डीजी होमगार्ड सुश्री प्रज्ञा श्रीवास्तव, एडीजी ए. सांई मनोहर, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एडीजी सोनाली मिश्रा की सेवाएं केंद्र को सौंपी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्य शासन ने प्रदेश की वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और वर्तमान में एडीजी भर्ती एवं चयन सोनाली मिश्रा की सेवाएं केंद्र सरकार को सौंप दी हैं। बुधवार को राज्य सरकार के गृह विभाग ने इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिए। 1993 बैच की आईपीएस अधिकारी सोनाली मिश्रा की विगत दिनों ही रेल सुरक्षा बल के महानिदेशक के तौर पर प्रति नियुक्ति की गई थी। सोनाली मिश्रा 1 अगस्त से नई दिल्ली में रेल सुरक्षा बल में डीजी का पद संभालेंगीं। सोनाली मिश्रा इससे पहले बीएसएफ एवं अन्य अर्ध सैनिक बलों में भी सेवाएं दे चुकी हैं।



## इंफोसिस में होगी ताबड़तोड़ हायरिंग

**मुंबई, जेएनएन।** एक तरफ जहां एआई के दौर में आईटी कंपनियों में ताबड़तोड़ छंटनी हो रही है, वहीं, एक कंपनी ऐसी भी है, जिसका प्लान आगे आने वाले समय में हजारों की तादाद में ग्रैजुएट्स की हायरिंग करने का है। हम यहां दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एआई सर्विस कंपनी इंफोसिस की बात कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इंफोसिस के सीईओ सलिल पारेख ने इस साल 20,000 कॉलेज ग्रेजुएट्स की भर्ती किए जाने की कंपनी की योजना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि साल की पहली तिमाही में 17,000 से ज्यादा लोग हायर किए गए। वहीं, इस साल 20,000 कॉलेज ग्रेजुएट्स को कंपनी में शामिल किए जाने का प्लान है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ-साथ कंपनी इन दिनों अपने वर्कफोस को बढ़ाने पर भी फोकस कर रही है। इस पर जानकारी देते हुए सीईओ ने बताया कि इंफोसिस ने दोनों ही क्षेत्रों में निवेश के साथ खुद को आगे बनाए रखा है।

## मासूम को स्टेशन पर छोड़कर भागी महिला

**जागरण, उज्जैन।** एक महिला उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर दूध मुंहे बच्चे को यात्रियों के पास छोड़कर फरार हो गई। महिला का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें वह बच्चे को छोड़ने के बाद रेलवे स्टेशन से भागते दिख रही है। यात्रियों ने बच्चे को पुलिस को सौंप दिया। यहां से उसे मातृ छाया भेजा है। जीआरपी पुलिस ने बताया कि राजस्थान से महाकाल दर्शन को आया परिवार शाम को वापस जाने प्लेटफार्म नंबर 1 पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इस दौरान करीब 6 माह का बच्चा गोद में लिए एक महिला उनके पास आई। कहा कि बच्चे को कुछ देर के लिए अपने पास रख लो, मुझे बाथरूम जाना है। महिला वहां से गई तो वापस लौट कर ही नहीं आई। यात्रियों ने उसे काफी खोजा लेकिन वो नहीं मिली। इसके बाद यात्री बच्चे को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मौके के सीसीटीवी फुटेज देखें जिसमें महिला स्टेशन से भागते हुए नजर आ रही है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है, वहीं बच्चे को मातृ छाया के सुपुर्द कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में तेजस्वी के साथ रैली करेंगे राहुल गांधी

**पटना, जेएनएन।** बिहार में चुनावी तैयारियों के बीच कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है। सीट शेयरिंग को लेकर बुधवार को पटना में महागठबंधन की बैठक हुई। इसे लेकर आरजेडी ने एक्स पर लिखा है कि महागठबंधन के अध्यक्ष तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में समन्वय समिति की मीटिंग हुई। वहीं ऐसा पहली बार है, जब महागठबंधन की बैठक से मुकेश सहनी गायब हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को भेजा है। सहनी फिलहाल दिल्ली में है। मीटिंग के बाद तेजस्वी ने कहा, आज इंडिया ब्लॉक की समन्वय समिति की बैठक हुई है और महत्वपूर्ण चर्चाएं की गई हैं। आने वाले कुछ दिनों में हम महागठबंधन के सभी साथी जनता के बीच जाएंगे। हम रैली भी करेंगे। बिहार की जनता के अधिकार को लेकर या जिस प्रकार से वोटर के नाम को काटा जा रहा है, इन बिंदुओं को लेकर हम जनता के बीच जाएंगे और इस यात्रा में राहुल गांधी भी शामिल होंगे। हम जनता के बीच जाकर अपने हर मुद्दे को स्पष्ट रखेंगे। पढ़ाई, दवाई, कमाई और सिंचाई में बिहार सबसे पीछे है और पलायन, गरीबी, बेरोजगारी में बिहार सबसे आगे है। हम सभी मुद्दों को साझा करेंगे।

### पंजाब में किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

**अमृतसर, जेएनएन।** पंजाब सरकार की जमीन अधिग्रहण से जुड़ी लैंड पूलिंग पॉलिसी के खिलाफ बुधवार को राज्यभर में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। मार्च संयुक्त किसान मोर्चे की अगुआई में आयोजित किया गया, जिसमें किसान मजदूर मोर्चे ने भी सहयोग किया। वहीं, लैंड पूलिंग का मुद्दा देश की संसद में भी उठाया गया। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष और लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने इस मामले को संसद में उठाते हुए आरोप लगाया कि पंजाब में किसानों से 5,000 एकड़ जमीन छीनी जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे पंजाब के किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बारिश के बावजूद सभी जिलों में किसानों ने हिस्सा लिया। किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल विशेष रूप से मौजूद है। कई अन्य किसान यूनियनों के नेतागण भी पहुंचे है। बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि पंजाब सरकार ने जो लैंड पूलिंग जारी की है। उसने बिना सोचे-समझे, बिना किसी सर्वेक्षण के, बिना किसी विशेषज्ञ की राय के, सीधे जमीन हड़पने के लिए हजारों एकड़ जमीन का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। राजेवाल ने कहा इससे कम से कम 20 हजार किसान परिवार बर्बाद होंगे।

### 8 एयरलाइनों में 263 सुरक्षा संबंधी समस्याएं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डीजीसीए के ऑडिट निष्कर्षों से पता चला है कि पिछले एक साल में ८ एयरलाइनों में 263 सुरक्षा संबंधी समस्याएं मिली हैं। इनमें सबसे ज्यादा 57 मामले एलायंस एयर में पाए गए। डीजीसीए ने एक बयान में कहा, ये निष्कर्ष अनुसूचित एयरलाइनों में सुरक्षा अनुपालन का आकलन करने के लिए किए गए नियमित ऑडिट, निरीक्षणों के दौरान दर्ज किए गए। ऑडिट कराने की जरूरत पर जोर देते हुए डीजीसीए ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की जरूरतों के आधार पर परिचालन सुरक्षा बढ़ाने, अनुपालन सुनिश्चित करने और एयरलाइन संचालन के सभी पहलुओं में निरंतर सुधार के लिए ऑडिट जरूरी हैं। यह निरीक्षण वार्षिक निगरानी योजना के अनुसार है। इसमें सबसे ज्यादा 57 खामियां एलायंस एयर में पाई गईं, उसके बाद एयर इंडिया में 51 और घोडावत स्टार में 41 खामियां पाई गईं। इंडिगो के 23, स्पाइसजेट के 14, क्विक जेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस के क्रमशः 35 और 25 निष्कर्ष थे। टाटा एसआईए एयरलाइंस (विस्तारा) के सबसे कम 17 निष्कर्ष थे। हालांकि, विस्तारा का पिछले साल अक्टूबर में एयर इंडिया में विलय हो गया था।




राजस्थान के भरतपुर जिले के सवाई माधोपुर में भारी बारिश के बाद रेलवे स्टेशन जलमग्न हो गया। स्टेशन पर चारों तरफ पानी भरने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### यूएनएससी सेंक्शंस मॉनिटरिंग टीम की रिपोर्ट

# पहलगाम आतंकी हमले के लिए टीआरएफ जिम्मेदार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की सेंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने ग्लोबल टेररिस्ट संगठनों पर बुधवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें माना कि पहलगाम हमले के लिए द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) जिम्मेदार है। टीआरफ ने हमले के बाद दो बार जिम्मेदारी ली। टीआरएफ ने हमले वाले दिन 22 अप्रैल को घटनास्थल की फोटो जारी की थी। दूसरे दिन फिर जिम्मेदारी ली, लेकिन 26 अप्रैल को अचानक दावा वापस ले लिया। इसके बाद टीआरएफ ने कोई और बयान नहीं दिया और किसी अन्य संगठन ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली। यूएन की 36वीं रिपोर्ट आतंकी संगठनों आईएसआईएल, अल-कायदा और उनसे जुड़े गुटों पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सदस्य देश ने कहा, यह हमला पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की मदद के बिना संभव नहीं था। टीआरएफ और एलईटी के बीच संबंध हैं, जबकि एक अन्य सदस्य देश ने एलईटी को निष्क्रिय बताया और इन दावों को खारिज किया।

**पाक के दबाव में हटाया था नाम:** यूएनएससी ने 25 अप्रैल को एक प्रेस बयान जारी कर आतंकवादी हमले की निंदा की थी, लेकिन उसमें टीआरएफ का नाम शामिल नहीं किया गया। इसके बाद पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने बताया था कि हमने टीआरएफ का नाम हटवाने की कोशिश की थी और उसे सफलतापूर्वक हटा भी दिया गया था। इससे पहले 18 जुलाई को अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी की लिस्ट में डाल दिया था।

#### ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में हंगामा, नाराज विपक्ष ने किया वॉकआउट

# मोदी राज्यसभा नहीं पहुंचे, ये अपमानः खरगे मेरे से निपट रहा, तो उन्हें क्यों बुलानाः शाह

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा के बीच बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सदन को संबोधित करने पहुंचे। इस पर विपक्ष ने हंगामा करते हुए पीएम मोदी को बुलाने की मांग की। इस पर शाह ने कहा, विपक्ष पूछ रहा है कि पीएम कहा हैं? पीएम इस वक्त ऑफिस में हैं, उन्हें ज्यादा सुनने का शौक नहीं है। मेरे से निपट रहा है, उन्हें क्यों बुला रहे हो। इस पर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'प्रधानमंत्री के दिल्ली में रहते हुए भी वो यहां नहीं आ रहे, ये तो सदन का अपमान है। सदन-सदस्यों का अपमान करना ठीक नहीं है।' इसके बाद विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। शाह ने कहा-पाकिस्तानी आतंकियों ने जो नुकसान किया, उसके जवाब में भारत सरकार और सेना ने जो मजबूत जवाब ऑपरेशन सिंदूर से दिया। ऑपरेशन महादेव में तीन आतंकी मारे गए। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर लगातार दूसरे दिन चर्चा हो रही है। शाह से पहले भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले हर जगह बम ब्लास्ट होते थे, लेकिन यूपीए सरकार पाकिस्तानियों को मिठाई खिलाती रही।



### खरगे-शाह में जोरदार बहस

पीएम के राज्यसभा में नहीं आने पर खरगे ने कहा-सदन के मेंबर्स का पहले से डिमांड है कि 16 घंटे चर्चा होने के बाद इस सदन में पीएम आकर बात रखेंगे और हमने जो भी सवाल उठाए हैं, वह उनसे संबंधित हैं। मैं ये नहीं कह रहा आप सक्षम नहीं हैं। पीएम के रहते हुए भी वो यहां नहीं आ रहे हैं, तो ये सदन का अपमान है। सदन का अपमान सदस्यों का अपमान ठीक नहीं है। शाह ने कहा-सुनिए खरगे साहब, ज्यादातर जरूरी मुद्दों पर कांग्रेस खरगे साहब को बोलने नहीं देती है, और वो अभी मुद्दे उठा रहे हैं। खरगे बोले-हम क्या यहां खेलने आए हैं। आप पीएम को यहां आने के लिए मना करते हैं। शाह बोले-मुझे मालूम है, खरगे क्यों जा रहे हैं, क्योंकि इतने सालों तक आतंकवाद को खत्म करने उन्होंने कुछ नहीं किया। वे डिबेट में जवाब सुन ही नहीं सकते।



### राहुल बताएं चीन से क्या रिश्ता

शाह ने आतंकी संगठनों पर बैन लगाने के फैसले, जांच एजेंसियों की ताकत और बढ़ाने लेने जैसे फैसले सदन में बताए। उन्होंने कहा-राहुल गांधी ने 2011 के हमले पर कहा था कि सभी आतंकी हमले नहीं रोके जा सकते, नेहरू ने कहा था आतंकी घुसपैठ नहीं रोकी जा सकती। क्या राहुल बता सकते हैं कि चीन के साथ उनका रिश्ता क्या है। हमारे सैनिक चीनी सेना की आंख में आंख डालकर खड़े थे। तब राहुल चीन के साथ बैठक क्या कर रहे थे। हिंदी-चीनी भाई-भाई ये इनका दिया हुआ नारा है। युद्ध की स्थिति में राहुल चीन के राजदूत के साथ कैसे बात कर सकते हैं। शाह ने कहा-हमने जम्मू-कश्मीर में 40 हजार नौकरियां दीं। 2014 से शुरू हुआ मंथन का असर है कि आज घाटी से आतंकवाद खत्म होने की कगार पर है।

### पाक का सच दुनिया के सामने लाएः जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा-हम पाकिस्तान का सच दुनिया के सामने लाए। खून-पानी एक साथ नहीं चलेगा। खड़गे ने कहा, लीडरशिप का मतलब है जिम्मेदारी लेना, न कि किसी को दोष देना। वे (मोदी) जवाब नहीं देंगे, वे अपने दोस्तों-मंत्रियों से कहेंगे कि जाओ जो कहना है कहो। 11 साल में कभी बहस में शामिल नहीं होते। एक व्यक्ति को इतना बढ़ावा मत दो, भगवान मत बनाओ। लोकतांत्रिक रूप से आया है, उसे इज्जत दो, पूजा मत करो।

### पाकिस्तान विभाजन पर हमने इंदिरा को बधाई दीः नड्डा

नड्डा ने कहा, पाक विभाजन पर हमने इंदिरा जी को बधाई दी थी। 2004 से 2014 तक हर शहर में धमाके होते थे, तब की सरकार असंवेदनशील थी। वही पुलिस और सेना थी, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी। 2009 के एससीओ सम्मेलन में 2008 में हुए इतने बड़े आतंकी हमले का कोई जिक्र नहीं हुआ। उस समय सरकार ने मुंबई हमलों को संघ की साजिश बताया और भगवा आतंकवाद के पीछे पड़े रहे।

### इंडिया-पाकिस्तान मैच पर पाबंदी लगे : प्रियंका

सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के साथ हमने पाकिस्तान की फिल्म इंडस्ट्री, न्यूज चैनल और इन्फ्लुएंसर्स पर पाबंदी लगाई। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट पर भी पाबंदी लगनी चाहिए। गृह मंत्री यदि आईसीसी चेयरमैन को बोल देंगे की इंडिया-पाकिस्तान मैच नहीं होगा तो नहीं होगा और ये ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी होगी।

### भारत अमेरिका का गुलाम बन गयाः टीएमसी

टीएमसी सांसद ममता ठाकुर ने राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान कहा-दुनिया देख सकती है कि भारत किस तरह पाकिस्तान का समर्थन करने वाले अमेरिका का गुलाम बन रहा है। युद्धविराम सफल नहीं रहा।

**एक चुटकी सिंदूर की कीमत आप क्या जानोः रेणुकाः** कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा-मोदी जी एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो। पीएम ने 26 लोगों की मौत पर कुछ नहीं कहा। यह पीड़ित परिवारों का अपमान है।

### हमले के लिए क्या नेहरू, ट्रंप इस्तीफा देंगे?: राउत

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, पहलगाम हमले की जिम्मेदारी कौन लेगा और कौन इस्तीफा देगा? क्या पंडित नेहरू, ट्रंप या वेंस इस्तीफा देंगे? गृह मंत्री शाह को इस्तीफा देना चाहिए। 24 घंटे में उपराष्ट्रपति का इस्तीफा लिया जाता है, लेकिन 26 लोगों की हत्या के बाद भी किसी का इस्तीफा नहीं और किसी से माफी नहीं ली जाती। राउत ने कहा-सरदार पटेल को प्रधानमंत्री न बनाकर हमने ऐतिहासिक भूल की।

## पुंछ में सेना का ऑपरेशन शिवशक्ति, 2 आतंकी ढेर

**जम्मू, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया है। अधिकारियों के मुताबिक, बॉर्डर पर तैनात जवानों ने मंगलवार देर रात देगवार सेक्टर के मालदीवलन इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद एनकाउंटर हुआ। इस ऑपरेशन को शिवशक्ति नाम दिया गया। आतंकियों के पास से 3 हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। पिछले तीन दिनों में सेना का यह दूसरा एनकाउंटर है। 28 जुलाई को श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में सुरक्षाबलों ने तीन पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर किया था। गृह मंत्री अमित शाह ने 29 जुलाई को लोकसभा में बताया था कि मारे गए आतंकियों में से एक पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी सुलेमान भी था। बाकी दो आतंकियों की पहचान जिबरान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। जिबरान 2024 के सोनमर्ग सुरंग प्रोजेक्ट पर हुए हमले में शामिल था।

**3 हथियार और गोला-बारूद भी बरामद**

#### गुजरात एटीएस को बड़ी कामयाबी

## अल कायदा से जुड़ी महिला गिरफ्तार, झारखंड कनेक्शन

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात एटीएस (आतंकवाद निरोधी दस्ते) ने बेंगलुरु से 30 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया है, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से जुड़ी हुई थी और उसके प्रचार में लगी थी। एटीएस ने बताया कि आरोपी महिला का नाम शमा परवीन है, जो आरटी नगर बेंगलुरु में रह रही थी। आरोपी महिला दो फेसबुक पेज और एक इंस्टाग्राम हैंडल चला रही थी, जिसके 10,000 फॉलोअर्स थे और जहां पर एक्यूआईएस और कुछ अन्य कट्टरपंथी धार्मिक नेताओं की भड़काऊ, भारत विरोधी सामग्री साझा करती थी। गिरफ्तारी के बाद उसे बुधवार सुबह अहमदाबाद लाया गया। गुजरात एटीएस के डीआईजी ने कहा, आरोपी महिला मूलतः झारखंड की रहने वाली है और बीकॉम तक पढ़ी हुई है। वह बीते कुछ वर्षों से मां और भाई समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बेंगलुरु में रह रही थी। आरोपी महिला को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके फोन को भी जब्त किया गया था, जिसकी शुरुआती जांच के दौरान हमें पता चला है कि वह कई पाकिस्तानी वॉट्सएप अकाउंट्स से जुड़ी हुई है।



## पत्रकार चंद्राकर हत्याकांड में एक्शन पीडब्ल्यूडी के 5 अफसर गिरफ्तार

**रायपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सड़क निर्माण में गड़बड़ी की खबर दिखाने पर पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले में बुधवार को पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। गंगालूर-मिरतुल सड़क निर्माण की गड़बड़ी में शामिल लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के 5 बड़े अफसरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या के बाद जांच के लिए एसआईटी गठित कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एएसपी ने बताया कि विभाग के 5 अफसरों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें 2 रिटायर्ड ईई, एसडीओ और सब इंजीनियर शामिल हैं। इन्हें 2 दिन के रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है। चंद्राकर की हत्या गंगालूर-मिरतुल सड़क में भ्रष्टाचार की खबर को दिखाए जाने के बाद हुई थी। मुकेश ने ठेकेदार के भ्रष्टाचार को उजागर किया था। हत्याकांड के बाद डिप्टी सीएम और पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव के निर्देश पर दो अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी, जिन पर अपराध दर्ज किया गया था, उसमें बीजापुर के तत्कालीन ईई बीएल ध्रुव, एसडीओ आरके सिन्हा, उप अभियंता जीएस कोडोपी समेत कई अन्य अधिकारियों के नाम शामिल हैं। पत्रकार मुकेश का शव 3 जनवरी को ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के बाड़े के सैप्टिक टैंक से बरामद किया गया था। मामले में सुरेश, रितेश, दिनेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## बुर्किना फासो में आतंकी हमला, 50 सैनिकों को मारकर एयरपोर्ट जलाया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम अफ्रीकी देश बुर्किना फासो एक बड़े आतंकी हमले से दहल गया है। आतंकियों के एक ग्रुप ने डार्गो में बने मिलिट्री बेस को निशाना बनाया है। इस हमले में 50 सैनिकों की मौत हो गई। इस आतंकी हमले में जमात अल-नस्ल वाल-मुस्लिमीन (जेएनआईएन) नाम के आतंकी संगठन का हाथ बताया जा रहा है। आतंकी हमला बौल्सा प्रांत के डार्गो में सोमवार को हुआ, इसकी जानकारी एक सामुदायिक नेता और एक निवासी ने मंगलवार को दी। इस हमले को अंजाम देने करीब

**100**

**आतंकवादी मिलिट्री बेस में घुसे**

100 आतंकवादी आए थे। मिलिट्री बेस पर हमला कर आतंकियों ने पहले सैनिकों की हत्या की और फिर अड्डे को लूटकर जला दिया। बुर्किना फासो की सैन्य सरकार ने अभी तक हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जमात अल-नस्ल वाल-मुस्लिमीन पर इस हमले को अंजाम देने का शक है। जेएनआईएन पश्चिम अफ्रीका में हमले करने वाले कई सशस्त्र समूहों में से एक है। इस आतंकी संगठन पर सैकड़ों नागरिकों और सैनिकों की मौत का आरोप है। बुर्किना फासो में उन संगठनों द्वारा हमलों में तेजी देखी जा रही है, जिनका अधिकांश हिस्सों पर खासकर राजधानी के बाहर नियंत्रण है। बिगड़ती सुरक्षा स्थिति ने देश में राजनीतिक उथल-पुथल को जन्म दिया है और लगातार तख्तापलट का बहाना बन गया है। सैन्य नेता इब्राहिम त्राओरे, राजनीतिक और सैन्य सहयोगियों के पुनर्गठन के बावजूद इस्लामी समूहों पर लगाम लगाने में नाकाम रहे हैं।

## ठाणेः फूड डिलीवरी एजेंट समेत मप्र के दो गिरफ्तार

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 2.184 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग जब्त की है, जिसकी बाजार में कीमत करीब 3.97 करोड़ रुपये है। इस सिलसिले में एक फूड डिलीवरी एजेंट समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पहली कार्रवाई में 36 वर्षीय इरफान अमानुल्ला शेख को उलवे (रायगढ़) से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से 1.522 किलोग्राम एमडी जब्त की गई, जिसकी कीमत 3.04 करोड़ रुपये आंकी गई है। एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड ने 27 जुलाई को मिली गुप्त सूचना के आधार पर दिवा गांव के पास जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ा। उसके खिलाफ शिल डाईघर पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई में मध्य प्रदेश के मंदसौर निवासी शाहरुख सत्तार मेवासी उर्फ रिजवान (28) को कलवा इलाके से पकड़ा गया। उसके वाहन से 662 ग्राम एमडी बरामद हुई जिसकी कीमत 92.68 लाख रुपये है। पुलिस का मानना है कि वह अंतरराज्यीय ड्रग गिरोह से जुड़ा है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

**चार करोड़ रुपए की एमडी ड्रग जब्त**

## एक्टर पृथ्वीराज की वाइफ हुईं ट्रोलिंग का शिकार

**मुंबई, जेएनएन।** एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन की वाइफ सुप्रिया मेनन ने बताया है कि उन्हें पिछले सात साल से ऑनलाइन हैरेस किया जा रहा है। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में दी है। सुप्रिया ने उस ट्रोल को फटकार लगाई है। सुप्रिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक स्क्रीनशॉट पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने सार्वजनिक रूप से उस महिला का नाम लिया, जो कथित तौर पर उन्हें सालों से ट्रोल कर रही है। स्टोरी में वो लिखती हैं, क्रिस्टीना एल्डो से मिलिए। ये ज्यादातर अकाउंट्स पर भद्दे कमेंट्स करती हैं, जो मेरे बारे में कुछ पोस्ट करते हैं। ये लगातार फर्जी अकाउंट बनाकर पोस्ट करती रहती थी और मैं उसे ब्लॉक। मुझे कई साल पहले पता चला कि वो कौन है, लेकिन मैंने रहने दिया क्योंकि उसका एक छोटा बेटा है। यहां तक कि उसने जो फिल्टर लगाया है, वो भी उसकी अंदर की कुरूपता को छिपा नहीं पा रहा। जो वो मुझ पर 2018 से उगल रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रिया को परेशान करने वाली क्रिस्टीना एल्डो उर्फ क्रिस्टीना बाबू कुरियन एक मलयाली नर्स है, जो अमेरिका में रहती है। सुप्रिया को इस महिला ट्रोल के बारे में सार्वजनिक रूप से लिखने के लिए मजबूर होना पड़ा, जब उसने उनके दिवंगत पिता पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। साल 2023 में, सुप्रिया ने अपने परिवार पर टिप्पणी के बाद कानूनी कार्रवाई करने का संकेत दिया था। बता दें कि पृथ्वीराज सुकुमारन से शादी करने के पहले सुप्रिया जर्नलिस्ट थीं।



#### सख्ती ऑस्ट्रेलिया सरकार ने सोशल मीडिया को लेकर पिछला फैसला बदला

# यूट्यूब अकाउंट के लिए 16 की उम्र जरूरी

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने 10 दिसंबर से यूट्यूब पर 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खातों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। पहले यूट्यूब को इस नियम से छूट दी गई थी, लेकिन अब इसे भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की श्रेणी में शामिल किया गया है। सरकार ने यह कदम बच्चों को ऑनलाइन नुकसान से बचाने और उनके कल्याण को ध्यान में रखते हुए उठाया है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने घोषणा की है कि दिसंबर से यूट्यूब उन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में शामिल होगा, जहां अकाउंट बनाने के लिए कम से कम 16 साल की उम्र जरूरी होगी। सरकार ने यूट्यूब को इस प्रतिबंध से छूट देने के फैसले को पलटा है।

पिछले साल नवंबर में जब संसद ने यह कानून पास किया था, तब फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए रोक लगाई गई थी, लेकिन यूट्यूब को इससे छूट दी गई थी। बुधवार को संचार मंत्री एनीका वेल्स ने स्पष्ट किया कि किन ऑनलाइन सेवाओं को उम्रसीमा वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म माना जाएगा और किन्हें इस नियम से छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह नियम 10 दिसंबर से लागू होगा और अगर कोई प्लेटफॉर्म नाबालिगों को रोकने के लिए जिम्मेदार कदम नहीं उठाता, तो उस पर पांच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 33 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। हालांकि जिम्मेदार कदमों की स्पष्ट परिभाषा नहीं दी गई है।

वेल्स ने यूट्यूबर पर यह नियम लागू करने का बचाव किया और कहा कि अमेरिकी कंपनी अल्फाबेट (यूट्यूबर की मालिक) की कानूनी कार्रवाई की धमकियों से सरकार पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा, सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, 10 में से चार ऑस्ट्रेलियाई बच्चे बताते हैं कि उन्हें हाल ही में जो नुकसान हुआ, वह यूट्यूबर पर हुआ था। हम बच्चों के कल्याण के लिए लड़ी जा रही इस लड़ाई में किसी कानूनी धमकी से डरने वाले नहीं हैं। बच्चे यूट्यूबर पर वीडियो देख सकेंगे, लेकिन वे अपना खुद का अकाउंट नहीं बना सकेंगे। यूट्यूब ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया दी और कहा, यह सरकार की पहले की स्पष्ट और सार्वजनिक प्रतिबद्धता के खिलाफ है, जिसमें यूट्यूब को प्रतिबंध से छूट दी गई थी। यूट्यूबर ने बयान में कहा, हम भी सरकार के इस विचार से सहमत हैं कि ऑनलाइन नुकसान को कम किया जाए। लेकिन हमारी स्थिति स्पष्ट है। यूट्यूब एक वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म है, जो अब टीवी स्क्रीन पर भी देखा जा रहा है। यह सोशल मीडिया नहीं है। यूट्यूब ने यह भी कहा कि वह आगे की प्रक्रिया पर विचार करेगा और सरकार से बातचीत करेगा। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा, सितंबर में न्यूयॉर्क में यूएन के मंच पर ऑस्ट्रेलिया इस नीति के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगेगा। उन्होंने कहा, मैंने दूसरे देशों के नेताओं से बात की है और वे भी इस मुद्दे को लेकर चिंतित हैं कि सोशल मीडिया उनके बच्चों पर क्या प्रभाव डाल रहा है। यह सिर्फ ऑस्ट्रेलिया की नहीं, पूरी दुनिया की समस्या है।



### बिना निजी दस्तावेज मांगे देने होंगे विकल्प

पिछले साल सरकार ने इसकी जांच शुरू की थी कि बच्चों को सोशल मीडिया से कैसे दूर रखा जा सकता है और कौन-सी तकनीक इसका समाधान दे सकती है। यह रिपोर्ट जून में आनी थी, लेकिन अभी तक सरकार को उसकी अंतिम सिफारिशें नहीं मिली हैं। मंत्री वेल्स ने कहा कि यूजर्स को उम्र साबित करने के लिए पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज अपलोड नहीं करने होंगे। उन्होंने कहा, प्लेटफॉर्म को ऐसे विकल्प देने होंगे, जिससे वे बिना निजी दस्तावेज मांगे ही उपयोगकर्ता की उम्र का अनुमान लगा सकें। ये प्लेटफॉर्म बहुत सटीक तरीके से जानते हैं कि हम कौन हैं, क्या करते हैं और कब करते हैं। इन्हें पता है कि आपने 2009 से फेसबुक चलाना शुरू किया था, यानी आपकी उम्र 16 साल से ज्यादा है।

## निठारी कांड में खारिज हुईं सभी 14 याचिकाएं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में आरोपी सुरेंद्र कोली को बरी करने के खिलाफ दायर 14 अपीलों को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट का कोली को बरी करने का फैसला गलत नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि जिस समय नाले से बच्चों के सिर और अन्य हिस्सों की अस्थियां बरामद हुईं, वह बरामदगी कोली के बयान के आधार पर नहीं की गई थी। ऐसे में यह सबूत के तौर पर मान्य नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जब तक पुलिस किसी आरोपी का बयान ठीक तरीके से दर्ज नहीं करती और उसके बाद बरामदगी कराई जाती है, तब तक वह बरामद सामान अदालत में सबूत नहीं माना जा सकता। इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पहले ही यह कहते हुए कोली को बरी कर दिया था कि केस में पर्याप्त और कानूनी रूप से मान्य सबूत नहीं हैं।

# नशे से दूरी, है जरूरी कार्यक्रम का सीएम राइज विद्यालय में हुआ समापन



## अगर युवा पीढ़ी बिगड़ेगी तो देश का भी नुकसान होगा : मनोज सोनी

**जागरण, पलेरा।** नगर में पुलिस के प्रदेश व्यापी अभियान नशे से दूरी है जरूरी का समापन बुधवार 30 जुलाई को सीएम राइज विद्यालय में किया गया। यह अभियान 15 जुलाई से चल रहा था। समापन कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे का आदी व्यक्ति अधिक अपराध करता है। नशे से शारीरिक नुकसान होता है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही आर्थिक नुकसान भी होता है। उन्होंने कहा कि अगर युवा पीढ़ी बिगड़ेगी तो देश का भी नुकसान होगा।

### 15 दिन लोगों को किया गया जागरूक

थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने 15 दिवसीय अभियान के बारे में बताया कि इस प्रदेश व्यापी अभियान के दौरान पलेरा पुलिस ने जागरूकता अभियान, मैराथन, पंपलेट वितरण और पोस्टर लगाकर नशे के नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिससे बचना जरूरी है। नशा दिमाग को भ्रमित करता है और आने वाली पीढ़ी को इससे बचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील है कि अगर नशे से संबंधित कोई सूचना मिले तो पुलिस को अवश्य बताएं।

### नशा मुक्ति की शपथ ली

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया और अपने विचार व्यक्त किये। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक, पार्षद अभय मोर, राजेश नायक, प्राचार्य महेश रावत ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर खेलकूद युवक कल्याण विभाग ब्लॉक समन्वयक हसरुद्दीन खान ने शासकीय मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल में एथलेटिक्स खिलाड़ियों को नशा मुक्ति अभियान से संबंधित दिशा निर्देश व जागरूकता अभियान के तहत समझाइश दी तथा नशा मुक्ति की शपथ ली।

## नयाखेरा के पास ऑटो पलटने से 11 लोग घायल, 2 की हालत गंभीर



**जागरण, पवई।** पवई थाना क्षेत्र के पवई-करहीं रोड पर नयाखेरा के पास ऑटो पलटने से 11 लोगो के घायल होने का मामला सामने आया है. बताया जाता है कि पवई नगर के वार्ड नम्बर 8 निवासी मुलिया चौधरी, सोमवाती चौधरी, बारिलाल चौधरी, देवरा चौधरी, कस्तूरी बाई, झनकी बाई, कौसालिया चौधरी, आरती चौधरी, ननती बाई, राममिलन चौधरी, भगवती बाई धान रूपाई हेतु छिरहा हार जा रहे थे। तभी नयाखेरा के पास ऑटो अनियात्रित होकर पलटने से सभी लोग घायल हो गए। आनन फानन में सभी घायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंचे, जहाँ डॉक्टर अंकित पाण्डेय एबं स्टॉफ द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया. गंभीर रूप से 2 घायलों को जिला अस्पताल पन्ना रेफेर किया गया।

## विकासखण्ड स्तर पर दिव्यांग शिविर 2 अगस्त से

**जागरण, पन्ना।** शिक्षा विभाग द्वारा आगामी 2 से 11 अगस्त तक विकासखण्ड स्तर पर दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन एवं पर्यावरण निर्माण कार्यक्रम अंतर्गत दिव्यांग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में 2 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय गुनौर, 4 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पवई, 6 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय शाहनगर, 8 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ तथा 11 अगस्त को शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 पन्ना में शिविर लगाया जाएगा।

# ओवरलोडिंग पर आरटीओ की सर्जिकल स्ट्राइक

## सागर बायपास पर चला जांच अभियान, 15 से अधिक वाहनों की जांच, 6 पर चालानी कार्रवाई

**जागरण, टीकमगढ़।** जिले में परिवहन नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अब सख्त रवैया अपनाया जा रहा है। बुधवार सुबह आरटीओ विभाग ने सागर बायपास पर बड़ा जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान 15 से अधिक वाहनों की सघन जांच की गई, वहीं 6 वाहनों पर मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। यह विशेष कार्रवाई आरटीओ मनोज तेनगुरिया के नेतृत्व में की गई, जिसमें यात्री बसों, टेक्सियों और भारी वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान ओवरलोडिंग, चालक-परिचालक की यूनिफॉर्म नहीं होना, फिटनेस प्रमाण-पत्र में गड़बड़ी, तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी जैसे मामलों में जुर्माने लगाए गए। आरटीओ मनोज तेनगुरिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना है। ओवरलोडिंग और लापरवाही सड़क हादसों को बढ़ावा देती है। यह मुहिम सड़क सुरक्षा को लेकर चलाई जा रही है और आगे भी ऐसे अभियान लगातार चलते रहेंगे।

### चालकों की मनमानी, बच्चों की जान जोखिम में

शहर में कई स्कूल बसों और टेक्सियों में भारी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। क्षमता से अधिक बच्चों को भरना वाहन चालकों के पास लाइसेंस और दस्तावेजों की कमी बिना यूनिफॉर्म और बिना परिचालक के वाहन संचालन पुराने वाहनों की फिटनेस और ब्रेक व्यवस्था में खामियां स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने मांग की है कि स्कूली वाहनों पर भी कड़ी जांच की जाए। आरटीओ विभाग से अपेक्षा की जा रही है कि वह जल्द ही स्कूल बसों और टैक्सी वाहनों पर विशेष अभियान चलाकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

# नपा अध्यक्ष पप्पू मालिक और सीएमओ भदौरिया की पहल पर हटाई गई मिट्टी, लोगों को मिली राहत

**जागरण, टीकमगढ़।** सुभाषपुरम कॉलोनी की खस्ताहाल सड़क ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बुधवार रात नगर पालिका द्वारा सड़क पर डाली गई मिट्टी ने हालात और बिगाड़ दिए। मिट्टी गीली होने से दोपहिया व चारपहिया वाहन फंसने लगे और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। गुरुवार सुबह कॉलोनीवासियों ने वार्ड पार्षद अजय यादव को जानकारी दी। पार्षद ने तत्परता दिखाते हुए जेसीबी मशीन मंगाकर सड़क से मिट्टी हटवाई। लोगों को थोड़ी राहत तो मिली, लेकिन असली समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। इस मामले की जानकारी जब नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मालिक और सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया को दी गई तो उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए उपयंत्री अजय दीक्षित को निर्देशित किया। उपयंत्री ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से मिट्टी हटवाई और रास्ते को अस्थाई रूप से दुरुस्त कराया गया। स्थानीय निवासी सुदीप मिश्रा का कहना है कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है। नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी विभाग आपसी जिम्मेदारी तय करने के बजाय एक-दूसरे पर दोष मढ़ते आ रहे हैं। नगर पालिका का कहना है कि सड़क पीडब्ल्यूडी की है, जबकि पीडब्ल्यूडी विभाग का दावा है कि यह सीसी सड़क नगर पालिका द्वारा बनाई गई थी।

### सुरक्षा और सुविधा है सर्वोपरि : नपा अध्यक्ष

इसी दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पप्पू मालिक ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है। विभागीय समन्वय के जरिए जल्द ही स्थायी समाधान निकाला जाएगा। सड़क की मरम्मत को लेकर प्राथमिकता से काम किया जा रहा है।

### नागरिको को नही आने देगे कोई परेशानी : सीएमओ

वही सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि नागरिकों की परेशानी को प्राथमिकता पर लिया गया है और समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया है। उपयंत्री अजय दीक्षित ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और आगे स्थायी समाधान के लिए रिपोर्ट तैयार करने की बात कही।

# लाखों का कीमती सोना लेकर फरार हुए, सोने-चाँदी की दुकान पर काम करने वाले आरोपी कारीगर को पश्चिम बंगाल से किया गया गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से 08 लाख रुपये नगदी व 04 ग्राम 950 मि.ग्राम सोना किया जब्त



**जागरण, पन्ना।** पुलिस द्वारा देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र से लाखों का कीमती सोना लेकर फरार हुए, सोने-चाँदी की दुकान पर काम करने वाले आरोपी कारीगर को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले में फरियादी द्वारा दिनांक 18.07.25 को थाना देवेन्द्रनगर में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि वह सोमनाथ यात्रा हेतु परिवार सहित दिनांक 09.07.25 को बाहर गए थे। जाने से पूर्व उन्होंने अपनी दुकान में कार्यरत कारीगर आलमगीर शेख को लगभग 250 ग्राम वजनी सोने की पत्तियाँ, आभूषण निर्माण हेतु सौंपी थीं।

यात्रा से लौटने पर फरियादी ने पाया कि दुकान और ऊपर बना रिहायशी मकान दोनों बंद हैं और कारीगर का मोबाइल भी बंद है। फरियादी की शिकायत पर आरोपी द्वारा अमानत में दी गई वस्तु का दुरुपयोग कर फरार हो जाने पर थाना देवेन्द्रनगर में मामले मे सुसंगत विभिन्न धाराओं मे प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले के आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारम्भ की गई। लगातार पतारसी एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी पश्चिम बंगाल राज्य के हुगली जिले में छिपा हुआ है। त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी शेख आलमगीर को जिला हुगली, पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह देवेंद्रनगर स्थित दुकान मे काम करता था जहां मौके का फायद उठाकर उसने सोना लेकर कुछ हिस्सा नागौद की एक दुकान में बेचा एवं शेष सोना अपने गृह ज़िला हुगली में फेरीवालों को बेचकर नगदी अर्जित की है। पुलिस टीम द्वारा मामले मे नागौद स्थित सोना खरीदने वाले दुकान मालिक सहित गिरफ्तार दोनो आरोरियों को न्यायालय पेश किया गया है।

**जप्त सामग्री-** आरोपी के कब्जे से नगद राशि 8,00,000/-(08 लाख रुपये)

सह-अभियुक्त (सोना खरीदने वाला व्यक्ति) के कब्जे से कुल 4 ग्राम 950 मिलीग्राम सोना।

**नाम पता आरोपी-** 1. शेख आलमगीर अली पिता शेख कयूम अली उम्र 36 साल निवासी आरासुचिया थाना चण्डीतला जिला हुगली पश्चिम बंगाल।

2. अतुल लक्ष्मण जगताप पिता लक्ष्मण जगताप उम्र 35 साल हाल निवासी दद्दूसागर शराफा बाजार नागौद जिला सतना। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर रामआसरे सोनकर, देवेन्द्रनगर थाना स्टाफ एवं सायबर सेल पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

## लक्ष्मी देवी यादव का निधन

**जागरण, पवई।** शहर के रानीगंज मोहल्ला निवासी बाँदा वाले के नाम से प्रख्यात द्वारिका प्रसाद यादव की धर्म पत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी यादव का गत 23-24 जुलाई की रात्रि 11ः30 बजे दुखद निधन हो गया है ।श्रीमती यादव लगभग 78 वर्ष की थी।श्रीमती यादव जनार्दन यादव ,मिथलेश सिंह, शिव कुमार पप्पू यादव बीजेपी नेता की माता जी थी । आर्मी में पदस्थ इंद्रजीत यादव , अमन यादव, विकास यादव, नीरज यादव , सुजल यादव, लकी यादव की दादी जी थी, तथा सुशील , आशीष यादव की नानी जी थी। श्रीमती यादव अपने जीवन काल में चारों धाम तीर्थ यात्रा के साथ भागवत कथा का रसपान कर चुकी थी। इसके साथ ही भगवान भोलेनाथ का एक मंदिर का निर्माण जीवन काल में उनके द्वारा पति के सहयोग से कराया गया है। साथ ही चित्रकूट में कई वर्ष तक वास किया। अंतिम समय में अस्वस्थ होने के कारण पन्ना में ही काफी समय से निवासरत थी। श्रीमती यादव काफी ही मृदुल ,शांत स्वभाव की थी। उनके निधन पर पन्ना शहर के सभी गणमान्य नागरिकों पत्रकार बंधुओ समाजसेवियों, व्यापारी बंधुओ ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांत के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। श्रीमती यादव का आज रानीगंज मोहल्ला स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

# छत्रसाल महाविद्यालय के लेखापाल श्री जगदीश वाल्मीकि का सेवानिवृत्ति समारोह संपन्न हुआ



**जागरण, पन्ना।** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्रचार डॉक्टर एस डी चतुर्वेदी के नेतृत्व में लेखापाल श्री जगदीश कुमार वाल्मीक का विदाई समारोह आयोजित किया गया। आज के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर पी पी मिश्रा ने बताया कि आपकी प्रथम नियुक्ति इसी महाविद्यालय में हुई थी और आज विदाई समारोह भी इसी महाविद्यालय से हो रहा है जो की एक संयोग है। आपकी कार्य करने की क्षमता, सरलता और सहजता एवं ईमानदारी काबिले तारीफ रही है। इस गरिमामय विदाई कार्यक्रम वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जेके वर्मा, डॉ मनोरमा गुप्ता, डॉ आर एम दत्ता विभाग अध्यक्ष जंतु विज्ञान, डॉ राजीव सिंह प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय खोरा, श्री सिद्धू सिंह प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गुन्नौर, श्रीमती पूनम सिंह प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय अमानगंज, डॉ सचिन गोयल विभाग अध्यक्ष वाणिज्य, डॉ बी एन जायसवाल सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, डॉ नंद कुमार पटेल सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र, डॉ डीपी कुशवाहा विभाग अध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ एमके शुक्ला विभाग अध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, डॉ आनंद चौरसिया सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र, डॉ सतीश कुमार त्रिपाठी विभाग अध्यक्ष संस्कृत, डॉ राममोहन तिवारी विभाग अध्यक्ष अंग्रेजी साहित्य, डॉ गुलाबधर विभाग अध्यक्ष इतिहास, डॉ ऋषभदेव साकेत सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान, धर्मेंद्र यादव क्रीड़ा अधिकारी, शुभम पाठक नव नियुक्त सहायक प्राध्यापक संस्कृत, डॉ पीयूषा शर्मा, डॉ अरविंद मंडोलिया, डॉ पुष्पराज चौरसिया, डॉ निशांत खरे, डॉ अरविंद निषाद, डॉ रचना गुप्ता, डॉ अमिता सिन्हा, विपिन कुमार ग्रंथपाल एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी विदाई समारोह में उपस्थित रहे।

# शिक्षक केशव प्रसाद शुक्ला सेवानिवृत्त, विद्यालय परिवार ने दी भावभीनी विदाई



**जागरण, बनौली, पवई।** बनौली संकुल अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला बड़खेरा में पदस्थ रहे वरिष्ठ शिक्षक केशव प्रसाद शुक्ला के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों ने शुक्ला जी के शैक्षिक योगदान और अनुशासनप्रिय कार्यशैली की सराहना की। शुक्ला जी ने अपने 30 वर्षों से अधिक की सेवा अवधि में विद्यार्थियों के शैक्षणिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शुक्ला जी हमेशा शिक्षा को एक साधना मानते रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में कई छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे हैं। विदाई समारोह में संकुल प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावकगण और ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने शुक्ला जी के स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानजनक भविष्य की कामना की। शिक्षक शुक्ला जी ने भावुक होकर अपने अनुभव साझा किए और सभी सहयोगियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ विभागीय अधिकारी शासकीय दायित्वों का करें निर्वहन : संभागायुक्त

## नवागत कमिश्नर ने ली समीक्षा बैठक

## समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही के दिए निर्देश

## निरीक्षण व्यवस्था को बनाएं प्रभावी



**जागरण, पन्ना।** शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी हितग्राहीमूलक योजनाओं में बगैर कारण के राशि भुगतान में विलंब न हो। सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ तन्मयता से शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें। आमजनों के साथ अच्छा व्यवहार भी रखें। यह बात सागर संभाग के नवागत कमिश्नर अनिल सुचारी ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न विभागीय समीक्षा बैठक में कहीं। संभागायुक्त श्री सुचारी ने पन्ना के प्रथम प्रवास के दौरान आयोजित परिचयात्मक समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर श्री सुचारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के शेष कार्यों को बारिश के बाद अनवरत रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत विकासखण्डवार लक्ष्य मुताबिक पौधारोपण की कार्ययोजना पर चर्चा कर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के तहत बच्चों को मीनू अनुसार पौष्टिक भोजन के वितरण, रसोईयों का समय पर भुगतान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के प्रकरणों का समय पर निराकरण सहित कल्याणी विवाह योजना के प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन व बेहतर क्रियान्वयन के लिए निरीक्षण व्यवस्था को भी प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित परियोजनाओं के परीक्षण व टंकी निर्माण सहित अन्य कार्यों को भी तय समय सीमा में पूर्ण करने की हिदायत दी। साथ ही फॉरेस्ट क्लीयरेंस सहित साइट वेरीफिकेशन कार्य भी जल्द पूर्ण कराने तथा निरंतर रूप से कार्यों की मॉनीटरिंग की बात भी कही। उन्होंने कहा कि कार्य उपरांत समानांतर रूप से रोड रेस्टोरेशन कार्य भी पूर्ण कराया जाए, जिससे आमजनों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**31 अगस्त तक हैण्डओवर करें सांदीपनि विद्यालय पन्ना का भवन :** कमिश्नर श्री सुचारी ने सांदीपनि विद्यालय पन्ना के निर्माण एजेन्सी के अधिकारी से भवन पूर्णता तथा गुणवत्ता संबंधी कार्यों की जानकारी लेकर आगामी 31 अगस्त तक भवन हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी 31 अक्टूबर तक जिला अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण का कार्य पूर्ण करने के लिए भी कहा। इस दौरान सीएमएचओ को स्वास्थ्य संस्थाओं में सुधार के लिए अपेक्षित प्रयास करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न योजनाओं में गत वर्ष से बेहतर परिणाम लाने के निर्देश दिए। सभी परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों के कार्य की सतत् मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, पोषण आहार वितरण की निगरानी व सत्यापन के लिए वीडियोग्राफी कराने, लाडली लक्ष्मी योजना एवं मातृ वंदना योजना में समस्त पात्र बालिकाओं व महिलाओं को लाभांवित करने सहित पोषण पुर्नवास केन्द्रों को निरंतर सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन स्थिति की जानकारी लेकर गत वर्ष में 50 प्रतिशत से कम परिणाम वाले स्कूलों को खराब रिजल्ट के कारणों पर फोकस कर वर्तमान सत्र में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर किताब वितरण, संस्था में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की मॉनिटरिंग, जनप्रतिनिधियों से साईकिल वितरण कराने सहित सतत रूप से शालाओं के निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया।

**नामांकन, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरण न रहें लंबित :** कमिश्नर ने कहा कि समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निर्धारित दिवसों पर न्यायालय में बैठना सुनिश्चित करें। इसके लिए अधीनस्थ अधिकारियों को भी पाबंद किया जाए, जिससे पक्षकारों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। अपरिहार्य कारणों से राजस्व न्यायालय में न बैठने की स्थिति में पूर्व सूचना दें। उन्होंने समस्त राजस्व अधिकारियों को दौरा प्रोग्राम निर्धारित कर टूर डायरी संधारित करने के लिए भी कहा। साथ ही नामांकन, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों में समय पर वांछित कार्यावाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके अलावा राजस्व अधिकारियों को नसीहत दी की बगैर दर्ज किए कोई भी प्रकरण लंबित न रहें तथा प्राथमिकता क्रम से आवेदकों के सीमांकन प्रकरणों का निपटारा हो। अधीक्षक भू अभिलेख को डिजिटाईजेशन कार्य एवं जीर्ण-शीर्ण नक्शों संबंधी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। फसल बीमा के प्रकरणों में सूक्ष्मता से निरीक्षण की बात भी कही। श्रम विभाग अंतर्गत संबंधित अधिकारियों को समन्वय कर स्थानीय निकायों के संबल योजनाओं के प्रकरणों का अविलंब निराकरण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों में भी संवेदनशीलता के साथ प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। वन विभाग अंतर्गत पौधरोपण कार्यों की जानकारी ली। इसके अलावा खाद्य विभाग अंतर्गत तीन माह के एकमुश्त राशन का पारदर्शिता के साथ वितरण तथा समय पर खाद्यान्न उठाव के निर्देश भी दिए। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तहत उद्यानिकी फसलों के रकबा तथा विभागीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों के संबंध में पूछा।

**कृषि विभाग का मैदानी अमला किसानों के सतत संपर्क में रहे :** संभागायुक्त द्वारा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक से बोवनी की स्थिति, मुख्य फसलों के उत्पादन, बीज वितरण सहित खाद उपलब्धता के बारे में जानकारी लेकर सैम्पलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को किसानों के सतत संपर्क में रहकर समस्याओं के समाधान तथा लाभकारी कृषि कार्यों एवं योजनाओं के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी को केसीसी, टीकाकरण तथा गौशालाओं में गौवंश के लिए समुचित प्रबंध सहित विभिन्न योजनाओं में हितग्राही चयन के संबंध में निर्देशित किया गया। इसी तरह जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान छात्रवृत्ति एवं शिष्यवृत्ति के भुगतान, छात्रावासों में गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न एवं सामग्री की उपलब्धता सहित शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लाभ प्रदान करने सहित नियमित रूप से छात्रावासों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों को पाबंद करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शत् प्रतिशत सेचुरेशन के निर्देश भी दिए गए।

**बिजली आपूर्ति व्यवस्था में लाएं सुधार :** कमिश्नर ने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घरेलू, ग्रामीण व कृषि फीडर अंतर्गत बिजली आपूर्ति व वितरण व्यवस्था में सुधार का प्रयास किया जाए। कृषि फीडर में निर्धारित 10 घंटे बिजली सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित हो। विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर का भी अविलंब सुधार कार्य पूर्ण किया जाए। साथ ही शिविर लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान हो। ग्राम पंचायतों में पेयजल नल कनेक्शन के बेहतर संचालन के लिए भी विद्युत लाइन संबंधी सुधार कार्य तत्काल करें। कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग के पुल-पुलिया में आवश्यक सुधार कार्य के संबंध में भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जल संसाधन विभाग के अधिकारी को बांधों की मॉनिटरिंग, जानकारी अद्यतन रखने सहित भू अर्जन से संबंधित समस्या के निराकरण एवं विस्थापन राशि के समुचित रूप से वितरण के लिए निर्देशित किया। किसी भी स्थिति में बगैर सूचना के बांध से पानी नहीं छोड़ने एवं स्थिति का आकलन कर पानी छोड़ने के निर्देश भी दिए। साथ ही केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत विस्थापित ग्राम एवं परिवारों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुरेश कुमार सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, एसडीएम संजय नागवंशी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

कमिश्नर श्री सुचारी ने समीक्षा बैठक के उपरांत बायपास रोड स्थित शासकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान यहां निवासरत छात्रों से आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने बताया कि छात्रावास में खाने की गुणवत्ता ठीक नहीं है। साथ ही टंकी व मोटर खराब होने से पेयजल की समस्या भी बनी रहती है। यहां टेलीविजन की उपलब्धता भी नहीं है। साथ ही पर्याप्त प्रकाश एवं साफ सफाई का भी अभाव है। इस पर कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त कर अधीक्षक को फटकार लगाई एवं सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी। उन्होंने छात्राओं से अन्य समस्याओं के बारे में भी पूछा तथा व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही महत्वपूर्ण संपर्क नंबर इंद्राज कराने सहित वांछित तथा जरूरी कार्यों के प्रस्ताव के संबंध में जिला संयोजक से चर्चा की। संभागायुक्त ने छात्रावास परिसर एवं शौचालयों का भी अवलोकन किया। इस दौरान भी सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अभाव पाया गया।

# वेद प्रकाश विंध्य क्लब की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी में निर्विरोध महासचिव निर्वाचित




## एनटीपीसी विंध्याचल में विंध्य क्लब चुनाव 25-27 डिजिटल माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न

जागरण, विंध्यनगर

एनटीपीसी विंध्याचल में आज विंध्य क्लब चुनाव 25.–27 सफलता और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। यह चुनाव एक प्रभावी पारदर्शी और डिजिटल नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। अधिकारियों एवं उनके परिवारों के कल्याण हेतु संचालित विंध्य क्लब समुदाय को ज्ञानवर्धक और मनोरंजक गतिविधियों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस वर्ष भी डिजिटल वोटिंग प्रणाली के माध्यम से चुनाव संपन्न हुआ जिससे यह प्रक्रिया न केवल तेज़ पारदर्शी और कागज़ रहित रही बल्कि इसका संचालन भी अत्यंत सरल और सहज रहा। 69 प्रतिशत मतदान के साथ यह चुनाव उच्च सदस्य सहभागिता का प्रतीक बना। सभी मतदाताओं प्रत्याशियों और समन्वयकों ने डिजिटल प्रणाली को सराहा और इसे एक सकारात्मक व उपयोगकर्ता अनुकूल अनुभव बताया। चुनाव प्रक्रिया का सफल संचालन चुनाव अधिकारी डी.के.अग्रवाल महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री एवं उप चुनाव अधिकारी सुश्री मृणालिनी अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसके सफल आयोजन में आईटी एवं मानव संसाधन टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष रूप से सौरभ बनौधा उप महाप्रबंधक आईटी आशीष खंडेलवाल उप महाप्रबंधक आईटी कुंदन किशोर उप महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं श्रीमती कामना शर्मा उप महाप्रबंधक मानव संसाधन का डिजिटल प्रणाली के कुशल संचालन हेतु सराहनीय योगदान रहा।

### विंध्य क्लब की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी 2025-27

विंध्य क्लब की नव.निर्वाचित कार्यकारिणी में वेद प्रकाश महासचिव निर्विरोध निर्वाचित संयुक्त सचिव. हनुमान सोनी संयुक्त सचिव. कंचिपाटी रामू कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित विशाल गोयल संयुक्त कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित सत्ती नवीन रेड्डी कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती मालविका अवस्थी कार्यकारिणी सदस्य निशांत कुमार कार्यकारिणी सदस्य अंकित गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य अविनाश जनार्दन भट्ट कार्यकारिणी सदस्य डॉ. विपिन कुमार उपाध्याय शामिल हैं। परिणामों की घोषणा के उपरांत चुनाव अधिकारी एवं सहायक चुनाव अधिकारी ने सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी एवं चुनाव में सहयोग प्रदान करने वाली आईटी और मानव संसाधन टीम की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। यह सफल एवं सुगम डिजिटल चुनाव प्रक्रिया एनटीपीसी विंध्याचल की तकनीक.सम्मत समावेशी और पारदर्शी प्रशासनिक प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करती है जो एक सशक्त एवं सहभागी कर्मचारी समुदाय के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# पुलिस के नशा मुक्ति अभियान को ठेंगा दिखा रहे इटमां के शराब कारोबारी

**जागरण, सरई।** थाना अंतर्गत थाना से लगभग 2 कि.मी. दूर इटमां में अवैध शराब का गोरख धंधा बड़ी तेजी से फल. फूल रहा है। नगर परिषद क्षेत्र सरई के वार्ड क्र. 10 का मामला है। यहां दूसरे गांवों के भी शराबी शराब पीने आते हैं। जिससे शराब कारोबारियों का धंधा बढ़िया चल रहा है। लोग शराब के नशे में घुत होकर अश्लीलता का प्रदर्शन करते देखे जाते हैं। जिससे रोड चलने वाले लोगों को अपमान का घूंट पीना पड़ रहा है। इटमां के 50 प्रतिशत घरों में शराब बनाई व बेंची जाती हैं। गांव में अवैध शराब की पर्याप्त उपलब्धता से किशोर पीढ़ी भी नशे के लत से जकड़ रहे हैं। इसके अलावा नशेड़ियों के घर .परिवार के भी लोग उनके गलत व गंदी हरकतों से परेशान रहते हैं। यहां तक की कुछ किशोर लड़के शराब के आदी होकर अपना पढ़ाई भी छोड़ चुके हैं। बीच–बीच में शराबियों द्वारा मध्य सड़क पर झगड़े व गाली गलौच भी किया जाता है। इटमा के प्रबुद्ध लोगों ने इस समस्या पर चिंता जाहिर की है। वैसे तो स्थानीय पुलिस विद्यालयों में पहुंचकर नशा के विरुद्ध कार्यक्रम कराया है। फिर भी ग्रामीणों में कोई असर नहीं देखी जा रही है। बीुद्धजीवियों ने प्रशासन से इटमां के अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# महापौर की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की हुई बैठक



**जागरण, बैढ़न।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मेयर इन काउंसिल के सदस्य खुर्शिद आलम,अंजना शाह श्रीमती शिवकुमारी कुशवाहा, श्यामला, रीता देवी जापति, बबली शाह, रूकमन प्रजापति नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा के उपस्थिति में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम चर्चा उपरांत मेयर इंन काउंसिल की पूर्व बैठक के कार्यवाही विवरण का सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। तत्पश्चात नगर निगम सिगरौली के वार्ड 32 में स्थित कादम्बरी काम्प्लेक्स के दुकानदारों द्वारा दुकानों के व्यवस्थापन किए जाने हेतु प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व में जिन्हे दुकान आवटित की गई थी ऐसे आवंटियों के संबंध में विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिया गया। मेयर इन काउंसिल की बैठक में मण्प्रण् अचल सम्पत्ति अन्तरण नियम 2016 में संशोधित नियम 2023 के तहत 5 वर्ष से अधिक समय तक किराएदार के रूप में दुकानों में व्यवसायरत किराएदार को व्यवस्थापन पद्यति से दुकानों का आंवटन किया जा सकता है। उपरोक्त सभी दुकानदार 5 वर्ष से अधिक समय से दुकानों में काबिज है। उपरोक्त सभी दुकानदार अप्रैल 20 से दुकानों का किराया जमा करना बन्द कर दिया है।

वर्ष 25.–26 के कलेक्टर गाइडलाईन अनुसार प्रति दुकान रूपये 59058 लागत मूल्य निर्धारित हो रही है। अतः उपरोक्त वर्णित सभी किराएदारों से बकाया किराया मांह अप्रैल 20 से वर्तमान तक का जमा कराते हुए म.प्र. अचल सम्पत्ति अन्तरण नियम 2023 के प्रावधान अनुसार व्यवस्थापन पद्यति से दुकानों के आवंटन के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त आर पी बैस सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी सहायक आयुक्त एच एम श्रीवास्तव कार्यपालन यंत्री प्रदीप चडार लेखाधिकारी अनुपम दुबे सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी अभयराज सिंह आलोक टीरु एस एन द्विवेदी सहायक विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# प्रकृतिक आपदा से पीड़ित व्यक्ति को उपलब्ध कराई गई राहत राशि

**जागरण, बैढ़न।** प्रकृतिक आपदा अतिवृष्टि से पीड़ित जिले के ऐसे नागरिक जिनके आवास फसलए पशु हानि सहित आकाशीय बिजिली की चपेट में आने से पीड़ित व्यक्तियो के राहत राशि वितरण की समीक्षा कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने व्हीसी के माध्यम से की। एवं अनुभागवार राहत राशि वितरण की जानकारी ली। जिसके तहत सभी राजस्व अधिकारियो द्वारा अवगत कराया गया कि अपने अपने अनुभागो में पीड़ित व्यक्तियो के सम्पत्तियो का सर्वे कराकर उन्हे राहत राशि उपलंब्ध करा दी गई है। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियो को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्रो के पटवारियो द्वारा एक बार फि्र से सर्वे कराये कि कोई पीड़ित व्यक्ति छूटा तो नही है अगर त्रृटिवश कोई पीड़ित छूट गया है तो उसके क्षतिग्रस्त सम्पत्ति का आकलन कर राहत राशि उपलंब्ध कराये। उन्होने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करे कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति राहत राशि से वंचित न रहे।

# एनसीएल के दोहरे मापदंड के विरोध में मौन जूलूस आज

**जागरण सिंगरौली।** सिंगरौली विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक अमित कुमार तिवारी ने बताया कि एनसीएल के दोहरे मापदंड के खिलाफ आज एक अगस्त को मौन जूलूस निकालकर एनसीएल मुख्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेगा। एनसीएल जयंत व दुधीचुआ खदाने के विस्तार के लिए सिंगरौली जिले के मोरवा का विस्थापन करने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण पर है। इस दरम्यान एनसीएल दोहरे मापदंड अपना रहा है जो कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। एनसीएल के इसी मनमाने रवैये के खिलाफ़ 1 अगस्त को एक मौन जुलूस निकाल कर एनसीएल की तानाशाही के खिलाफ़विरोध दर्ज करने का मन मोरवा के आम आवाम ने बनाया है। उन्होंने बताया कि मोरवा बाज़ार गंगोत्री होटल के समीप से मुँह पर काली पट्टी बाँधकर स्थानीय लोग एनसीएल मुख्यालय पहुंचकर उनके पक्षपात पूर्ण रवैये के खिलाफ ज्ञापन सौंपेंगे। इस दरमियान के अन्य पीड़ित आवाम तख्ती लिए हुए पैदल चलेगी। उन्होंने बुनियादी कराकर मोरवा की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर एनसीएल के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज कराने की अपील भी की है।

# संदीपनि सीएम राइज विद्यालय सरई की केश कुमारी सिंह सेवानिवृत्ति हुई

**जागरण, सरई।** जिले के संदीपनि सीएम राइज विद्यालय सरई में आज विद्यालय की श्रीमती केश कुमारी सिंह सेवानिवृत्ति हुई में आज विद्यालय में सेवारत भृत्य श्रीमती केश कुमारी सिंह सेवानिवृत्ति हुई हैं। विद्यालय परिवार द्वारा उनके सेवानिवृत्ति पर समारोह पूर्वक कार्यक्रम रखा गया। श्रीमती केश कुमारी सिंह अपने 46 वर्ष के सेवाकाल में सबके लाड़ली बहन लाडली बुआ लाडली चाची बनी रहीं। इनकी सेवा का संपूर्ण समय सरई क्षेत्र में ही बीता है। इनके जीवन की यात्रा सदा अनुकरणीय रही है। आपने अपने सेवा के दौरान विद्यालय को एक परिवार के रूप में पिरोए रखा। श्रीमती सिंह सेवा समर्पण और सादगी की प्रतिमूर्ति रही हैं। विद्यालय के कण कण में आपकी विनम्रता समय निष्ठा और कर्मठता की खुशबू विद्यमान है। इन्होंने विद्यालय की व्यवस्था को सदैव सुव्यवस्थित बनाए रखा एवं छात्र.छात्राओं को हमेशा



अनुशासन में रहने की सीख देती रहीं। आपका स्नेहिल व्यवहार कर्तव्यपरायणता ईमानदारी एवं सहृदयता के लिए विद्यालय परिवार सदैव आपका आभारी रहेगा। विद्यालय परिवार ने श्रीमती सिंह को शाल .श्रीफल प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया है। अंत में संपूर्ण विद्यालय परिवार ने श्रीमती सिंह को सेवानिवृत्ति के उपरांत स्वस्थ जीवन सुखमय जीवन सम्मानपूर्ण जीवन व्यतीत करने के लिए ईश्वर से कामना की है आपके सेवा का योगदान सदा सराहनीय रहा है।

# जुलाई में एनसीएल से 78 कर्मी हुए सेवानिवृत्त

## एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया




**जागरण, सिंगरौली।** आज नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल से 10 अधिकारी और 68 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से मुख्य प्रबन्धक सिविल अमरनाथ राम वरीय निजी सहायक भू सम्पदा विभाग बिरेन्द्र सिंह बिष्ट सुपरवाइजर टेलिकॉम ई एंड टी श्याम लाल पाल पंप ऑपरेटर नगर प्रशासन बनारसी प्रसाद बसोर एवं पंप ऑपरेटर नगर प्रशासन हजारी सेवानिवृत्त हुए। इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष.सह.प्रबंध निदेशक सीएमडी बी. साईराम निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीकी सुनील प्रसाद सिंह मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अन्य अधिकारीगण कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के अध्यक्ष.सह.प्रबंध निदेशक बी.साईराम ने सेवानिवृत्त कर्मियों को कंपनी की उरोत्तर प्रगति में योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उनके सुखद और स्वस्थ भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान निदेशक वित्त रजनीश नारायण ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों की पूर्ति को अपूर्णीय बताते हुए उनके आगामी मंगल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी सुनील प्रसाद सिंह ने एनसीएल के विकास में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के अतुलनीय योगदान की सराहना की एवं उन्हें स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन हेतु शुभकामनाएँ दीं। समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने अपने कार्यकाल की स्मृतियों को साझा किया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों से जुड़े संस्मरण एवं विचार व्यक्त किए। अंत में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियो/कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित उपादेय भेंट किए गए। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किए गए।

# उपखंड अधिकारी चितरंगी ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण बन्द मिला विद्यालय, अनुपस्थित रहे शिक्षक

**जागरण, चितरंगी।** उपखंड अधिकारी चितरंगी सुरेश जादव द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कुशमहवा शासकीय प्राथमिक शाला मुड़हेर शासकीय प्राथमिक शाला बहरीदार का औचक निरीक्षण किया। वहीं पर शासकीय प्राथमिक शाला कुसमहवा में तला लगा हुआ पाया गया और शिक्षक व छात्र अनुपस्थित रहे शासकीय प्राथमिक शाला मुड़हेर में शिक्षक सुनील कुमार उपस्थित मिले किन्तु उनके द्वारा समय से पहले ही विद्यालय को बंद कर दिया गया था वहीं शासकीय प्राथमिक शाला बहरीदार के निरीक्षण में पाया गया कि अतिथि शिक्षक कुछ छात्रों को बरामदा में बैठाए हुए थे और दो अन्य शिक्षक जयपाल




गिरी एवं सुश्री रति इंगले 29. से अनुपस्थित पाए गए और उपस्थित पंजी में भी इनके हस्ताक्षर वाले कालम रिक्त छोड़े गए थे। समस्त लापरवाही करने वाले शिक्षको को नोटिस जारी किए जाने की कार्यवाही की जा रही है।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आज

**जागरण, बैढ़न।** मप्र पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 25 का आयोजन पूरे प्रदेश में एक साथ 1 अगस्त किया जा रहा है। सिंगरौली जिले में क्विज प्रतियोगिता कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न होगी। प्रतियोगिता में एमपी बोर्ड केंद्रीय बोर्ड या अन्य बोर्ड अंतर्गत कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत छात्र–छात्राएं भाग लेंगे। लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले के 153 शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकन्ड्री विद्यालयों के 459 छात्रों के द्वारा अपना ऑन लाईन पंजीयन कराया गया है। उन्होंने बताया कि क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन उमंग भवन एनटीपीसी में प्रात 10 बजे प्रारंभ होगा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रो के लिए प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक का रिपोर्टिंग टाईम दिया गया है। क्वीज प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लिखित परीक्षा और द्वितीय चरण मल्टी मिडिया क्विज आडियो विजुअल राउण्ड का होगा। विद्यालय टीम का चयन प्राचार्य प्रबंधन द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रश्नमाला एवं क्विज के प्रतियोगिता में तीन विजेता तथा उप विजेता टीमो का चयन किया जायेगा। तथा सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विजेता टीम को प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, दो घायल

**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मागढ़ गांव में बीती शाम दो पक्षों के बीच हुए विवाद में जमकर मारपीट की गई। घटना में दो युवक घायल हुए जिसमे एक की हालत गंभीर होने पर उसे संजय गांधी अस्पताल उपचार के लिए लाया गया है। घटना की संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की शाम करीब 6 बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मे ब्रह्मागढ़ निवासी प्रभु कोल व सुरेश यादव के साथ गांव के दिनेश साकेत, कमलेश साकेत और वंश बहादुर साकेत ने अचानक मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर बीच–बचाव करने आए सुरेश यादव पर भी हमला कर दिया गया। इस घटना में प्रभु कोल गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे मऊगंज में प्राथमिक उपचार के बाद एसजीएमएच में लाया गया है, वहीं दूसरे घायल सुरेश यादव का उपचार सिविल अस्पताल मऊगंज में जारी है।

# विंध्यांचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में कर्मचारियों के योगदान को हमेशा रखा जाएगा याद : एजे राजकुमार

## एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा 9 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई




**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी–विंध्याचल परियोजना मे आज अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात 9 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों मे बुधिराम सिंह कुशवाहा वरिष्ठ प्रबन्धक आई टी जगदीश प्रसाद उप प्रबंधक फ्यूल हैंडिलिंग पारस नाथ सहायक प्रबन्धक ईधन प्रबंधन अनिल कुमार कपूर अभियंता / एसएलपीएस प्रचालन दिवाकर सिंह अभियंता / एसएलपीएस प्रचालन सतीश कुमार साहनी अभियंता / एसएलपीएस प्रचालन सुरेश कुमार तिवारी अभियंता / एसएलपीएस प्रचालन अरुण कुमार तिवारी अभियंता / एसएलपीएस मानव संसाधन एवं रामजी शर्मा उप अधिकारीएम जी आर शामिल हैं। एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी.विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी.विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्रीफल शाल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण.पत्र आदि भी प्रदान किया गया । तत्पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारीगण ने भी मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए और एनटीपीसी के साथ बिताए गए समय को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे सदैव इसके आभारी रहेंगे। उन्होंने अपने सहकर्मियों के सहयोग और स्नेह के लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण विभागाध्यक्षगण यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधिगण संबंधित विभागों के कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन पूर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# सरस्वती शिशु मन्दिर विन्ध्यनगर में मनाई गई तुलसी जयन्ती

**जागरण, विंध्यनगर।** आज तुलसी जयन्ती के अवसर पर सरस्वती शिशु मन्दिर विन्ध्यनगर में सुन्दर काण्ड पाठ कर तुलसी जयन्ती मनायी गई। भगवान श्रीराम जानकी के साथ तुलसी दास की पूजन पश्चात् सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया। श्रीराम जानकी की प्रतिमा सजा कर मनमोहक झॉकी बनाई गयी थी। जुलाई के अन्तिम कार्य दिवस होने से सुन्दरकाण्ड के पाठ के पश्चात् आचार्यों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न विषयों पर आचार्य.दीदीयों को प्रशिक्षण देकर कुशल अध्यापन का कौशल सिखलाया गया।

**इनकी रही उपस्थिति :** इस अवसर पर बैकुण्ठ शाह विभाग समन्वयक ऊर्जांचल विभाग मुद्रिका प्रसाद दुबे, प्राचार्य श्रीमती नीलम गुप्ता, प्रधानाचार्य अभिभावक आचार्य परिवार एवं भैया.बहन उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील सिंगरौली जिला सिंगरौली म.प्र.**

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गदसा तहसील सिंगरौली जिला सिंगरौली निवासी आवेदक सुरेश कुमार वर्मा पिता स्व. मानिक राम वर्मा द्वारा ग्राम गदसा तहसील व जिला सिंगरौली की भूमि खसरा नं. कुल किता 11 रकवा जो कि वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड में पानमती वर्मा पिता मानिक राम वर्मा के नाम दर्ज है का वसीयतनामा के आधार पर स्वतः के नाम नामांतरण कराए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो विचाराधीन है एवं प्रकरण में मेरे न्यायालय में दिनांक 07/08/2025 पेशी नियत है।

उपरोक्त वसीयतनामा के आधार पर विचारित प्रकरण में यदि किसी व्यक्ति /संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 07/08/2025 को (या इससे पूर्व) स्वतः व अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

नियत तिथि उपरांत प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर पर पद मुद्रा से
आज दिनांक............. को जारी

**तहसीलदार**
**तहसील सिंगरौली जिला सिंगरौली म.प्र.**

## खेल एक नजर

### 29 अगस्त से चार शहरों में खेली जाएगी प्रो कबड्डी लीग

**मुंबई, जेएनएन।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा। विशाखापट्टनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूर्नामेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्टूबर से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

### 10 खिलाड़ियों के बावजूद मोहन बागान ने मोहम्मडन को हराया

**कोलकाता, जेएनएन।** लिस्टन कोलाको के दो गोल की मदद से 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाली मोहन बागान सुपर जायंट ने गुरुवार को साल्ट लेक स्टेडियम में मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 3-1 से हराकर डूरंड कप में अपने अभियान की शुरुआत की। अपुइया को सीधे रेड कार्ड मिलने के बाद मोहन बागान की टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही थी। लेकिन इसके बावजूद रिकॉर्ड 17 बार के चैंपियन मोहन बागान ने लिस्टन कोलाको (23वें, 90+5वें मिनट) के दो गोल और युवा कश्मीरी स्ट्राइकर सुहैल भट (63वें मिनट) के एक गोल की बदौलत दबदबा बनाकर जीत दर्ज की। मोहम्मडन स्पोर्टिंग का एकमात्र गोल 49वें मिनट में एशले कोली ने किया।

### एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालिफायर के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने गुरुवार को 2026 एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालिफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की जो छह से 10 अगस्त तक म्यांमा के यांगून में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम को ग्रुप-डी में रखा गया है, जिसका सामना छह अगस्त को इंडोनेशिया, आठ अगस्त को तुर्कमेनिस्तान और 10 अगस्त को मेजबान म्यांमा से होगा। ग्रुप विजेता और सभी आठ ग्रुप में से तीन सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम अगले साल अप्रैल में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालिफाई करेंगी। भारत क्वालिफायर के लिए बेंगलुरु स्थित पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में ट्रेनिंग ले रहा था और अपनी तैयारियों के तहत इस महीने की शुरुआत में उज्बेकिस्तान अंडर-20 के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने के लिए ताशकंद गया था। भारत ने पहले मैच में 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे मैच में 4-1 से शानदार जीत हासिल की। खिलाड़ियों ने लौटने के बाद बेंगलुरु में अपना शिविर जारी रखा। टीम बृहस्पतिवार रात म्यांमा के लिए रवाना होगी।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वैभव भारत की अंडर-19 टीम में, आयुष कप्तान

**मुंबई, जेएनएन।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सितंबर में होने वाली अंडर-19 सीरीज के लिए कप्तान आयुष म्हात्रे, उप कप्तान विहान मल्होत्रा और करिश्माई सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा है। ये खिलाड़ी इंग्लैंड के सफल दौरे से लौटे हैं। जहां भारत अंडर-19 टीम ने 5 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली थी। 14 साल के सूर्यवंशी ने वनडे में 355 रन बनाए थे, जिसमें एक शतक शामिल था। ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 टीम के खिलाफ भारत तीन वनडे और चार दिवसीय दो मैच खेलेगा, जिसकी शुरुआत 21 सितंबर को पहले सीमित ओवरों के मैच से होगी। सीरीज का दूसरा व तीसरा वनडे क्रमशः 24 और 26 सितंबर को खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों टीमें 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में टकराएंगी।

**टीम :** आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा (उप कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, डी दीपेश, किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह, खिलन पटेल, उधव मोहन, अमन चौहान, **स्टैंडबाय :** युधजीत गुहा, लक्ष्मण, बीके किशोर, अलंकृत रापोल, और अर्नव बुग्गा।

# हम्पी की आखिरी गलती ने जीत दिलाई मेरा ध्यान सिर्फ प्रदर्शन पर था : दिव्या

## वर्ल्ड चैंपियन बनकर स्वदेश लौटीं दिव्या, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की की

**नागपुर, जेएनएन।** ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा कि हमवतन कोनेरू हम्पी के खिलाफ फिडे महिला विश्व कप फाइनल खेलते समय उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था, क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था। दिव्या बुधवार को जॉर्जिया के बातुमी से यहां पहुंचीं और एक विश्व चैंपियन के तौर पर उनका भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर लोगों द्वारा दिखाए गए स्नेह से यह युवा खिलाड़ी अभिभूत थी। 19 साल की दिव्या ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन 38 वर्षीय हम्पी को दो क्लासिकल दौर के ड्रॉ रहने के बाद समय-नियंत्रित टाई-ब्रेक में हराया। यह दिव्या के करियर की सबसे बड़ी सफलता रही। दिव्या से जब पूछा गया कि क्या वह फाइनल में दबाव में थीं तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगा कि मैं मुश्किल में थी। मुझे लगता है कि उन्होंने (हम्पी) जो आखिरी गलती की, उसी ने मुझे जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी। मैं किसी और चीज के बारे में नहीं सोच रही थी। दिव्या ने इस प्रतियोगिता में एक छुपीरूस्तम के तौर पर प्रवेश किया था और उनका लक्ष्य ग्रैंडमास्टर नॉर्म जीतने का था और आखिरकार वह ग्रैंडमास्टर बन गईं। दिव्या ने सिर्फ ग्रैंडमास्टर नॉर्म ही नहीं हासिल किया, बल्कि टूर्नामेंट भी जीत लिया और अगले साल के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की की। साथ ही 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी हासिल की।




### अब भारत में महिला शतरंज लोकप्रिय होगा

दिव्या को उम्मीद है कि उनकी सफलता के बाद भारत में महिला शतरंज काफी लोकप्रिय होगा। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि इस सफलता के बाद महिलाएं विशेषकर युवा खिलाड़ी इस खेल को बड़े पैमाने पर अपनाएंगी और सपना देखना शुरू करेंगी कि कुछ भी असंभव नहीं है। दिव्या ने कहा, मेरे पास युवा पीढ़ी के लिए नहीं बल्कि उनके माता-पिता के लिए संदेश है कि उन्हें अपने बच्चों का पूरे दिल से समर्थन करना चाहिए क्योंकि उन्हें सफलता के समय उतनी नहीं, अपनी असफलताओं के दौरान उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। बुधवार रात हवाई अड्डे पर पहुंचने पर दिव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता ने मेरे करियर में सबसे अहम भूमिका निभाई है। उनके बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती। इस जीत का श्रेय मेरे परिवार, मेरे माता-पिता, मेरी बहन और मेरे पहले कोच राहुल जोशी सर को जाता है क्योंकि वह हमेशा चाहते थे कि मैं ग्रैंडमास्टर बनूं और यह उनके लिए है। जोशी का 2020 में सिर्फ 40 साल की उम्र में निधन हो गया था।

## तरुण और लक्ष्य सेन मकाऊ ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**मकाऊ, जेएनएन।** भारत के तरुण मन्नेपल्ली शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू को हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जबकि लक्ष्य सेन ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। तरुण ने दुनिया के 15वीं रैंकिंग वाले ली को 19-21, 21-14, 22-40 से हराया। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे। अब उनका सामना चीन के हू झे अन से होगा। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्डोयो को 21-14, 14-21, 21-17 से मात दी। वहीं आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21-18, 21-16 से हरा दिया। महिला एकल में रक्षिता रामराज को थाईलैंड की बुसानन आंगबामरूंगफान ने 14-21, 21-10, 21-10 से मात दी। मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया के जिम्मी वोंग और लेइ पेइ जिंग ने 19-21, 21-13, 21-18 से हराया। पुरुष युगल में पृथ्वी रॉय और के साइ प्रतीक को मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप ने 21-18, 21-18 से मात दी।

## न्यूजीलैंड ने पहली पारी में बढ़त हासिल की, जिम्बाब्वे के दो विकेट पर 31 रन

**बुलावायो (जिम्बाब्वे), जेएनएन।** डेवोन कॉनवे और डेरिल मिचेल गुरुवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शतक से चूक गए, लेकिन न्यूजीलैंड ने शिकंजा कसे रखा। कॉनवे ने 88 रन बनाए और मिचेल 80 रन पर आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे, जिससे न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 307 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने इसके बाद बेन कुरेन (11) और ब्रायन बेनेट (18) को आउट करके स्टंप तक जिम्बाब्वे का स्कोर दो विकेट पर 31 रन कर दिया। जिम्बाब्वे अब भी 127 रन से पीछे है। जिम्बाब्वे पहली पारी में 149 रन पर सिमट गया था। तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी जिम्बाब्वे के सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे जिन्होंने 73 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि तनाका चिवांगा ने 51 रन देकर दो विकेट चटकाए। बाद में मिचेल ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर अच्छी बल्लेबाजी की और न्यूज़ीलैंड को बढ़त दिला दी। नौवें नंबर के बल्लेबाज नाथन स्मिथ पेट में चोट के कारण 22 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। इससे पहले मुजारबानी ने पहली ही गेंद पर विल यंग (41) को आउट कर दिया। इसके बाद हेनरी निकोल्स (34) और कॉनवे ने 66 रनों की साझेदारी की। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे निकोल्स ने 27 रन पूरे करते ही 3,000 टेस्ट रन पूरे कर लिए, लेकिन मुजारबानी की गेंद पर विकेट गंवा बैठे।

# विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक की लगातार 24वीं जीत, तीसरे दौर में पहुंची

### नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट

**मॉन्ट्रियल, जेएनएन।** विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन की गुओ हान्यू को 6-3, 6-1 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। विंबलडन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराने के बाद पहली बार कोई मैच खेल रही स्वियातेक ने जल्द ही 4-0 की बढ़त बना ली और फिर अपने विजय अभियान को 24 मैच तक पहुंचा दिया। पोलैंड की विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक का अगला मुकाबला जर्मनी की ईवा लिस से होगा, जिन्होंने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-3, 6-4 से हराया। अमेरिका की दो बार की गत विजेता जेसिका पेगुला ने भी यूनान की मारिया सक्कारी को 7-5, 6-4 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त अनिसिमोवा ने न्यूजीलैंड की लुलु सुन को 6-4, 7-6 (5) से हराया। अमेरिका की ही छठी वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज ने जर्मनी की लॉरा सीगेमंड को 6-2, 6-1 से और जापान की नाओमी ओसाका ने रूस की लियुडमिला सैमसोनोवा को 4-6, 7-6 (6), 6-3 से हराया।



### कनाडा के डायलो तीसरे दौर में, फ्रिट्ज से मुकाबला

टोरंटो, जेएनएन। कनाडा के लंबे कद के खिलाड़ी गैब्रियल डायलो ने इटली के माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6 (5) से हराकर नेशनल बैंक ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल के रहने वाले छह फुट आठ इंच लंबे दाएं हाथ के खिलाड़ी डायलों ने बारिश से प्रभावित मैच में एक घंटे 46 मिनट में जीत दर्ज की। डायलो ने पिछले महीने नीदरलैंड में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था। अब उनका सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बाएना को 7-5, 7-6 (1) से हराया। दूसरे दौर के अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के क्वालिफायर एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से और रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराया।

## भारत बनाम इंग्लैंड के रोमांच से एशेज में भी बनेगा दर्शकों का नया रिकॉर्ड

**मेलबर्न, जेएनएन।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज में रोमांचक मुकाबलों का आगामी एशेज सीरीज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें इसमें रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है।



ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज नवंबर में शुरू होगी। ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि एशेज में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) 2024-25 के दौरान 837,879 कुल दर्शकों की संख्या को पार कर जाएगी। ग्रीनबर्ग ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, यह शानदार है। एक प्रशंसक के तौर पर यह क्रिकेट (एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही सीरीज) देखने लायक है। इसका एशेज पर भी प्रभाव पड़ेगा और हमारे खूब टिकट बिकेंगे। ऑस्ट्रेलियाई इतिहास में एशेज के अलावा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज को सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। एशेज का रिकॉर्ड 946,750 दर्शकों का है, जो 1936-37 एशेज के दौरान बना था, जब सर डोनाल्ड ब्रैडमैन अपने चरम पर थे। ग्रीनबर्ग ने कहा, मुझे यकीन है कि हमारे अंग्रेज दोस्त एशेज देखने के लिए आएंगे। हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मुझे उनका क्रिकेट खेलने का तरीका बहुत पसंद है और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि वे हमारे मैदानों पर कैसा प्रदर्शन करते हैं।

## आज से जूनियर महिला नेशनल हॉकी चैंपियनशिप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शुक्रवार से शुरू होने जा रही है, जिसमें 30 टीम भाग लेंगी। इस बार यह प्रतियोगिता डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें टीमों को तीन डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है। प्रतियोगिता 12 अगस्त तक चलेगी। ए और बी डिवीजन में सबसे नीचे रहने वाली दो टीमों को अगले वर्ष के टूर्नामेंट में क्रमशः बी और सी में रेलीगेट कर दिया जाएगा, जबकि बी और सी डिवीजन की शीर्ष दो टीमों को क्रमशः ए और बी डिवीजन में जगह मिलेगी। डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं। इसके पूल-ए में गत वर्ष की चैंपियन हॉकी झारखंड, पूल-बी में पिछले वर्ष की उपविजेता हॉकी मध्य प्रदेश और पूल-सी में तीसरे नंबर की टीम हॉकी हरियाणा शामिल है। डिवीजन बी और डिवीजन सी में वे टीमें शामिल हैं, जो राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष 12 में नहीं हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि सीनियर राष्ट्रीय और सब जूनियर राष्ट्रीय के बाद अब जूनियर राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी नया प्रारूप लागू किया जाएगा। सीनियर और सब जूनियर दोनों टूर्नामेंट से हमें वाकई सकारात्मक परिणाम मिले हैं और हमें पूरा विश्वास है कि जूनियर घरेलू खिलाड़ी भी इस नए प्रारूप में खेलकर उतने ही खुश होंगे।



**डिवीजन-ए**

पूल एः झारखंड, छत्तीसगढ़, कर्नाटक
पूल बीः मध्य प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़।
पूल सीः हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बंगाल।
पूल डीः ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश।



## मेसी के आखिरी पल में किए करिश्मे से जीता इंटर मियामी

**लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट में एटलस को 2-1 से हराया**

**मियामी, जेएनएन।** लियोनेल मेसी के मैच के अंतिम पलों में दिखाए गए करिश्मे की मदद से इंटर मियामी ने लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हरा दिया। मेजर लीग सॉकर द्वारा ऑल-स्टार भाग नहीं देने के कारण एक मैच के लिए निलंबित किए जाने के बाद मेसी और उनके साथी जोर्डी अल्बा का यह पहला मैच था। उन्होंने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में मार्सेलो वीगन्ड्ट की विजयी गोल करने में मदद की। वीडियो समीक्षा प्रणाली के बाद ही यह गोल मान्य माना गया। मेसी ने इससे पहले 58वें मिनट में टेलास्को सेगोविया के गोल में भी मदद की थी। रिवाल्डो लोजानो ने 80वें मिनट में एटलस की तरफ से बराबरी का गोल किया। इस मैच में अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल ने इंटर मियामी के लिए पदार्पण किया। मेसी के राष्ट्रीय टीम के साथी डी पॉल ने पिछले हफ्ते क्लब के साथ आधिकारिक तौर पर करार किया था।

## सिटी स्पोर्ट्स

# आस्था को गोल्ड, तुलसी व सृद्धि-पार्थ की चांदी

## वॉयएआई पांचवीं सिकंदराबाद क्लब टिस्कॉन यूथ ओपन रेगाटा 2025

### मप्र अकादमी के सेलिंग खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश सेलिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने वॉयएआई पांचवीं सिकंदराबाद क्लब टिस्कॉन यूथ ओपन रेगाटा 2025 में स्वर्ण सहित पांच पदक अपनी झोली में डाले। इसमें दो रजत और दो कांस्य पदक शामिल थे। मप्र की आस्था ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। यह प्रतियोगिता 25 से 30 जुलाई तक हुसैन सागर झील हैदाराबाद में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मप्र राज्य खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने हुसैन सागर झील में अपने धैर्य, साहस और खेल कौशल के साथ तेज हवाओं के साथ कड़ी स्पर्धाओं को चुनौती देते दी। हैदराबाद स्थित हुसैन सागर झील में अधिक तीव्रता के साथ चल रही हवाओं के मध्य आयोजित सेलिंग कि इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न स्थानों से आये प्रतिभावान खिलाड़ियों के बीच कड़ी स्पर्धा देखने को मिली। इसमें शानदार प्रदर्शन के आधार पर वॉयएआई रैंकिंग एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया

### पदक विजेता खिलाड़ी

आस्था पाण्डेय ने बालिका वर्ग आईएलसीए 4 में स्वर्ण और तुलसी ने रजत पदक जीता। समृद्धि बाथम और पार्थ सिंह चौहान 420 इंटरनेशनल क्लास में रजत जीता। एकलव्य बाथम और वंशिका सिकरवार 420 इंटरनेशनल क्लास में कांस्य और अंकित सिंह सिसोदिया ने आईएलसीए 4 में कांस्य पदक अर्जित किया।

### यह इवेंट हुए

इस प्रतियोगिता में तीन इवेंट (व्यक्तिग, डबल, एवं मिक्स) में हुए, जिसमें 100 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। आईएलसीए-4 में 25 खिलाड़ी (19 बालक एवं 6 बालिका), 420 क्लास में 6 टीमें (12 खिलाड़ी), 29ईआर में चार टीमें (आठ बालक) और आप्टिमिस्ट मेन फ्लीट में 32 खिलाड़ी (24 बालक एवं 8 बालिका) ने भाग लिया।





## द सिक्का 78, सांदीपनी और कॉर्मल कॉन्वेंट स्कूल बने खो खो चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** द सिक्का स्कूल, सांदीपनी स्कूल और कॉर्मल कान्वेंट स्कूल ने सीबीएसई क्लस्टर 12 खो खो गर्ल्स प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग में खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के फाइनल में अंडर-14 वर्ग में द सिक्का 78 ने द सिक्का नंबर तीन स्कूल इंदौर को हराया। अंडर-17 में सांदीपनी स्कूल ने च्योति हायर सेकंडरी स्कूल रीवा को शिकस्त देकर खिताब जीता। अंडर-19 में कर्मल कान्वेंट स्कूल ने किड्स कॉलेज स्कूल इंदौर को परास्त किया। विदुषी पटेरिया और रिया पाटीदार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। प्रतियोगिता की तीनों विजेता टीमें सितंबर में अयोध्या में होने वाले नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी।



## मप्र के मुक्केबाज भव्य चीन में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्केबाजी अकादमी के खिलाड़ी भव्य प्रताप चौधरी बेल्ट एंड रोड बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह टूर्नामेंट चीन के जिनजियांग में 15 से 30 अगस्त तक खेला जाएगा। चीन में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भव्य 75 किग्रा भारवर्ग में प्रतिभागिता करेंगे। यह खिलाड़ी टूर्नामेंट से पूर्व एक से 15 अगस्त तक हरियाणा के रोहतक स्थित राष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। 15 दिवसीय बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर उपरांत वे चीन रवाना होंगे। खेल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक रोशन लाल के मार्गदर्शन में भव्य प्रशिक्षणरत् है।



## मप्र सीनियर फीडेरेटेड चेस चैंपियनशिप आज से शुरू, 350 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**भोपाल, खेप्र।** शहर के कोलार रोड स्थित प्राइड होटल में एक अगस्त से मध्य प्रदेश राज्य सीनियर फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप-2025 शुरू होने जा रही है। प्रतियोगिता में प्रदेश के 40 जिलों से 360 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को सुबह 9 बजे खेल मंत्री विश्वास सारंग करेंगे। 3 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता राज्य में शतरंज को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें 1,00,000 की कुल पुरस्कार राशि और फीडे रेटिंग का आकर्षण बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को आकर्षित कर रहा है। इस चैंपियनशिप में 8 राउंड खेले जाएंगे, और समय नियंत्रण 60 मिनट + 30 सेकंड प्रति चाल निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता से चयनित शीर्ष 4 खिलाड़ी 62वीं सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो 21 सितंबर से 1 अक्टूबर तक होगी। टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी एवं निर्णायक कपिल सक्सेना और अनुराग सिंह के तकनीकी निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है।

### जेईई, नीट और क्लेट की निःशुल्क कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा 2 अगस्त को

**सतना।** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग सतना ने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित आकांक्षा योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षा जेईई, नीट और क्लेट की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रवेश परीक्षा शनिवार 2 अगस्त 2025 को दोपहर 12.30 से दोपहर 2.30 बजे तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर सोहवल संचालित स्थल भल्ला डेयरी फर्म के पीछे बदखर में आयोजित की जा रही है।

# पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर कर दी हत्या

## आरोपी गिरफ्तार, मझगवां थाना क्षेत्र में बीती रात हुई घटना

जागरण सतना

पति ने पत्नी की हत्या कुल्हाड़ी मारकर कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में सनाका खिच गया। यह घटना मझगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कठौता गांव की बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज िदया गया है।



### ये है घटना

बताया जाता है कि आरोपी भालचन्द्र गोड़ पिता रामविश्वास गोड़ ने अपनी 35 वर्षीय पत्नी पुष्पा गोड़ को कुल्हाड़ी मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया मगर उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था जिसको लेकर हुये विवाद के बाद पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया । घटना बुधवार की देर रात की बताई जा रही है। इस दर्दनाक घटना का खुलासा दंपति की 11 वर्षीय बेटी मानसी सिंह ने किया। कक्षा 6 की छात्रा ने बताया कि वारदात के समय वह घर में मौजूद थी। उसके पिता ने पहले मां से के समय मौजूद उसके पिता ने मां से बहस की फिर कुल्हाड़ी से तीन बार वार कर दिया।

*पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी भालचन्द्र ने पत्नी की गर्दन में कुल्हाड़ी से तीन वार किये जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।*

**आदित्य धुर्वे टीआई मझगवां**

# वन अधिकार के जारी किये गये 11 पट्टे शून्य घोषित

## कलेक्टर ने बैठक लेकर दिये निर्देश

**जागरण सतना।** वन अधिकार के अंतर्गत गलत तरीके से अपात्रो को जारी किये गये 11 पट्टो को कलेक्टर ने शून्य घोषित करने के निर्देश दिये है। बताया जाता है कि जारी किये गये इन पट्टो में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मनमानी की गई थी जिसके चलते इन पट्टो को शून्य घोषित किया गया है। हालांकि अब ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध भी कार्यवाही होनी चाहिए जिनके द्वारा अपात्र लोगो को पट्टे जारी किये गये है।



### इन लोगो के सामने आये नाम

सूत्र बताते है कि जिन लोगो को गलत तरीके से वन अधिकार के पट्टे जारी किये गये थे उनमें से स्वामी दीन , राजललन , शारदा, शंकर गुप्ता, संतोष कुमार, हरीराम , सुधारानी , कामता प्रसाद, शिवकुमार, रामशरण, और दीपक का नाम शामिल है। बैठक के दौरान कलेक्टर जिला सतना सतीश कुमार एसए सी ई ओ जिला पंचायत जिला सतना सुश्री संजना जैन वन मंडल अधिकारी जिला सतना मयंक चांदीवाल अपर कलेक्टर जिला सतना सुधीर बैक जिला संयोजक डॉक्टर अरुण कुमार शुक्ला सदस्य जिला पंचायत देवदत्त सोनी श्रीमती मंजूलता सिंह, एवं श्रीमती लक्ष्मी देवी मवाशी उपस्थित रही उक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जारी किए 11 हक प्रमाण पत्र जांच एवं दस्तावेज के आधार पर शून्य घोषित किया जाना उचित होगा ।

### सतना विधायक ने लगाया था विधानसभा सवाल

सूत्र बताते है कि इन 11 अपात्र लोगो को गलत तरीके से पट्टा जारी करने को लेकर सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने विधानसभा सवाल लगाया था जिसके बाद इस तरह की कार्यवाही सामने आई है।



11 लोगो को वन अधिकार अधिनियम के तहत जारी किये गये पट्टो को शून्य घोषित किया गया है। ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए जिन्होने इस तरह से पट्टे जारी किये है। जिन लोगो को पट्टा मिला है और अभी कब्जा नही मिला ऐसे पात्र लोगो को कब्जा दिलाया जाना चाहिए।

**देवदत्त सोनी सदस्य जिला पंचायत सतना**

# सहायक ग्रेड-2 गणेश कुशवाहा को सेवा निवृत्ति पर विदाई

**सतना।** कार्यालय उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण सतना के सहायक ग्रेड-2 गणेश प्रसाद कुशवाहा गुरूवार को 36 वर्ष 8 माह की सेवा पूर्ण करने के बाद सेवा निवृत्त हुए। सेवा निवृत्ति के अवसर पर प्रभारी उप संचालक सामाजिक न्याय राजीव सिंह, सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी सहित कार्यालय परिवार ने गणेश प्रसाद कुशवाहा को सेवानिवृत्ति पर सुदीर्घ जीवन के लिए शुभकामनायें देते हुए भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर समग्र अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी, उमाशंकर गौतम, सत्यदेव नापित, मोतीलाल साकेत, अंकुर श्रीवास्तव, एलपी करोसिया, समयलाल पाण्डेय, गोमती प्रसाद अहिरवार, संतलाल कुशवाहा, प्रकाश सिंह, प्रशांत प्रजापति सहित उप संचालक सामाजिक न्याय कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 20वीं किश्त राशि का वितरण 2 अगस्त को

**सतना ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में उत्तरप्रदेश के वाराणसी में 2 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 20वीं किस्त वितरण दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत किसानों को वर्ष में 6 हजार रूपये की राशि 3 समान किस्तों में प्रदान की जाती है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास को निर्देशित किया है कि जिले में इस अवसर पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम में सांसद, विधायक सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला, ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जायेगा।

# बताओ कितनी रायल्टी वसूल कर शासन के खाते में जमा हुई

## वनअधिकार समिति की बैठक 5 को



**जागरण सतना।** जिला पंचायत की वन स्थाई समिति की बैठक 5 अगस्त को आयोजित होगी जिसके लिए एजेंडा जारी किया गया है। जारी एजेंडें में वन स्थाई समिति के सभापति हरीशकान्त त्रिपाठी ने पूछा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 25-26 के अंतर्गत कितनी लीज स्वीकृत की गई है। उन्होने पूछा है कि अवैध उत्खन्न मे कितनी रायल्टी वसूल कर शासन के खाते में जमा की गई है।

### सतना, मैहर व मुकुंदपुर जू में हुए निर्माण की जानकारी तलब

5 अगस्त को आयोजित होने वाली वन स्थाई समिति की बैठक में सभापति हरीशकान्त त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों से पूछा है कि सतना और मैहर वन मण्डल के अंतर्गत मुकुंदपुर जू सेंटर में 2024-25 एवं 25-26 में कितने कार्य कराये गये और उन पर कितनी राशि व्यय की गई है। सभापति ने पूछा है कि सतना और मैहर जिले में इन दो सत्रो में कितना वृक्षारोपण कराया गया उन्होने मदवार और रेंजवार जानकारी तलब की है। इसके साथ ही वन विभाग के अंतर्गत पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्पर्क सूत्र भी मांगे गये है सभापति ने पूछा है कि वर्ष 2010 से अब तक सतना व मैहर जिले में कुल कितने पट्टे वितरित किये गये। उद्यानिकी विभाग की जानकारी भी तलब की गई है। उक्त बैठक का आयोजन 5 अगस्त को 12 बजे दिन से किया जायेगा।

# हिट एण्ड रन के सभी लंबित प्रकरण एक सप्ताह में निराकृत करो

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने अज्ञात वाहनों से हुई दुर्घटना में हत-आहतों के राहत राशि संबंधी हिट एण्ड रन के सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एसडीएम, ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ की बैठक में कलेक्टर ने हिट एण्ड रन के प्रकरण, राहवीर योजना और कैशलेस ट्रीटमेंट योजना की समीक्षा की। इस मौके पर एसडीएम राहुल सिलाडिया, जीतेन्द्र वर्मा, एपी द्विवेदी, आरएन खरे, एलआर जांगडे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला, डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, ट्रैफिक सूबेदार पंकज शुक्ला, ओरिएंटल इंशोरेन्स बीमा कंपनी के सीबीएम संजय कुमार, यूनाईटेड इंशोरेंस के आरके कछवाहा और नेशनल इंशोरेंस बीमा कंपनी के कार्तिकेय पाण्डेय भी उपस्थित थे।



अज्ञात वाहनों से हुई वाहन दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 2 लाख रूपये और गंभीर घायलों को 50 हजार रूपये की राहत सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार ने सभी तहसीलों में थाना प्रभारियों द्वारा प्रेषित किए गए लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। हिट एण्ड रन के प्रकरणों में विभिन्न तहसीलों में 58 प्रकरण थाने से भेजे गए हैं। गूगल शीट में 61 प्रकरण दर्ज है। जिनमें 5 प्रकरण स्वीकृत, 5 निरस्त और 26 प्रक्रियारत हैं। लंबित प्रकरणों में 5 प्रकरणों में दावाकर्ता के आधारकार्ड और बैंक खाते की डिटेल नहीं होने से लंबित है। दस्तावेज की कमी वाले प्रकरण डीएसपी ट्रैफिक को भेज कर आवश्यक दस्तावेज की पूर्ति कराने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने बैठक के दौरान तहसील रघुराजनगर के लंबित 31 प्रकरणों की समीक्षा कर 4 मृतको के प्रकरण, 2 घायलों के प्रकरण को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने 5 प्रकरणों में दस्तावेजों की पूर्ति कराने के साथ सभी एसडीएम को कहा कि अगले गुरुवार को होने वाली बैठक में सभी लंबित प्रकरणों को पूरी तैयारी के साथ प्रस्तुत करें।

# निरीक्षण के दौरान लैब संचालित नही मिले तो प्राचार्यो पर होगी कार्यवाही

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के सभी हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विज्ञान विषय की प्रयोग शालाओं का संचालन सुव्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान के छात्र-छात्राओं को प्रयोगिक ज्ञान और अनुभव अत्यंत आवश्यक होता है। विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान लैब का संचालन नहीं पाये जाने पर प्राचार्य के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी सहित सभी बीआरसी, बीईओ, बीएसी तथा जिला शिक्षा केन्द्र के उपयंत्री उपस्थित थे।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि बीईओ और बीआरसी स्कूलों के साथ-साथ छात्रावासों का भी निरीक्षण करें। स्कूल निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं के पास पाठ्य-पुस्तकों की उपलब्धता तथा अभ्यास पुस्तिका में किये गये कार्य अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के परीक्षा परिणामों में जिले के उच्च और निम्न प्रतिशत परिणाम वाले 5-5 स्कूलों को चिन्हाकित कर परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करें। अच्छे परिणाम लाने वाले स्कूलों में और बेहतर परिणाम के लिए तथा न्यूनतम उत्तीर्ण प्रतिशत वाले विद्यालयों में रिजल्ट सुधार के प्रयास किये जाये। कलेक्टर ने जिले के 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों में न्यूनतम परिणामों के कारणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक ब्लाक के 5-5 स्कूलों का वे स्वतः भ्रमण के दौरान निरीक्षण करेंगे।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर

डॉ. सिद्धार्थ तिवारी

MBBS, MD (Dermatology & STD)

परामर्श शुल्क मात्र 300/-

मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)

चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ

परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।

कामता मेडिकल

ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)

9399312433 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ

समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश

डॉ. कोम्पल अग्रवाल

MBBS, MD (Dermatology & STD)

चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध

परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।

विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा

मो.-7247097637

परामर्श शुल्क 300/-

सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

कैंसर OPD

नागपुर के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर रीवा में

2 अगस्त 2025, शनिवार

समयः सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक

प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में

डॉ. भास्कर सिंह

MBBS, MS, FMAS, DNB कैंसर विशेषज्ञ (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)

अगर आप निम्नलिखित किसी भी बिमारी से पीडित है, तो हमारे डॉक्टर से मिले

● लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। ● लगातार कष्टदायक खाँसी या आवाज मे असामान्य बदलाव होना। ● खाना निगलने में तकलीफ होना या लगातार बदहजमी कि शिकायत। ● शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्त्राव होना। ● शरीर के किसी भी अंग मे हुआ घाव लंबे समय बाद भी ना भरता हो। ● शौच या पेशाब की आदतों मे विशेष बदलाव होना। ● शरीर के किसी अंग में या स्तनों पर सूजन, गॉठ या कड़ापन महसूस होना। ● शरीर के किसी भी अंग पर तिल या मस्से मे विशेष बदलाव दिखना।

पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन

कामता मेडिकल

ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)

मो.: 9399312433, 9981287311

SARDAR PATEL EDUCATION GROUP REWA • MP • INDIA

ADMISSIONS OPEN 2025-26

SARDAR PATEL UNIVERSITY Balaghat • MP

CSU COLLEGE OF

PHARMACY D. PHARMACY B. PHARMACY

ENGINEERING POLYTECHNIC | B.TECH.

ME | CE | CSE | EEE | MINING Cement Technology Engg. Mining & Mine Surveying Engg. (Mms)

BBA/ MBA BCA /MCA B.A. LL.B. B.COM. LL.B. BBA LLB. LL.B / LL.M.

छात्रवृत्ति सुविधा पात्र विद्यार्थियों को शासन के योजनानुसार

कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा

+91 70493 99901, 70493 99902

सिटी ऑफिस ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा

AGRI KING TRACTORS & EQUIPMENTS PVT. LTD.

JAY SITA RAM ENTERPRISES

16 FWD + 4 REV

APPROVED PATENT APPROVED

भारत सरकार द्वारा AGRIKING के मल्टीस्पीड गियर बॉक्स को पेटेंट * से सम्मानित किया गया। डीजल और समय की बचत ।

भारतीय किसानों की 72 साल का भरोसा किर्लोस्कर के साथ

एग्री किंग ट्रैक्टर किर्लोस्कर इंजन

हमारा संकल्प, किसान भाइयों को बचत ही बचत

एच डी एफ सी बैंक हम समझें आपकी दुनिया

Pro.-Janki Nandan Duby Mob.: 9200396661

डीलरशिप के लिए संपर्क करें: 78289 58638

Kirloskar Engine

Ashok Singh Baghel (M.P. Head)

जय सीताराम इन्टरप्राइजेज, गुलाब टॉवर, डैनिहा सीधी

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)

(निः संतान दंपत्तियों के लिए)

कम खर्च बेहतर इलाज

सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा

उपलब्ध सुविधाएँ

* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग

डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा

स्त्री एवं प्रसूति रोग

निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ

MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)

फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध

टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830

खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर

पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा

24/7 Our Services

Dialysis (डायलिसिस)

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें

9174566996 7771009417

नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस

Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन

अन्य सुविधाएं:

* 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल
* 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
* वेंटिलेटर एवं Bipap
* 24x7 मेडिकल स्टोर

टी.डी. एजुकेशन कालेज

सिरमौर रोड, लक्ष्मणपुर (लौवा) जिला-रीवा (म.प्र.)

(म.प्र. शासन द्वारा अतिरिक्त चरण की काउंसिलिंग से प्रवेश हेतु)

अंतिम अवसर

पंजीयन की तिथि दिनांक 31/07/2025 से 04/08/2025 तक

| पाठ्यक्रम | कालेज कोड |
|---|---|
| बी.एस.सी.बी.एड. | (कालेज कोड- 075) |
| एम.एड. | (कालेज कोड- 077) |
| बी.एड. | (कालेज कोड- 2106) |

संपर्क हेतु मो.: 8349493179, 9425830033, 9285457277



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना -** 9993315949 **सीधी-**7089620900 **सिंगरौली-**9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com